www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, मंगलवार, 27 मई, 2025 | वर्ष-18 | अंक -51 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए




कृषि विकास से ही आएगी समृद्धि : धनखड़ 02
■ भाजपा की निष्क्रियता के कारण बन रहीं जल भराव... ■ राजधानी की सड़कों पर जल्द नजर नहीं ... 03
■ अपने देश का भला नहीं कर रहे राष्ट्रपति पुतिन व... ■ इजरायल ने गाजा में नए संघर्ष विराम के प्रस्ताव... 07
पूरी दुनिया को अपनी ताकत का अहसास... 09

ऑपरेशन सिंदूर पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# हमने छुपाकर नहीं, बताकर मारा

## 'मैंने वही किया, जिसके लिए देश ने मुझे प्रधान सेवक बनाया'

**दाहोद,** 26 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के दाहोद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सिंदूर मिटाने वालों का मिटना तय है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने छिपाकर नहीं, बताकर मारा। यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि ये हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

सिंदूर मिटाने वालों का मिटना तय

मैंने तीनों सेनाओं को पूरी छूट दी

पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा, ये क्षेत्र मां भारती की, मानवता की रक्षा के लिए हमारे तप और त्याग को दर्शाता है। सोचिए, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कुछ किया, क्या भारत चुप बैठ सकता है? क्या मोदी चुप बैठ सकता है? आतंकवाद को पनाह देने वालों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना इतना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। इसलिए 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। ये हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है।



आतंकवाद को पनाह देने वालों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना इतना मुश्किल होगा: नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गुयाना के प्रधानमंत्री ने भारत को दिया समर्थन

**जॉर्जटाउन।** गुयाना के प्रधानमंत्री मार्क एंथनी फिलिप्स ने बर्बिस में शशि थरूर के नेतृत्व वाले भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान सीमा पार आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के उपायों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि फिलिप्स ने रविवार शाम (स्थानीय समयानुसार) को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के प्रति भारत की शून्य सहनशीलता की नीति के बारे में सांसदों से जानकारी प्राप्त की।

### भारतीय सेना ने बुकलेट जारी की

**तीनों सेना प्रमुख मॉनिटरिंग कर रहे थे**



भारतीय सेना ने सोमवार को एक बुकलेट जारी की है। इसमें बताया गया कि 6-7 मई को लॉन्च किए ऑपरेशन सिंदूर की तीनों सेना प्रमुख मॉनिटरिंग कर रहे थे। बुकलेट में दिखाया गया है कि कैसे वॉर रूम से पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही थी। इसमें आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और एयरफोर्स चीफ एयरचीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद थे।

**140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी**

'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैंने तीनों सेनाओं को पूरी छूट दी और हमारे बहादुर सैनिकों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने दशकों में नहीं देखा था। हमने सीमा पार चल रहे नौ सबसे बड़े आतंकी शिविरों की पहचान की और उनके ठिकानों की पुष्टि की। 22 अप्रैल को उन्होंने जो खेल खेला, उसके जवाब में हमने 6 मई की रात को सिर्फ 22 मिनट में उन्हें धूल चटा दी। आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। इसलिए मैंने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी है। हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटा दी ।

## बदमाश को पकड़ने गई पुलिस पर हमला, सिपाही की मौत



- गौतमबुद्धनगर पुलिस टीम पर की फायरिंग और पथराव
- मुख्य आरोपी समेत तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 26 मई (देशबन्धु)। मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव में रविवार की आधी रात को एक फरार बदमाश को पकड़ने गई गौतम बुधनगर जिले के थाना फेस-2 की पुलिस टीम पर बदमाशों व ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमले में बदमाशों की ओर से चली गोली गौतम बुद्ध नगर में तैनात सिपाही सौरभ की मौत हो गई। इस घटना के बाद दोनों जिलों के पुलिस महकमे में हड़कंप मच हुआ है। गांव में पुलिस भारी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई है। पुलिस ने कुछ घंटों के भीतर ही मुख्य आरोपी कादिर को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोपहर को दो अन्य आरोपी नन्हू व अब्दुल सलाम को दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दोनों ही बदमाश पुलिस को गोली से घायल हो गए हैं। इस सम्बंध में दरोगा सचिन की ओर से मसूरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बाद में गाजियाबाद पुलिस ने मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर बदमाश कादिर उर्फ उर्फ मेंटर को गिरफ्तार कर लिया। गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। दरअसल मसूरी थाना क्षेत्र के गांव नाहल निवासी कादिर उर्फ मेंटर गौतम बुध नगर के किसी आपराधिक मामले में वांछित चल रहा था। गौतमबुद्धनगर पुलिस की टीम कादिर को पकड़ने के लिए नाहल गांव में गई थी।

## सार संक्षेप

### शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन से की मुलाकात



**इस्तांबुल।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से यहां मुलाकात की तथा इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने का संकल्प लिया। दोनों नेताओं के बीच रविवार को यहां हुई बैठक के बाद तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में श्री एर्दोगन ने कहा, वह दोनों देशों के बीच हर क्षेत्र में, विशेष रूप से ईंधन, परिवहन और रक्षा में सहयोग बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

### एनआईए ने सीआरपीएफ जवान को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में दिल्ली से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान को गिरफ्तार किया है। बल के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, जवान मोती राम जाट जासूसी में सक्रिय रूप से शामिल था। वह 2023 से पाकिस्तानियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा कर रहा था।

### अपराध प्रदेश बन गया है उत्तर प्रदेश : अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा भाजपा सरकार की गलत नीतियों से उत्तर प्रदेश अपराध प्रदेश बन गया है। श्री यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि कानून-व्यवस्था पर भाजपा सरकार का जीरो टालरेंस का दावा जीरो हो चुका है। अपराधी खुले आम गोलियां चला रहे है, हत्याएं कर रहे है। उनको कानून का डर नहीं रह गया है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में राजधानी लखनऊ तक में लोग सुरक्षित नहीं है। लखनऊ में दिन दहाड़े गोलियां चल रही है। गैंगवार हो रही है।

### 2027 तक एआई अपनाने में 383 प्रतिशत वृद्धि संभव



**नई दिल्ली।** भारत में ह्युमन रिसोर्स इंडस्ट्री के लीडर्स को उम्मीद है कि 2027 तक एजेंटिक एआई अपनाने में 383 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। एजेंटिक एआई को ऐसी तकनीक के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो एआई एजेंटों को इस प्रकार सक्षम बनाती है कि वे मानवीय निगरानी के बिना स्वायत्त रूप से कार्य कर सकें।

## मुंबई के अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भरा



- 1 मई को ही किया गया था उद्घाटन
- लोकल ट्रेनें भी भारी बारिश से प्रभावित
- पुणे में बादल फटा, घरों में पानी भरा

**मुंबई,** 26 मई (एजेंसियां)। मुंबई में सोमवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। हाल ही में शुरू हुए वर्ली अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 1 मई को ही इसका उद्घाटन किया था। इधर, घने बादलों की वजह से विजिबिलिटी लो है। सड़कों पर भी लोग गाड़ियों की लाइट ऑन करके ड्राइव कर रहे हैं। बारिश के साथ मुंबई में 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवा चली, जिससे कई इलाकों में पेड़ गिर गए हैं। बारिश के बाद कई जगह जाम लग गया। हार्बर, सेंट्रल लाइन पर लोकल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।

इधर पुणे में रविवार की तेज बारिश की वजह से नदी-नाले अचानक उफान पर आ गए। पुणे-सोलापुर हाईवे पर पाटस इलाके में बादल फटने से पुणे के बारामती और इंदापुर में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। बारिश के बाद यहां सड़कें पानी में डूब गईं। करीब 200 घरों में पानी भर गया और कई गाड़ियां बह गईं।

**केरल में भी भारी बारिश**

केरल में भारी बारिश जारी है। त्रिशूर में चलती ट्रेन पर पेड़ गिर गया। कोझिकोड में स्कूटर चलाते समय एक व्यक्ति पर पेड़ गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। कोडंचेरी में भाई-बहनों की करंट लगने से मौत हो गई। राज्य के 9 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं।

उत्तरी पलक्कड़ जिले में 40 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 4 पूरी तरह से तहस-नहस हो गए।

मौसम विभाग के मुताबिक मध्य प्रदेश में दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक ट्रफ की वजह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। इस वजह से आने वाले 4 दिन तक आंधी और बारिश का अलर्ट है।

### देश के 9 राज्यों में मानसून पहुंचा

देश के 9 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। 24 मई को केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी को कवर करने बाद मानसून ने 25 मई को पूरा गोवा और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से समेत मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड कवर कर लिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने केंद्र सरकार को घेरा

## अच्छे दिन की बात डरावने सपने साबित हुए



- 11 साल की मोदी सरकार पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 26 मई (देशबन्धु)। 26 मई 2014 को के दिन नरेंद्र मोदी ने देश के प्रधानमंत्री के तौर पर पहली बार शपथ ली थी। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मौके पर पीएम मोदी और उनकी सरकार को घेरा है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 6 मई 2014, 11 सालों में बड़े-बड़े वादों को खोखले दावों में बदलकर मोदी सरकार ने देश की ऐसी दुर्दशा की, कि अच्छे दिन की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुए। मल्लिकार्जुन खरगे ने हर तबके का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं से सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा किया गया था। असलियत ये है कि उन्होंने करोड़ों नौकरी गायब की हैं। किसान से सरकार ने वादा किया था कि सरकार आने पर आय दोगुनी हो जाएगी। न आय हुई दोगुनी, ऊपर से रबर बुलेट खाने पड़ी। महिला आरक्षण पर शर्तें लागू, सुरक्षा तार-तार कर दी। कमजोर वर्ग जैसे ,एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों पर भयावह अत्याचार हो रहे हैं, हिस्सेदारी खत्म की जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि महंगाई की पराकाष्ठा, बेरोजगारी की बाढ़ और असमानता चरम पर है। हर तरफ लोग परेशान हैं। सरकार ने 2014 से पहले विदेश नीति को लेकर वादा किया था विश्वगुरु बनाकर रहेंगे। हालत ये है कि आज हर देश से सम्बन्ध बिगाड़ दिए हैं।

### गौरव गोगोई को सौंपी असम की कमान



तीन कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त कर उनके सहयोग के लिए तीन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किए हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है और सभी पदाधिकारी को तत्काल काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि श्री गोगई को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है जबकि वरिष्ठ नेता जाकिर हुसैन सिकदर, श्रीमती रोजलीना टिर्की तथा प्रदीप सरकार को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। श्रीमती टिर्की को कांग्रेस सचिव पद से मुक्त किया गया है। पार्टी ने भूपेन बोरा को प्रचार समिति, देवव्रत सैकिया को समन्वय समिति, प्रद्युत बोरडोलोई को घोषणा पत्र समिति तथा रकीबुल हुसैन को पब्लिसिटी विभाग का प्रमुख बनाया है।

लालू परिवार पर भड़कीं ऐश्वर्या

## चुनाव नजदीक हैं इसलिए यह ड्रामा रचा



**पटना,** 26 मई (देशबन्धु)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और घर से निकाले जाने पर पत्नी ऐश्वर्या पहली बार मीडिया के सामने आईं। ऐश्वर्या ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए लालू यादव के परिवार पर जमकर निशाना साधा और कई सवाल पूछ डाले। उन्होंने कहा पूरा परिवार ड्रामा कर रहा है। ऐश्वर्या राय ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, मैं ये पूछना चाहती हूं कि जब इन लोगों (लालू यादव के परिवार को) तेजप्रताप के बारे में पता था कि ऐसी बात है तो मेरी शादी क्यों कराई, मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की? उनसे पूछिए कि मुझे मारा क्यों? अब इनका सामाजिक न्याय कहां गया? ये सभी मिले हुए हैं, कोई अलग नहीं हुए हैं। कल भी राबड़ी देवी तेजप्रताप के आंसू पूछने उनके पास गई होंगी, बोला होगा कि अभी शांत रहो, मैं सब ठीक कर दूंगी। चुनाव नजदीक हैं, इसलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा रचा है। ऐश्वर्या ने आगे कहा उनसे पूछिए, मेरी जिंदगी बर्बाद करने की क्या जरूरत थी? जब मुझे पीटा गया, तब उनका सामाजिक न्याय कहां था? उनसे पूछिए, मेरा क्या होगा?

मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की, सब मिले हुए हैं

### मैं अपनी लड़ाई जारी रखूंगी

ऐश्वर्या ने कहा कि वे हर चीज का दोष मुझ पर मढ़ते हैं। अब जब यह बात सामने आ गई है कि उनका 12 साल से अफेयर चल रहा है, लालू यादव, राबड़ी और तेजस्वी यादव को ये पता नहीं होगा? अपने बेटे की गलती का इल्जाम छुपाने के लिए लड़की पर दोष लगा देते हैं। सब मिले हुए हैं, मुझे कब न्याय मिलेगा? मैं अपनी लड़ाई जारी रखूंगी।

## बृजभूषण को पॉक्सो केस में राहत



- कोर्ट ने मंजूर की क्लोजर रिपोर्ट
- महिला पहलवान ने क्लोजर रिपोर्ट का विरोध नहीं किया

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। पटियाला हाउस कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इस रिपोर्ट में भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह पर नाबालिग होने पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक पहलवान द्वारा दायर मामले को रद्द करने की मांग की गई थी। पुलिस ने साल 2023 में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गोमती मनोचा ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पॉक्सो मामले में पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया।

### पीछा करने के आरोप अभी बरकरार

छह महिला पहलवानों द्वारा दायर एक अलग मामले में बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न और पीछा करने के आरोप अभी भी बरकरार हैं। पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध में न्यूनतम तीन वर्ष की सजा का प्रावधान है, जो लागू धाराओं पर निर्भर करता है। पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सभी आरोपों से लगातार इनकार किया है।

## ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

पुलिस ने नौ दिन की रिमांड पर लिया था

**हिसार,** 26 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार की एक अदालत ने सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद ज्योति को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने का आदेश दिया गया। ज्योति मल्होत्रा को पुलिस ने नौ दिन की रिमांड पर लिया था, जो अब समाप्त हो चुकी है। इस दौरान पुलिस ने उससे गहन पूछताछ की और जासूसी से संबंधित महत्वपूर्ण सुराग जुटाने का प्रयास किया। इससे पहले भी पुलिस ने ज्योति को दो बार रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान जांच एजेंसियों ने ज्योति से गहनता से पूछताछ की।

चिंताजनक | कुल मामलों की संख्या एक हजार के पार पहुंची

## देश में लगातार बढ़ रहे कोविड मामले

**नई दिल्ली, 26 मई (देशबन्धु)। भारत में कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश में कुल मामलों की संख्या 1,010 हो गई है। देश में कोरोना के सबसे ज्यादा 430 मरीज केरल में है। वहीं राजस्थान, महाराष्ट्र, बंगाल और कर्नाटक में कुल 12 मरीजों की मौत हुई है। हालांकि इनमें से कइयों को दूसरी गंभीर बीमारियां भी थीं। इसके अलावा महाराष्ट्र में 209, दिल्ली में 104, गुजरात में 83 और कर्नाटक में 47 केस शामिल हैं।**

उत्तर प्रदेश में 15 मरीज मिले हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोविड-19 के मामलों में बड़ा उछाल आया है। राजधानी में कोरोना के 104 मामले सक्रिय हैं। इनमें से 99 मामले पिछले एक सप्ताह के दौरान बढ़े हैं।

**सबसे ज्यादा मामले केरल में**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल में हैं। इसके अलावा, कोविड-19 से सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में ठीक हुए हैं। महाराष्ट्र में 8,29,849, केरल में 6,84,927 और आंध्र प्रदेश में 2,32,635 में सबसे अधिक मरीजों ने कोरोना को मात दी है।




- दिल्ली में भी कोरोना ने पकड़ी रफ्तार

सबसे ज्यादा मौतें (कोरोना की पहली लहर से अब तक) = महाराष्ट्र (1,48,606), तमिलनाडु (38,086) और कर्नाटक (40,412) में हुई हैं। 19 मई के बाद देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस के नए मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें आंध्र प्रदेश में (4), छत्तीसगढ़ में (1), गोवा में (1), गुजरात में (76), हरियाणा में (8), कर्नाटक में (34), मध्य प्रदेश में (2), राजस्थान में (11), तमिलनाडु में (3) और तेलंगाना में (1) मरीज शामिल हैं।

**सरकार की स्थिति पर नजर**

इस बीच, दिल्ली में कोविड-19 के मामले 100 के पार पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार स्थिति पर करीबी से नजर बनाए हुए है। सीएम गुप्ता ने कहा, सभी अस्पतालों को दिशानिर्देश दिए गए हैं और सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मामलों से निपटने की पूरी तैयारी कर रखी है। यहां हर तरह की सुविधाएं मौजूद हैं।

# देश

**उवाच**

"मध्य प्रदेश में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं और राज्य सरकार इसे नियंत्रित नहीं कर पा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव गृह मंत्रालय का कार्य भी संभाल रहे हैं इसलिए राज्य में सबसे पहले पूर्णकालिक गृह मंत्री होना चाहिए।

-डॉ.विक्रांत भूरिया, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 28.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# कृषि विकास से ही आएगी समृद्धि : धनखड़

- उप राष्ट्रपति ने तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम का किया उद्घाटन
- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



देश के किसान भाइयों के परिश्रम से ही विकसित भारत 2047 का लक्ष्य पूरा होगा : जगदीप धनखड़

**नरसिंहपुर,** 26 मई (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि खेती-किसानी देश की अर्थव्यवस्था की नींव है। यह हमारी प्रगति का मूल आधार है। कृषि के क्षेत्र में विकास और नित नए नवाचार जरूरी हैं। कृषि के विकास से ही देश में समृद्धि आएगी। देश का उदर-पोषण करने वाले अन्नदाता की खुशहाली में ही हमारे देश की खुशहाली सन्निहित है। उन्होंने कहा कि देश के किसान भाइयों के परिश्रम से ही विकसित भारत 2047 का लक्ष्य पूरा होगा। धनखड़ सोमवार को यहां जिला मुख्यालय में कृषि उद्योग समागम-2025 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उपराष्ट्रपति धनखड़, राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्जवलन, कन्या पूजन एवं भगवान बलराम की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 26 से 28 मई तक चलने वाले तीन दिवसीय 'कृषि-उद्योग समागम 2025' का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. श्रीमती सुदेश जगदीप धनखड़ विशेष रूप से उपस्थित थीं। वहीं उप राष्ट्रपति कृषि उद्योग समागम कार्यक्रम परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस दौरान उनके साथ उपस्थित रहे और पौधरोपण किया। मंत्रिपरिषद् में शामिल कई अन्य मंत्रियों ने भी पौधरोपण में हिस्सा लिया। उपराष्ट्रपति ने कृषि उद्योग समागम के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस पहल का अन्य राज्यों को भी अनुसरण करना चाहिए। किसान हमारे अन्नदाता हैं। अन्नदाताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि किसान भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बेहद कर्मठ और कार्यशील है। कोई ऐसा दिन नहीं रहता, जब वे गांव, गरीब और किसान की चिंता न करें।

मध्य प्रदेश सरकार ने गांव-किसान और उद्योग को जोड़ने की अभिनव पहल शुरू की है। धनखड़ ने कृषि-उद्योग समागम के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि देश का हर राज्य मध्यप्रदेश की इस पहल का अनुकरण करेगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा भी 29 मई से 12 जून तक नई दिल्ली में कृषि आधारित एक वृहद आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का रास्ता गांव और किसान के खेत से निकलता है। देश में विकसित भारत के लिए महायज्ञ चल रहा है इसमें सबसे बड़ी आहूति किसान भाइयों की ही है। किसान केवल फसल उत्पादन तक सीमित न रहें। उन्हें खाद्य प्र-संस्करण, व्यापार और मार्केटिंग भी सीखनी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि किसान अधिक से अधिक कृषि आधारित उद्योग स्थापित करें। उन्होंने सुझाव दिया कि अन्नदाता को उद्यमी बनाने के लिए स्थानीय सांसद और विधायक गांवों को गोद लें, किसानों को समृद्ध बनाएं, जिससे खेती में नई तकनीक का इस्तेमाल हो और हर गांव में समृद्धि आए। उन्होंने कहा कि देश में 720 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नेतृत्व में सभी संस्थान बेहद सजग होकर कार्य कर रहे हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर एक नया इतिहास रच दिया है। हमने जापान को पीछे छोड़ा है और बहुत जल्द जर्मनी को पीछे छोड़कर हम तीसरे स्थान पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि के मामले में शस्य श्यामला है। नरसिंहपुर पर मां नर्मदा की विशेष कृपा है। नरसिंहपुर जिला दाल का कटोरा है, यहां की तुअर दाल को जीआई टैग मिला है। दाल उत्पादक किसान देशभर में पहचान बना चुके हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। मध्यप्रदेश तो नदियों का मायका है।

मध्य प्रदेश 247 नदियों का उद्गम है, जो देश में सर्वाधिक है। यहां घने जंगल नदियों एवं जलराशि को समृद्ध करते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश को मां नर्मदा का आशीर्वाद मिला हुआ है। नर्मदा मध्य प्रदेश के साथ-साथ गुजरात और राजस्थान को भी जल प्रदान करती है। झ

महाकौशल, मालवा और निमाड़ का कुछ हिस्सा मां नर्मदा से सिंचित है। मालवा की तरह बुंदेलखंड में केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना से समृद्धि आएगी। स्व. श्री अटलजी का सपना पूरा करते हुए प्रदेश सरकार ने तीन बड़ी नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है।

## कृषि सब्सिडी किसान के खाते में मिले : उप राष्ट्रपति

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में भेजने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है। धनखड़ ने कहा कि किसानों को हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में मिलनी चाहिए। इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर यह अप्रत्यक्ष हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि यदि यह सब सीधी किसानों को दी जाएं, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए। इससे किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि किसान को हर तरीके से सरकार मदद कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, लेकिन अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए।

# बिहार में पथ निर्माण के क्षेत्र में करोड़ों की सौगात देंगे मोदी



- 29 मई को दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री

**पटना,** 26 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मई को दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं और इस दौरान वह राज्य में पथ निर्माण के क्षेत्र में 17088 करोड़ रुपए की सौगात देंगे। राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मई को दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं और इस दौरान वह राज्य में पथ निर्माण के क्षेत्र में 17088 करोड़ रुपए की सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पटना-गया-डोभी जो राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-22 है उसके पैकेज एक, दो और तीन का उद्घाटन करेंगे। इस परियोजना पर कुल लागत 5519 करोड़ रुपए की आई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री गोपालगंज शहर में एनएच-27 पर चार लेन एलिवेटेड सड़क का उद्घाटन करेंगे। इसका निर्माण केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 249 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी इसके अतिरिक्त बिहार को कई सड़क परियोजना की भी सौगात देने जा रहे हैं। नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री जिन सड़क परियोजनाओ का शिलान्यास करेंगे उनमें एनएच-119 पटना-आरा-सासाराम के पैकेज एक और दो शामिल हैं। इसका निर्माण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 3712 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। इसी तरह वह एनएच-319बी वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेसवे के पैकेज दो एवं तीन तथा छह और सात का भी शिलान्यास करेंगे। इसकी कुल लागत क्रमश: 2817 करोड़ एवं 3177 करोड़ रुपए है।

## पटना हवाई अड्डे में नवनिर्मित टर्मिनल का करेंगे उद्घाटन

राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के क्रम में पटना हवाई अड्डा में नवनिर्मित टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे, जो कुल 1200 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय में आठ करोड़ रुपए की लागत से निर्मित डारमेट्री और स्टाफ क्वार्टर का भी उद्घाटन प्रधानमंत्री करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री औरंगाबाद में नबीनगर सुपर थर्मल पॉवर परियोजना के दूसरे चरण और बिहटा हवाई अड्डा के सिविल एन्क्लेव का भी शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी राजधानी पटना में भव्य रोड शो करेंगे।

## सार संक्षेप

### सरकार की यूनिफाइड पेंशन योजना से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलेगा बड़ा फायदा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारियों और उनकी पत्नियों/पति के लिए यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) की शुरुआत की है। यह योजना उन कर्मचारियों के लिए है जो 31 मार्च 2025 या उससे पहले राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत रिटायर हो चुके हैं। यूपीएस योजना का उद्देश्य ऐसे लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है जो अपनी जिंदगी के कई साल देश की सेवा में लगा चुके हैं। इस योजना के तहत तीन बड़े लाभ दिए जाएंगे। पहला लाभ है एकमुश्त भुगतान, जो अंतिम मूल वेतन और महंगाई भत्ते के आधार पर निर्धारित होगा। यह राशि हर छह माह की पूरी सेवा अवधि पर 1/10 मूल वेतन + डीए के अनुसार दी जाएगी। दूसरा लाभ है मासिक टॉप-अप राशि, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एनपीएस से मिलने वाली एन्युइटी और यूपीएस के तहत पात्र राशि के अंतर को हर महीने भरने के लिए अतिरिक्त सहायता मिलेगी।

### कोलकाता में एक बांग्लादेशी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कालीघाट में वाणिज्यिक कार चालक के ड्यूटी पर तैनात कोलकाता पुलिस अधिकारी को टक्कर मारने के बाद की जांच में पता चला है कि आरोपी एक बंगलादेशी नागरिक है, जिसने महज 15,000 रुपए में फर्जी भारतीय पहचान पत्र हासिल कर भारतीय नागरिक बन गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार चालक बंगलादेश के फरीदपुर का निवासी आजाद शेख अक्टूबर, 2023 में उत्तर 24 परगना के रास्ते भारत आया था। वह फ़र्ज़ी आधार और मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड हासिल करने के बाद भारतीय नागरिक बन गया।

### भारत की आधी कार्यशक्ति पिछले एक वर्ष में रही अप्रशिक्षित : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एशिया की अग्रणी एकीकृत दीर्घकालिक लर्निंग कंपनी अपग्रेड की कॉर्पोरेट स्किलिंग शाखा, अपग्रेड एंटरप्राइज़ ने एक क्रांतिकारी उद्योग रिपोर्ट लॉन्च की है, जिसका शीर्षक है - 'स्किलिंग स्मार्टेर : पीढ़ियों के पार प्रशिक्षण के लिए एक रणनीतिक मार्गदर्शिका'। 12,300 से अधिक विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों की अंतर्दृष्टियों पर आधारित इस रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है कि कर्मचारियों की ज़रूरतों और मौजूदा कॉर्पोरेट प्रशिक्षण ढांचे के बीच असमानता लगातार बढ़ रही है, जिसका मुख्य कारण है विभिन्न पीढ़ियों वाली कार्यशक्ति की बदलती अपेक्षाएं। हालांकि व्यवसायिक सफलता के लिए अपस्किलिंग को व्यापक रूप से अनिवार्य माना जाता है, रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की 50 प्रतिशत कार्यशक्ति बिना किसी प्रशिक्षण के रह गई, जबकि 75 प्रतिशत कर्मचारियों ने केवल तब ही कौशल प्रशिक्षण में भाग लिया जब उन्हें इसके लिए बाध्य किया गया।

# मुर्मु से मधुबनी गोंड कला के कलाकारों ने की भेंट

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेसियां)। राष्ट्रपति भवन में आयोजित आर्टिस्ट इन रेजिडेंस (घरेलू जीवन के कलाकार) कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मधुबनी चित्रकार और गोंड लोक-कला के कलाकारों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति में बताया गया राष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम में प्रदर्शित लोक-चित्रकारों की कलाकृतियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने भारत की महत्वपूर्ण पारंपरिक कलाओं के इन दो रूपों में उनके योगदान की सराहना की और उनके भविष्य के कलात्मक प्रयासों में सफलता की कामना की। इस कला उत्सव में भारत की पारंपरिक कलाओं को उनके मूल स्वरूप में प्रदर्शित किया जा रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस कला उत्सव ने भारत के लोक, आदिवासी और पारंपरिक कलाकारों को राष्ट्रपति भवन में एक मंच भी प्रदान किया है, जिन्होंने पीढ़ियों से कला के विभिन्न रूपों को जारी रखा है। आर्टिस्ट-इन-रेजिडेंस कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश की गोंड कला और बिहार की मधुबनी कला के कलाकार 20 से राष्ट्रपति भवन में ठहरे हुये हैं और वे वहां कल तक रहेंगे। इस कार्यक्रम में आये कलाकारों में मधुबनी कलाकार-शांति देवी, अंबिका देवी, मनीषा झा, प्रीति कर्ण, रंजन पासवान, शांति देवी, उर्मिला देवी आदि शामिल हैं।



- राष्ट्रपति ने लोक-चित्रकारों की कलाकृतियों का किया अवलोकन

# पाकिस्तान को सम्मान देने का काम भाजपा के नेताओं ने किया : कांग्रेस



निशिकांत दुबे कांग्रेस पर हमला करने के लिए भुट्टो का दे रहे हैं हवाला : पवन खेड़ा

वर्तमान संकट का जिम्मेदार ठहरने पर भाजपा को घेरा

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने वर्तमान संकट के लिए उसे जिम्मेदार ठहरने पर भाजपा नेता निशिकांत दुबे को आड़े हाथ लेते हुए सोमवार को कहा कि इतिहास का ज्ञान नहीं होने पर भी उन्हें समझना चाहिए कि पाकिस्तान को सम्मान देने का काम कांग्रेस ने नहीं बल्कि भाजपा के नेताओं ने ही किया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि निशिकांत दुबे कांग्रेस पर हमला करने के लिए भुट्टो का हवाला दे रहे हैं। अब बताइए, पाकिस्तान के नेताओं को सम्मान कौन दे रहा है लेकिन इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है, अडवाणी और जसवंत सिंह ने सार्वजनिक रूप से जिन्ना की तारीफ की थी और मोदी ने पठानकोट एयरबेस पर आतंकी हमले की जांच के लिए आईएसआई को बुलाया था। निशिकांत दुबे पर व्यक्तिगत और तीखा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि और ये बिचौलिए से नकली इतिहासकार बना व्यक्ति यह भी जान ले कि सरदार स्वर्ण सिंह और भुट्टो के बीच 1963 में छह दौर की वार्ताएं हुई थीं, लेकिन वो सारी बातचीत भारत और पाकिस्तान में हुई थी, किसी तटस्थ स्थान पर नहीं, जैसा कि 10 मई 2025 की संघर्षविराम घोषणा में डॉ. जयशंकर के मित्र और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था।

गौरतलब है कि दुबे ने इतिहास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि आयरन लेडी इंदिरा जी और उनके पिताजी नेहरु जी कश्मीर के अवैध कब्जे पाकिस्तान के द्वारा 1948 के बाद दुबारा मध्यस्थ अमेरिका और ब्रिटेन के दबाव में भारत सरकार के मंत्री स्वर्ण सिंह जी व ज़ुल्फ़िकार अली भुट्टो की लगातार बैठक 1962 से 1964 के बीच हुई,भारत ने पुंछ तथा उरी पाकिस्तान के द्वारा जबरदस्ती हथियाए भूभाग को पाकिस्तान को देने का फैसला ही कर लिया था, इतने पर ही मामला नहीं रुका गुरेज में पूरी नीलम और किशनगंगा घाटी के साथ लाइन ऑफ कंट्रोल को अन्तरराष्ट्रीय सीमा। भारत की आज की समस्या का एकमात्र कारण कांग्रेस का हाथ, किसके साथ।

# झारखंड में पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर

**रांची,** 26 मई (एजेंसियां)। झारखंड में लातेहार जिला के नेतरहाट थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में भाकपा माओवादी संगठन के कमांडर पांच लाख के इनामी मनीष यादव मारा गया जबकि दस लाख का इनामी कुंदन खेरवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नक्सलियों के साथ यह मुठभेड़ रविवार देर रात शुरू हुई और सोमवार की सुबह तक चली। मुठभेड़ खत्म होने के बाद चलाए गए सर्च अभियान के दौरान मनीष यादव का शव मिला। मनीष यादव के उपर सरकार ने पांच लाख इनाम की घोषणा की थी। इस अभियान के दौरान लातेहार पुलिस को 10 लाख इनामी कुंदन खरवार को भी पकड़ने में भी सफलता हाथ लगी है।मारे गए नक्सलियों के पास से पुलिस ने कई हथियार भी बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि बीते 24 मई को एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में लातेहार पुलिस की टीम ने लातेहार थाना क्षेत्र के इचाबार जंगल में जेजेएमपी सुप्रीमो 10 लाख इनामी उग्रवादी पप्पू लोहरा और पांच लाख इनामी उग्रवादी प्रभात गंझू को भी मार गिराया था।



# भाजपा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेगी कर्नाटक सरकार



झूठे और भ्रामक मीडिया अभियान को लेकर जताई नाराजगी

**बेंगलुरू,** 26 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने घोषणा की है वह कथित तौर पर झूठे और भ्रामक मीडिया अभियान के लिए भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेगी। राज्य सरकार की सोमवार को यहां जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक वह बेंगलूरू के 42 वे मुख्य मेट्रोपोलिटन न्यायाधीश के समक्ष भाजपा सरकार के विज्ञापन 'दो सालों में राज्य सरकार की असफलताओं की सूची' के खिलाफ मामला दाखिल करेगी। विज्ञापन में राज्य सरकार एवं पार्टी नेताओं पर कथिततौर पर भ्रष्टाचार और प्रशासनिक असफलता के आरोप लगाए गए है। विज्ञापन में कांग्रेस के वर्ष 2023 में सत्ता में आने के बाद से राज्य सरकार पर घोटालो और प्रशासनिक असफलताओं के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई गलत सूचना के फैलाव को रोकने और सार्वजनिक तौर पर दायित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई हैं।

## विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा : विजयेंद्र

इस बीचर राज्य सरकार के इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नाटक भाजपा प्रमुख विजयेंद्र येदियुरप्पा ने राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए उस पर विपक्ष को दबाने और मीडिया को चुप कराने के लिए आपातकाल-युग की रणनीति का सहारा लेने का आरोप लगाया है। पार्टी के जारी एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का लोकतंत्र को कमजोर करने, राजनीतिक विरोधियों को जेल में डालने और प्रेस की स्वतंत्रता को दबाने का इतिहास रहा है और विरोध की आवाजों को निशाना बनाकर राज्य में भी यही परिपाटी लागू की जा रही है।



# बंगाल में कोरोना के सात नए मामले

**कोलकाता,** 26 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में कोरोना के सात नए मामले सामने आए है। प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में हाल ही में कोविड जैसे लक्षणों के साथ 11 लोगों को भर्ती कराया गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि सभी मरीज स्थिर हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। विभाग के अनुसार रविवार को कोलकाता में कोविड-19 के सात नए मामले सामने आए, जिनमें से छह दक्षिण कोलकाता के एक निजी अस्पताल में और एक शहर के पूर्वी इलाके में स्थित एक अन्य निजी अस्पताल में पाया गया। अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि अधिकांश मरीज खांसी और जुकाम के लक्षणों के साथ आए थे और नियमित कोविड-19 जांच में वायरस के लक्षण पाए गए, जिसके कारण उन्हें आइसोलेशन वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया।



# स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में हुआ बड़ा सकारात्मक बदलाव : शाह



- स्वस्ति निवास परिसर का किया भूमि पूजन

**नागपुर,** 26 मई (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के स्वास्थ्य परिदृश्य में बहुत सकारात्मक बदलाव आया है और करोड़ों गरीबों के लिए केंद्र ने मुफ्त इलाज का प्रबंध किया है। शाह यहां नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट परिसर में मरीजों और उनके परिजनों के लिए बनाए जाने वाले 'स्वस्ति निवास' परिसर का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) के नागपुर कैम्पस के स्थायी परिसर का भूमिपूजन और अस्थायी कैम्पस का ई-उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश के करोड़ों गरीबों के लिए पांच लाख रुपए तक के सभी इलाज मुफ्त प्राप्त करने की सुविधा कर दी है। इसमें राज्य द्वारा दी जाने वाली राशि जोड़ने पर लगभग किसी गरीब को 25 लाख रुपए तक के इलाज पर कोई पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं होती है। इसके कारण गरीबों के जीवन में बीमारी के समय में लड़ने का हौंसला आया है और उनमें बीमारी से ठीक होकर फिर से अपने परिवार के साथ रहने की आशा जन्मी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके साथ ही सस्ती और अच्छी औषधियों के लिए जन-औषधि दुकानों की श्रृंखला शुरू की है।

**कवायद** *कश्मीर के पर्यटन को फिर से जिन्दा करने की कोशिशें तेज*

# पर्यटन पैकेजों पर छूट देने की योजना बना रहे होटल व्यवसायी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 26 मई (देशबन्धु)। पहलगाम नरसंहार के बाद पूरी तरह से खत्म हो चुके कश्मीर के पर्यटन को फिर से जिन्दा करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। इसके लिए सरकारी के साथ साथ गैर सरकारी स्तर पर भी प्रयास तेज हुए हैं।

अगर सरकारी तौर पर मुख्यमंत्री ने कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों में कैबिनट बैठकें करने की घोषणा की है तो होटल आदि ने 50 परसेंट छूट के साथ पर्यटकों को लुभाने का प्रयास भी आरंभ किया है। पहलगाम में हुए विनाशकारी आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में संघर्षरत पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के प्रयास में, स्थानीय होटल व्यवसायी पर्यटन पैकेजों पर 50 प्रतिशत की छूट देने की योजना बना रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में टूरिस्टों को वापस आकर्षित करना और पर्यटन पर निर्भर हजारों कर्मचारियों को राहत प्रदान करना है। यह बात जेएंडके होटलियर्स क्लब के महासचिव तारिक गनी ने साझा की, जिन्होंने कहा कि यह छूट 27 मई से 30 मई तक निर्धारित फेम टूर नामक एक व्यापक विश्वास-निर्माण कार्यक्रम का हिस्सा होगी। इसमें भाग लेने के लिए पूरे भारत से राष्ट्रीय टूर ऑपरेटर, शीर्ष होटल व्यवसायी और मीडिया प्रतिनिधि आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय टूर ऑपरेटर और राष्ट्रीय मीडिया, श्रीनगर हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद, 27 मई को सीधे पहलगाम की ओर जाएंगे, जहां वे होटल व्यवसायियों, टट्टूवालों, स्थानीय लोगों और अन्य लोगों से बातचीत करेंगे और जमीनी स्थिति का आकलन करेंगे।

गनी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल पहलगाम, श्रीनगर, सोनमर्ग और गुलमर्ग सहित चार प्रमुख सुरम्य स्थानों का दौरा करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को भी राष्ट्रीय टूर ऑपरेटरों और मीडियाकर्मियों से बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। वे बताते थे कि कार्यक्रम के दौरान, जम्मू-कश्मीर के होटल व्यवसायी, हाउसबोट मालिक, टूर ऑपरेटर, ट्रांसपोर्टर और अन्य सहित कश्मीर के पर्यटन हितधारक भी श्री अमरनाथ जी यात्रा-2025 के श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। जबकि दूसरी ओर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई। जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर्यटकों में विश्वास पैदा करने के लिए घाटी के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर आधिकारिक बैठक करेंगे। बैठक के लिए सबसे पहले गुलमर्ग को चुना गया है। 28 मई बुधवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक होगी। जम्मू कश्मीर सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने नोटिस जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में शामिल होने के लिए कहा है।



- क्षेत्र में पर्यटकों को वापस आकर्षित करना उद्देश्य

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

बेटी : मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..!!
बाप : थैंक गॉड..मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..!
बेटी : पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, जो मम्मी रख के गई है...!!!

# भाजपा की निष्क्रियता के कारण बन रहीं जल भराव की स्थिति : कांग्रेस

## जलभराव से निपटने की आधी अधूरी तैयारी पर रेखा सरकार को घेरा

**नई दिल्ली,** 26 मई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि हर बारिश के बाद जल भराव की समस्या राजधानी दिल्ली के लिए बड़ा संकट बन गया है। मानसून से पहले की बारिश से जलमग्न हुई दिल्ली ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार के सभी दावों की पोल खोल कर रख दी है। जलभराव से निपटने की आधी अधूरी तैयारी का सच सड़कों पर बह रहा है। भाजपा सरकार की निष्क्रियता और खोखले दावों के कारण दिल्ली में जल भराव के कारण आपातकाल की स्थिति बन रही है। नालों और नालियों से गाद निकालने की 31 मई तक की डेडलाइन पर भाजपा की चार इंजनों वाली सरकार पूरी तरह विफल साबित हो गई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि एयरपोर्ट रोड़, मिंटो ब्रिज, धौला कुंआ, आईटीओ, कनॉट प्लेस, रोहतक रोड़, दिल्ली कैंट, तिमारपुर, चाणक्यपुरी, सुब्रतो पार्क, सफदरजंग, नानक पुरा, बाहरी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, उत्तर पूर्वी व उत्तर पश्चिमी दिल्ली में जलभराव की त्रासदी देखी गई। रात की बारिश के बाद सुबह तक सड़कों पर पानी की निकासी नहीं हो पाई जिसके कारण दिल्ली भर में घंटों



हर बारिश के बाद जल भराव की समस्या राजधानी दिल्ली के लिए बड़ा संकट बन गया है : देवेन्द्र यादव

भारी ट्रेफिक जाम रहा और वाहन पानी में डूबे रहे। गाद निकालने के काम में नाकाम सरकार स्वयं जिम्मेदारी लेने की बजाय असिसटेंट इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर और पंप ऑपरेटर को निलंबित करके दिल्ली की जनता को क्या संदेश देना चाहती है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मानसून पूर्व बारिश से दिल्ली को गर्मी से तो जरूर राहत मिली लेकिन लापरवाह सरकारों के कारण अनेकों परेशानियां झेल रहे दिल्ली वालों को जल भराव से राहत नहीं मिली। उन्होंने कहा कि दिल्ली की परेशानियों को खत्म करने की बजाय भाजपा और आम आदमी पार्टी की नूरा कुश्ती हर संकट पर देखने को मिलती है, आज विपक्ष में आम आदमी पार्टी है जिसने एक दशक सत्ता में रहने के बावजूद जल भराव की परेशानी को कभी खत्म करने का प्रयास तक नहीं किया।

### भाजपा व आप ने अपने राजनीतिक हित साधने के लिए दिल्ली को राम भरोसे छोड़ा : यादव

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी हो या भाजपा की सरकार दोनों ने अपने राजनीतिक हित साधने के लिए दिल्ली को राम भरोसे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि मार्च में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि 2025 में आप कुछ बदला हुआ देखेंगे लेकिन पीडब्ल्यूडी और दिल्ली पुलिस द्वारा सांझा आंकड़ां में 2025 में 445 जलभराव वाली जगहों की पहचान हुई। मुख्यमंत्री ने कहा था कि सब कुछ ठीक करने पर काम चल रहा है और इसको 31 मई तक पूरा कर लिया जाएगा।

# जल संकट को लेकर 'आप' ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 26 मई (देशबन्धु)। दिल्ली में जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) का विरोध जारी है। इसी बीच, राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी (आप) की महिला विंग ने मटका फोड़ प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए 'आप' महिला विंग की दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सारिका चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार राजधानी के लोगों को साफ पानी तक मुहैया नहीं करा पा रही है। दिल्ली के पॉश इलाकों से लेकर गांवों तक में जलापूर्ति बुरी तरह प्रभावित है। जो पानी आ भी रहा है, उसकी गुणवत्ता बेहद खराब है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बड़े-बड़े वादे कर सत्ता में तो आ गई, लेकिन जनता को साफ पानी देने में विफल रही है। राजेंद्र नगर विधानसभा के नरायणा गांव की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वहां गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है, जिसे पीना तो दूर, छूना भी मुश्किल है। जब अभी इतनी दिक्कत है, तो जुलाई-अगस्त की भीषण गर्मी में हालात क्या होंगे। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने भी भाजपा सरकार पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि आम आदमी पार्टी की सरकार में लोगों को साफ पानी, 24 घंटे बिजली, अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं और मोहल्ला क्लीनिक जैसी राहतें मिलती थीं। लेकिन, भाजपा सरकार आने के बाद न पानी है, न बिजली, न ही स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति ठीक है।

# राजधानी की सड़कों पर जल्द नजर नहीं आएंगे निराश्रित गौवंश : कपिल मिश्रा

**नई दिल्ली,** 26 मई (देशबन्धु)। दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने सोमवार को मॉडल टाउन क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने गौशालाओं के विकास एवं गौवंश के पुनर्वास से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ अहम चर्चा की। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण सुझाव और मांगें भी मंत्री के समक्ष रखी गईं। बैठक में गौशालाओं के संचालन एवं रख-रखाव के लिए भूमि पट्टे (लीज) की अवधि बढ़ाने का और गौशालाओं को दिए जाने वाले चारे के लिए 20 रुपए प्रति गौवंश की दर को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार वृद्धि करने का अनुरोध किया गया।

कपिल मिश्रा के समक्ष गौशाला संचालकों ने गाय के उत्पादों जैसे दूध, घी, पनीर के साथ ही उपले आदि की बिक्री की अनुमति देने का भी सुझाव दिया ताकि गौशालाएं आत्मनिर्भर बन सकें। मौजूदा समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गौशाला संचालकों ने सरकार को गोशालाओं से जुड़े नियमों में भी संशोधन करने की सिफारिश की। निराश्रित गौवंश के पुनर्वास के संबंध में मंत्री को दिल्ली सरकार के पशुपालन निदेशक ने अवगत कराया कि गौवंश के पुनर्वास का कार्य वर्तमान में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा किया जा रहा है। सभी पहलुओं की गंभीरता को देखते हुए मंत्री ने निर्देश दिया कि



■ मंत्री ने गौशालाओं के संचालकों, एमसीडी और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

गौशालाओं के विकास एवं गौवंश के पुनर्वास को लेकर रोडमैप तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक जल्द ही आयोजित की जाए जिसमें आयुक्त, दिल्ली नगर निगम, विकास विभाग के आयुक्त, अतिरिक्त निदेशक (पशु चिकित्सा) तथा पशुपालन निदेशक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कपिल मिश्रा ने निर्देश दिया कि गौशालाओं के सभी कार्यों की समीक्षा के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन 5 जून 2025 को किया जाएगा जिसमें मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल भी उपस्थित रहेंगे और गौशाला संचालकों के सुझावों और मांगों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

## सार संक्षेप

### कंबाइंड रोबोट-एसिस्टेड हार्ट बायपास व ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी हुई सफल




**नई दिल्ली।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, ओखला के डॉक्टरों ने एक दुर्लभ मेडिकल मामले में सफलता हासिल करते हुए भारत में पहली बार जीवनरक्षक दोहरी सर्जरी को अंजाम दिया जिसमें हार्ट बायपास सर्जरी कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग और ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी रेडिकल मेस्टेक्टॅमी को ही एक ही सेशन में किया गया। बांग्लादेश की 72-वर्षीय बुजुर्ग महिला की यह सर्जरी सफल रही। डॉ. ऋत्विक राज भुयान, डायरेक्टर, एडल्ट कार्डियोथोरेसिक एंड वास्क्युलर सर्जरी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, ओखला रोड, डॉ. अचित पंडित, डायरेक्टर, सर्जिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, ओखला रोड और डॉ विनीत गोयल, कंसल्टेंट, सर्जिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, ओखला रोड ने रोबोट-एसिस्टेड कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग सीएबीजी के बाद कैंसरग्रस्त ब्रेस्ट और आसपास की ग्रंथियों को निकाला। सर्जरी करीब 11 घंटे चली और मरीज को 12 दिनों के बाद, स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दी गई।

### टिकरी कलां स्टेशन पर मेट्रो हुई खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बहादुरगढ़ से इंद्रलोक के बीच टिकरी कलां स्टेशन पर मेट्रो खराब हो गई। जिसकी वजह से सुबह ऑफिस जाने वाले यात्रियों को परेशान हुई। वहीं दिल्ली मेट्रो की ओर से 30 मिनट बाद अनाउंसमेंट की गई। मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के टिकरी कलां स्टेशन पर मेट्रो खराब हो गई, जिसकी वजह से 30 मिनट से इसी स्टेशन पर मेट्रो खड़ी रही। 30 मिनट बाद अनाउंसमेंट की गई कि तकनीकी खराबी के चलते मेट्रो आगे नहीं बढ़ पा रही है। यह मेट्रो बहादुरगढ़ से इंद्रलोक जा रही थी। दिल्ली मेट्रो की ओर से 30 मिनट बाद घोषणा की गई कि कीर्ति नगर जाने वाले यात्री दूसरे प्लेटफॉर्म पर चले जाएं। सभी यात्री विपरीत दिशा वाले प्लेटफार्म पर पहुंचे। वहां से रॉन्ग साइड वाले ट्रैक पर मेट्रो चली और मुंडका तक पहुंची। मुंडका से मेट्रो ने राइट ट्रैक पकड़ा। तब तक दिल्ली से बहादुरगढ़ वाला ट्रैक रोक दिया गया। जिसके चलते स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा हो गई।

### दंपती पर किया हथौड़े से हमला

**नई दिल्ली।** दंपती पर हमले के दौरान आरोपी अखिलेश ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। महिला को मरा हुआ समझकर आरोपी ने खून से लथपथ पूजा के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि भारी-भरकम हथौड़े से उसने पहले कमल के सिर पर वार किए। उसकी हत्या के बाद पूजा के साथ भी आरोपी ने ऐसा ही किया। जब उसे लगा कि दंपती की मौत हो चुकी है तो उसने अपनी हवस मिटाने के लिए पूजा को मरा हुआ समझकर हैवानियत की। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकला।

# दिल्ली भाजपा संगठन चुनाव अधिकारी ने 14 जिला अध्यक्षों की घोषणा की

## पार्टी ने 105 प्रदेश परिषद सदस्यों की भी घोषणा की

**नई दिल्ली,** 26 मई (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के संगठन चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नागपाल ने दिल्ली के सभी 14 नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षों एवं भाजपा दिल्ली प्रदेश परिषद के लिए 105 नवनिर्वाचित सदस्यों के नामों की घोषणा की है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सभी नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षों एवं भाजपा दिल्ली प्रदेश परिषद के लिये 105 नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनायें दी हैं और आशा व्यक्त की है कि नई टीम संगठन विस्तार और सरकार की नीतियों के क्रियान्वयन में सहयोगी




होंगे। सोमवार घोषित जिला अध्यक्षों में विजेन्द्र धामा मयूर विहार, दीपक गाबा शाहदरा एवं चन्द्रपाल बक्शी पश्चिमी दिल्ली वर्तमान में भी जिला अध्यक्ष हैं। पहली बार नई टीम में दो महिला जिला अध्यक्ष राज शर्मा गौतम नजफगढ़ एवं माया बिष्ट दक्षिणी दिल्ली निर्वाचित हुई हैं। चार नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अरविन्द गर्ग चांदनी चौक, विनोद सहरावत उत्तर पश्चिमी, वीरेन्द्र बब्बर करोल बाग एवं मास्टर बिनोद कुमार नवीन शाहदरा पूर्व में भी इन्हीं जिलों के अध्यक्ष रह चुके हैं। 105 प्रदेश परिषद् सदस्यों में विधायक पवन शर्मा, कपिल मिश्रा, कैलाश गहलोत, करतार सिंह तंवर, प्रद्युम्न राजपूत, संदीप सहरावत, राजकुमार चौहान, नीरज बैसोया, अनिल शर्मा, राजकुमार भाटिया, तिलक राम गुप्ता, पूनम भारद्वाज, जितेन्द्र महाजन, कुलवंत राणा, श्याम शर्मा, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, पूर्व महापौर सुभाष आर्य, प्रीति अग्रवाल एवं नरेन्द्र चावला, वर्तमान प्रदेश पदाधिकारी सुनीता कांगड़ा, विनय रावत, नरेश कुमार ऐरण, सारिका जैन, डॉ. सुमित भसीन, प्रवीण शंकर कपूर प्रमुख हैं।



■ नई दिल्ली में वट सावित्री पूजा के दौरान पति की लंबी उम्र की कामने के लिए बरगद के वृक्ष के चारों ओर धागा बांधतीं महिलाएं। फोटो इम्तियाज खान

# सरकार के सौ दिन पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली,** 26 मई (देशबन्धु)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को बताया कि 30 मई को उनकी सरकार के सौ दिन पूरे हो रहे हैं। इस खास अवसर पर वह अपनी सरकार से जुड़े रिपोर्ट कार्ड को पेश करेंगी। इस रिपोर्ट में बताया जाएगा कि अब तक दिल्ली सरकार की तरफ से जनता के हित के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि हमारी सरकार ने दिल्ली की जनता के लिए चौबीस घंटे काम किया है। हम एक दिन भी नहीं बैठे हैं। हमने यह कोशिश की है कि दिल्ली की जनता के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं हो। उन्होंने कहा कि हमारा यह कर्तव्य बन जाता है कि जिस दिल्ली की जनता ने हमें सत्ता में पहुंचाया, उन्हें हम यह बताएं कि हमारी



■ तीस मई को हो रहे दिल्ली सरकार के सौ दिन पूरे

सरकार ने अब तक उनके लिए क्या-क्या काम किए हैं? हम लोग दिल्ली में कौन-कौन सी योजनाएं लेकर आए हैं? हमने कौन-कौन से फैसले लिए हैं। उन्होंने जलभराव की समस्या को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने दावा किया कि इस बार दिल्ली में कहीं पर भी जलभराव की समस्या पैदा नहीं हुई। अब तक तीन बार दिल्ली में भारी बारिश हो चुकी है। लेकिन, व्यवस्थित तरीके से पानी की निकासी हो रही है। कहीं पर भी जलभराव की समस्या नहीं हुई है। अगर बारिश हो रही है, तो जाहिर सी बात है कि थोड़ा बहुत पानी कहीं न कहीं जमा रह जाता है, लेकिन अब यह लंबे समय तक नहीं रहेगा।

### सभी नालों से निकाला गया तीस लाख मीट्रिक टन कूड़ा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आगे कहा कि 30 लाख मीट्रिक टन कूड़ा सभी नालों से निकाला गया। हमने समुचित तरीके से नालों की सफाई की है। इस बार दिल्ली में सबसे कम जलभराव की समस्या है। एक-एक जलभराव वाले चिन्हित स्थलों के लिए हमने नोडल ऑफिसर की नियुक्ति की थी, जिसकी निगरानी की जा रही है। अगर कोई भी अधिकारी इस मामले में कोताही बरतते पाया गया, तो निश्चित तौर पर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कोरोना के मामलों को लेकर कहा कि हमने स्वास्थ्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली हैं। हम हर प्रकार की स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम कोरोना के मामलों पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

# एनआईए ने सीआरपीएफ के जवान को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 26 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीआरपीएफ के एक एएसआई को जासूसी के आरोप में दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे 6 जून तक हिरासत में भेज दिया गया। केंद्रीय अर्धसैनिक बल ने इस मामले में अपने एएसआई मोतीराम जाट को बर्खास्त कर दिया है। सीआरपीएफ नियमों के साथ भारत के संविधान के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आरोपी को 21 मई से बर्खास्त किया गया है। सीआरपीएफ के मुताबिक, प्रोटोकॉल के उल्लंघन के बाद सीआरपीएफ कर्मी को बर्खास्त किया गया है। यह मामला एनआईए को भेजा गया था। केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में सीआरपीएफ कर्मियों की सोशल मीडिया गतिविधियों की निरंतर निगरानी के दौरान, एएसआई/जीडी रैंक के एक कर्मी से जुड़े स्थापित मानदंडों और प्रोटोकॉल के उल्लंघन का मामला सामने आया था। इस मामले की प्रारंभिक जांच पड़ताल की गई। सीआरपीएफ ने इस मामले को गंभीर माना।

# आईवीपी पार्षदों ने की निगम आयुक्त से मुलाकात



**नई दिल्ली,** 26 मई (देशबन्धु)। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के निगम पार्षदों ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्विनी कुमार से मुलाकात की। वरिष्ठ निगम पार्षद एवं पार्टी दल के नेता मुकेश गोयल के नेतृत्व में गये निगम पार्षदों ने निगम आयुक्त से अपने वार्डों में ठप पड़े विकास एवं मरम्मत कार्यों को तुरंत शुरू कराने की मांग की। आयुक्त से मिलने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में मुकेश गोयल, हेमचंद गोयल, दिनेश कुमार, मनीषा जसवीर कराला, सुमन अनिल राणा, उषा शर्मा, रूनाक्षी शर्मा, राजेश कुमार, साहिब कुमार, राखी यादव, अशोक पांडे, कमल भारद्वाज, लीना कुमार, हिमानी जैन, देवेंद्र कुमार, बॉबी किन्नर आदि पार्षदों सहित पार्टी के कई नेता शामिल हुए। आईवीपी नेता मुकेश गोयल ने कहा कि निगम आयुक्त ने सभी पार्षदों के वार्ड्स की समस्या को गंभीरता से समझते हुए आश्वासन दिया है कि वह वार्ड्स के अनुसार निगम पार्षदों की बैठक बुलाकर क्षेत्र से संबंधित विकास कार्यों पर चर्चा करेंगे और जनता से जुड़े सभी जरूरी विकास कर्यों को शुरू कराया जायेगा। मुकेश गोयल ने आगे बताया कि हमारे पार्षदों के वार्डों में सड़कों-नालियों का निर्माण एवं मरम्मत, पार्कों का रखरखाव, सफाई बुनियादी सुविधाओं की हालत खराब है। आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ वार्डों के विकास कार्यों को लेकर हुई बात
■ आयुक्त ने दिलाया भरोसा, वार्ड वाइज पार्षदों की बैठक बुलाकर करेंगे समस्याओं का समाधान

# लिवरपूल विवि को देश में विवि परिसर खोलने के लिए यूजीसी की मंजूरी

**नई दिल्ली,** 26 मई (देशबन्धु)। यूके के प्रतिष्ठित रसेल ग्रुप का हिस्सा, लिवरपूल विश्वविद्यालय को बेंगलुरु में पहला विदेशी विवि परिसर खोलने के लिए विवि अनुदान आयोग यूजीसी से औपचारिक मंजूरी मिल गई है। इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विवि के भारत में परिसर खोलने की योजना का स्वागत किया। भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने कहा कि लिवरपूल विश्वविद्यालय का बेंगलुरु में नया परिसर एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो हमारे नवोन्मेषकों और शिक्षाविदों के बीच संबंधों को वर्षों तक गहरा करेगा। लिवरपूल विवि के कुलपति प्रोफेसर टिम जोन्स ने कहा कि हमें बेंगलुरु में पहला अंतरराष्ट्रीय परिसर खोलने के लिए विवि अनुदान आयोग से मंजूरी मिलने पर बहुत खुशी हो रही है। भारत सरकार की उच्च शिक्षा में नामांकन को काफी बढ़ाने की महत्वाकांक्षा दूरदर्शी है और हम इसमें अपनी भूमिका निभाने की योजना विकसित करने के लिए उत्साहित हैं। लिवरपूल विवि का पहले से ही बेंगलुरु और कर्नाटक राज्य के साथ मजबूत संबंध हैं, जिसमें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेस के साथ लंबे समय से चली आ रही अनुसंधान साझेदारी शामिल है।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत**
**मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.स. | निविदा स. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82245004 | आपातकालीन चिकित्सा बक्से (विनिर्देश पीडीएफ के अनुसार संलग्न) | 1 | 16.06.2025 |
| | प्री–बिड मीटिंग दिनांक 03.06.2025 (11:00 AM) को रूम नंबर 232, कॉन्फ्रेंस हॉल, द्वितीय तल, एनेक्सी–I, स्टोर डिपार्टमेंट, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली–01 में आयोजित की जाएगी। | | | |

**निविदा शर्तें** : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। **टेंडर नोटिस सं. 82245004/MED/PART-II दिनांक:– 26.05.2025** **1538/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**

**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**

**सं. 2024/आरएस(ई)/टीएम/2** **नई दिल्ली, दिनांक 23.05.2025**

**शुद्धिपत्र संख्या 4**

**विषय** : 41 अदद् 'बैलस्ट रेगुलेटिंग मशीन (बीआरएम)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 30.05.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024–टीएम–2

1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 30.05.2025 (शुक्रवार) से **02.07.2025 (बुधवार)** बदल दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें सामान रहेंगी।

**निदेशक, रेल भंडार (एफ)**
**(रेलवे बोर्ड)**

**1536/25** ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली–110001 निम्नलिखित कार्य हेतु वन पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम और स्थान | चिपयाना–गाजियाबाद चौथी लाइन के विद्युतीकरण कार्य के लिए डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग |
| 2 | कार्य की समाप्ति अवधि | 12 महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1,81,87,898.74/- |
| 4 | बयाना राशि (ऑनलाइन जमा की जानी है) | रु. 2,40,900/- |
| 5 | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | निविदाएं दिनांक 17.06.2025 को 15:00 बजे तक IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती हैं। बोलीदाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, निविदाएं अपलोडिंग की समाप्ति के तुरंत बाद 15:00 बजे खोली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | विस्तृत निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 03.06.2025 से 17.06.2025 तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

**निविदा संख्याः 338/उप.सीईई/सी/एनडीएलएस/2025-26 दिनांक 26.05.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **1540/25**

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

वर्तमान में नमो भारत कॉरिडोर के साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई नमो भारत स्टेशन एवं दुहाई डिपो स्टेशन और डिपो बिल्डिंग के अलावा गाजियाबाद और मुरादनगर आरएसएस पर सोलर पावर प्लांट पहले से स्थापित हैं। अब इस कड़ी में मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन स्टेशन भी जुड़ गया है। मेरठ साउथ स्टेशन की छत पर लगे संयंत्र की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी 717 किलोवाट पीक (के डब्ल्यू पी) है : **पुनीत वत्स, एनसीआरटीसी प्रवक्ता।**

# नोएडा मेट्रो के एक्सटेंशन रूट का किया महुआ में प्रजेंटेशन

**नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। नोएडा मेट्रो की ग्रेटरनोएडा डिपो से लेकर बोडाकी तक प्रस्तावित योजना का सोमवार को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (महुआ) के सामने प्रजेंटेशन दिया। हालांकि एनएमआरी के अधिकारी बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 एक्सटेंशन लाइन की तैयारी भी करके गए थे। बताया गया कि बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 की लाइन पर दो से प्रश्व और आए है जिनका जवाब दिया गया है। इसके बाद इस लाइन का प्रजेंटेशन होगा।

### ग्रेटर नोएडा डिपो से बोडाकी रुट

केंद्र सरकार से अगले महीने ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। केंद्र की मंजूरी के बाद नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) इस रूट के लिए डिजाइन कंसलटेंट की नियुक्ति करेगा। इसके बाद टेंडर जारी किया जाएगा।

एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि यह एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। अभी एक्वा लाइन पर नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेनो के डिपो मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चल रही है।

- ग्रेटर नोएडा डिपो से बोडाकी तक होना है विस्तार
- 416 करोड़ होंगे खर्च, बनेंगे दो स्टेशन

अब ग्रेनो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो जाएगी। इस रूट पर जुनपत और बोड़ाकी सिर्फ दो मेट्रो स्टेशन होंगे। बोड़ाकी में बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। जिले में मेट्रो का यह सबसे छोटा रूट होगा। इसके लिए 2.6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बिछाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर मेट्रो चलाने में 416 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। डीएमआईसी मेट्रो रूट के लिए एनएमआरसी को जमीन उपलब्ध कराएगा। एनएमआरसी के एमडी लोकेश एम ने बताया कि महुआ में बोडाकी रुट पर प्रजेंटेशन किया गया। जिसमें रूट की वायबिलिटी से लेकर डीपीआर तक की जानकारी दी गई। उम्मीद है जल्द ही केंद्र सरकार की ओर से लाइन को हरी झंडी दी जाएगी। बता दे ये लाइन मल्टीमॉडल ट्रांजिक्ट हब (एमएमटीएच) के लिए भी है। उम्मीद है कि जल्द ही बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक मेट्रो को भी फाइल कर दिया जाएगा।

### बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक मेट्रो

नोएडा में बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक का 11.56 किमी का मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को प्रदेश कैबिनेट से अप्रूवल के बाद केंद्र को भेजा गया है। वहां से इसी प्रजेंटेशन के बाद अप्रूवल मिल सकता है। ये रूट पांच साल में बनकर तैयार होगा। रोजाना करीब 1 से 1.25 लाख लोग इस लिंक लाइन का प्रयोग करेंगे। इसके निर्माण में करीब 2254.35 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस मेट्रो कॉरिडोर पर बॉटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर-44, नोएडा ऑफिस, नोएडा सेक्टर-97, नोएडा सेक्टर-105, नोएडा सेक्टर-108, नोएडा सेक्टर-93, और पंचशील बालक इंटर कॉलेज स्टेशन बनाए जाएंगे। कॉरिडोर का आखिरी स्टेशन सेक्टर-142 होगा जो कि पहले ही बनकर तैयार है।

# बदमाशों से घिरने के बाद भी अंतिम सांस तक लड़े सौरभ

- घटना से तीन घंटे पहले पत्नी का आया मैसेज
- लिखा खाना खा लेना, 75 लाख की आर्थिक मदद



**नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। मसूरी के नाहल में नोएडा पुलिस के सिपाही सौरभ की हत्या से कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का पुलिस महकमा सन्न और शोकाकुल है। अंतिम सांस तक सौरभ बदमाशों से जांबाज सिपाही की तरह जूझे। सौरभ के अन्य साथी भी इस दौरान चोटिल हुए हैं। सोमवार शाम को



ही गृह जनपद में मृतक पुलिसकर्मी का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### नोएडा में थी पहली भर्ती

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शामली के बधैव कन्नूखेड़ा गांव के सौरभ कुमार 2016 में यूपी पुलिस में भर्ती हुए। पहली तैनाती उनकी नोएडा में हुई। 2020 में उनकी शादी दिल्ली पुलिस में तैनात पुलिसकर्मी की बेटी आयुषी से हुई। दोनों सेक्टर-122 में किराए का मकान लेकर रह रहे थे। तीन दिन पहले आयुषी अपने मायके चली गईं। रविवार को रात नौ बजे के करीब आयुषी ने सौरभ को मैसेज किया और खाना खाने के लिए कहा। इस पर सौरभ ने कहा कि एक जरुरी काम से बाहर जा रहा हूं।

### घटना से पहले आया था फोन

दो घंटे में वापस आने के बाद खाना खाने की बात कही। घटना के कुछ समय पहले भी पत्नी की कॉल उनके मोबाइल पर आई। जैसे ही सौरभ की मौत की खबर उनकी पत्नी आयुषी, पिता उत्तम कुमार और भाई रजत कुमार को मिली, सभी अवाक रह रहे। सौरभ दो भाइयों में छोटे थे। पूरे घर की जिम्मेदारी उनके ऊपर ही थी। पिता और भाई गांव में रहकर किसानी करते हैं। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में तैनात सौरभ के कई पुलिसकर्मी साथी गांव पहुंचकर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### पुलिस कमिश्नर ने दी आर्थिक सहायता

घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह भी गाजियाबाद पहुंची। उन्होंने अपने वेतन से एक लाख रुपए मृतक पुलिसकर्मी के परिवार को दिए। इसके अलावा जिले में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने वेतन से एक दिन की अनुग्रह धनराशि सौरभ कुमार के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वरूप देने का निर्णय लिया है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की ओर से 75 लाख 16 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

### अगले महीने घूमने की थी योजना

सौरभ के साथियों ने बताया कि वह अगले महीने पत्नी के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बना रहा था। सौरभ ने साथियों से कहा था कि काफी दिन हो गया वह कहीं घूमने नहीं गया है। ऐसे में वह दस दिन की छुट्टी लेकर परिवार के साथ जाएगा। पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी बेसुध हो गई है। सौरभ के माता-पिता भी एकदम शांत हैं। वह किसी से कोई बात नहीं कर रहे हैं। बड़ा भाई ही परिवार को संभाल रहा है। अंतिम संस्कार में नोएडा पुलिस के अधिकारी और पुलिसकर्मी भी शामिल हुए हैं।

### पहले भी आ चुके हैं ऐसे मामले

2016 में दादरी पुलिस के कोट चौकी प्रभारी अख्तर खान की बदमाशों



ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। अख्तर खान और उनकी टीम बदमाशों को पकड़ने दादरी कस्बे की नई आबादी में गई थी।

जून 2021 में जेवर में गांजा तस्कर के घर दबिश देने गई पुलिस टीम पर हमला करने का मामला सामने आया था। इस दौरान ग्रामीणों ने न सिर्फ दरोगा और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की थी बल्कि दरोगा को बंधक बनाकर मारपीट की।

## सार संक्षेप

### एफएनजी पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गांव यूसुफपुर चकसाबेरी निवासी रमेश चंद ने पुलिस को बताया कि 23 वर्षीय बेटा देव सेक्टर-63 स्थित जेबीएल कंपनी में काम करता था। 25 मई की रात करीब 10 बजे वह पड़ोसी सोनू के साथ बैठकर अपने घर आ रहा था। सेक्टर-63 क्षेत्र में ही एफएनजी मार्ग पर पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए देव को टक्कर मार दी। हादसे में देव को गंभीर चोट आई। सोनू ने देव को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की सूचना सोनू ने परिजन को दी। हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने देव को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान रात में ही चिकित्सकों ने देव को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। हादसे के संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एफएनजी रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से वाहन चालक के बारे में जानकारी की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

### फर्नीचर खरीदने का झांसा देकर 91 हजार ऐंठे

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने का झांसा देकर एक व्यक्ति के साथ 91 हजार रुपये की ठगी कर ली। तीन बार में ठगों द्वारा बताए गए खाते में रकम ट्रांसफर की गई। आईपीएस अधिकारी के फर्जी फेसबुक अकाउंट से पीड़ित के पास मैसेज भेजा गया था। एक्सप्रेसवे थाने में दी शिकायत में ललित सिंह चौधरी ने बताया कि इसी माह 20 मई को उनके पिता के पास एक आईपीएस अधिकारी के फर्जी फेसबुक अकाउंट से मैसेज आया। मैसेंजर में जो मैसेज प्राप्त हुआ उसमें आईपीएस द्वारा शिकायतकर्ता के पिता से कहा गया कि उससे असिस्टेंट कमांडेंट सुमित कुमार थोड़े देर में संपर्क करेंगे। शिकायतकर्ता के पिता को उनसे फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने को भी कहा गया। मैसेज आने के कुछ मिनट बाद ही कथित सुमित कुमार ने ललित के पिता से व्हाट्सऐप पर संपर्क किया।

### नशे में धुत महिला ने काटा हंगामा

**नोएडा।** शराब के नशे में धुत महिला और उसके साथियों को जब कैब चालक ने अंदर सिगरेट पीने से मना किया तो वे गाली गलौज और बदसलूकी करने लगे। कैब चालक की शिकायत पर पुलिस ने महिला और उसके दो पुरुष साथियों के खिलाफ कार्रवाई की। आरोपियों ने पीआरवी पर



तैनात पुलिसकर्मियों से भी बदसलूकी की। पूरी घटना सेक्टर-113 थानाक्षेत्र में रविवार रात को हुई। इसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। सेक्टर-113 थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार रात में एक महिला ने कैब बुक की। कैब सेक्टर-113 जाने के लिए ही बुक की गई थी। बुकिंग के आधार पर कैब चालक ने महिला को कैब में बैठा लिया। उस महिला के साथ उसके दो पुरुष मित्र भी कैब में बैठ गए। उन मित्रों के नाम अमर तथा आयुष थे। कैब चालक का कहना है कि तीनों ने ही सीमा से ज्यादा शराब पी रखी थी। कैब में बैठकर तीनों सिगरेट पीने लगे। जब कैब चालक ने सिगरेट पीने से मना किया तो तीनों ने कैब चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी।

# नोएडा एमिटी ने एआईटीपीएल कंपनी के साथ एमओयू

- छात्रों के स्टार्टअप को बढ़ावा देकर निवेशकों को जोड़ने का होगा काम



**नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। छात्रों के स्टार्टअप को निवेशकों से जोड़ने के लिए सोमवार को गाजियाबाद के वसुंधरा स्थित एम्सटरसन आई टेक प्राइवेट लिमिटेड (एआईटीपीएल) और एमिटी विश्वविद्यालय के बीच एमओयू साइन किए गए। ये एमओयू विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो आरके कपूर और कंपनी के संस्थापक एवं सीईओ कपिल कुमार के बीच किया गया।कंपनी के संस्थापक कपिल कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य एमिटी के छात्रों द्वारा शुरुआती चरण के स्टार्टअप के साथ मिलकर काम करना और फंडिंग सहायता के लिए सबसे होनहार स्टार्टअप की पहचान करके निवेशकों से जुड़ना है। एटीपीएल आइडिया-स्टेज स्टार्टअप के लिए एक माइक्रो-इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम लॉन्च करेगा और निवेशक संबंध और नेटवर्किंग को भी मजबूत करेगा। वे स्टार्टअप के लिए समय-समय पर मेंटरशिप भी करेंगे। एमिटी विश्वविद्यालय के एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डॉ. संजीव बंसल ने कहा कि यह ऐतिहासिक एमओयू छात्रों एवं शिक्षकों को उनका स्टार्टअप प्रारंभ करने में सहायक करेगा। देश की अर्थव्यवस्था को और भी अधिक मजबूत बनाने में सहायक होगा।

# खत्म हुआ इंतजार, अगस्त तक मिल सकते हैं 50 हजार भवनों को स्थाई पते

■ सीपी पाठक

**खोड़ा,** 26 मई (देशबन्धु)। सरकारी कार्य की शुरुआत या पूरे होने में कई औपचारिकताओं की जरूरत होती है। परिणामस्वरूप कई छोटे-छोटे कार्यों में शुरू होने में वर्षों समय बर्बाद हो ही जाता है। ऐसे ही कई कार्य के शुरुआत होने में सरकारी कार्यालयों में औपचारिकता पूरी होने में काफी समय बर्बाद हो जाता है। कार्य को पूरा करने का लक्ष्य चार महीने का परन्तु वर्षों बाद शुरु होता है। खोड़ा निकाय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग बारह लाख आबादी निवासरत है। लगभग पचास हजार से ज्यादा भवन सरकारी इमारतें डिस्पेंसरी स्कूल मंदिर मस्जिद चर्च गुरुद्वारे अस्पताल है।



- पिछले चालीस वर्षों से आबाद कॉलोनी के भवनों को अभी तक नहीं मिली पहचान
- चार वर्ष पूर्व दस हजार भवन स्वामियों से वसूले गए बीस लाख भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए

चालीस वर्ष बीत जाने के बावजूद भी विशाल आबादी वाले भवनों को स्थाई पहचान नहीं मिली। वर्षों से अंधकार की गर्त में मकान और गलियां अपना ही वजूद ढूंढते रहे। शायद विकास की एक किरण का प्रकाश पड़ जाए और उनको अपने अस्तित्व की पहचान मिल जाए। नगर पालिका परिषद द्वारा पहले भी मकानों को स्थाई पते देने का प्रयास तो किया गया। परंतु व्यक्तिगत स्वार्थ की वजह से बंदरबांट के विवादों की वजह से परिणाम ढाक के तीन पात रहा। उल्लेखनीय है कि चार वर्ष बाद नगर पालिका परिषद के अधिकारियों द्वारा बाकायदा योजना बनाकर जीआईएस सर्वे करने के उपरांत मकानों को स्थाई पते देने का प्रयास किया गया। भवन स्वामियों से दो सौ रुपए वसूलकर नोएडा के निजी फर्म को प्लेटें चस्पा करने का कार्य सौंपा गया। खोड़ा रेजिडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी समाजसेवी ब्रह्मेश्वरनाथ मिश्रा लक्ष्मीचंद झा सभासद संजीव गिरी के नेतृत्व नगर पालिका परिषद द्वारा गठित 6 सदस्यीय टीम अन्य कई संगठनों सभासदों चेयरमैन द्वारा बड़े विरोधाभास की वजह से नपा बोर्ड द्वारा सभासद संजीव गिरी के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम गठित करके सुझाव मिलने के उपरांत पुन: योजना बनाई गई। भवनों का जीआईएस सर्वे स्थाई पते पर खर्च होने वाली लागत और फंड की व्यवस्था बनाई गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थाई पते लगाने वाली फर्म को लिखित रूप से अधिकृत किए जाने के उपरांत गूगल अर्थ के माध्यम से केएमएल फाइल बनाने का कार्य निजी एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने बताया कि आगामी पंद्रह दिन में परिसीमन का कार्य पूरा होने के बाद भवनों को स्थाई पते देने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। भवनों को स्थाई पहचान मिलने के बाद कई समस्याओं का समाधान स्वत: हो जाएगा।

# प्रदूषण को साफ करने में कारगर नहीं मिस्ट स्प्रे

- पायलट प्रोजेक्ट में नहीं दिखा रिजल्ट
- मुख्य सड़कों पर नहीं लगाए जाएंगे स्प्रे

**नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। नोएडा में वायु प्रदूषण खासतौर पर पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) यानी धूल के कण को कम करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने डीएससी रोड पर एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया।

इसके तहत 700 मीटर के स्ट्रैच में 13 पोल पर मिस्ट स्प्रे लगाए गए। पायलट प्रोजेक्ट में योजना प्रदूषण को कम करने में कारगर नहीं है। इसलिए प्राधिकरण अब योजना पर पैसा खर्च नहीं करेगा। साथ ही अन्य मुख्य सड़कों पर इसे नहीं लगाएगा।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि मिस्ट स्प्रे प्रोजेक्ट से जैसी उम्मीद थी। वैसा नोजल काम नहीं कर रहे है। इससे धूल के कण को नियंत्रित नहीं किया जा रहा है। ऐसे में इस प्रोजेक्ट के तहत अन्य सड़कों पर मिस्ट स्प्रे नहीं लगाए जाएंगे। साथ ही इसका अन्य विकल्प भी तलाशा जाएगा। ताकि प्रदूषण और धूल के कणों को वायु मंडल में आने से रोका जा सके। बता दे मिस्ट स्प्रे पीक आवर में सुबह और शाम तीन-तीन घंटे चलाए जा रहे हैं। एक पोल पर छह मिस्ट स्प्रे नोजल लगे है।

### प्रेशर के साथ पानी की फुहार

प्राधिकरण ने करीब 15 से 20 दिन पहले सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-16 तक करीब 700 मीटर में सेंट्रल वर्ज के पिलर में लगाया गया था। पहले देखा गया कि पोल पर लगाए गए स्प्रे की ऊचाई काफी ज्यादा है। लेकिन हवा की तेज रफ्तार और हैवी ट्रैफिक के चलते मिस्ट स्प्रे धूल के कणों को जमीन पर नहीं बैठा पा रहा है। धूल के कण वातावरण में है। जबकि स्प्रे सुबह 8 से 11 और और शाम को 6 से 9 बजे तक 10 मिनट के अंतराल पर चलाए जा रहे थे। फिलहाल अब इन स्प्रे को अन्य सड़कों पर नहीं लगाया जाएगा।

### पायलट प्रोजेक्ट पर 50 लाख खर्च

इसे पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज पर लगाया गया है। अभी एक स्ट्रैच पर लगाया गया है। इसके बाद दूसरा स्ट्रैच लगाया जाना था। इसको लगाने में करीब 50 लाख का खर्च किए गए थे।

# पेयजल की समस्या का समाधान नहीं होने पर जाम करेंगे हाइवे : दीपक जोशी

**खोड़ा,** 26 मई (देशबन्धु)। खोड़ा रेजिडेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में वार्ड नंबर 23 में रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए के आर ए वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुबला सलूजा ने कहा कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा 2 महीने का समय दिया



गया था अब वह 2 महीने भी समाप्त होने जा रहे हैं। अधिकारीयो से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिल रहा है। पब्लिक अब परेशान है। जनता के सुझाव एवं दबाव के आर ए पर इतना बढ़ गया है। मजबूरन अब खोड़ा रेजिडेंट एसोसिएशन को पानी की मांग को लेकर हाइवे जाम करना होगा। केआरए अध्यक्ष दीपक जोशी के नेतृत्व में खोड़ा में नुक्कड़ बैठको का आयोजन लगातार किया जा रहा है। केआरए सचिव अमर सिंह ने कहा जनता अब जनप्रतिनिधियों पर भरोसा नहीं करती है। जनप्रतिनिधियों ने अपना भरोसा अब खो दिया है। इसका खामियाजा जनप्रतिनिधियों को चुनाव में भुगतना पड़ेगा। महासचिव ललित मिश्रा ने कहा केआरए अध्यक्ष दीपक जोशी के नेतृत्व में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है और अब हर वार्ड में टीम को जनता के द्वारा बुलाया जा रहा है। उन्होंने कहा स्थानीय जनप्रतिनिधि विधायक सांसद और चेयरमैन से पानी को लेकर कोई वार्ता नहीं करते।

# भाजपा द्वारा अहिल्याबाई होलकर कीर्ति शताब्दी स्मृति अभियान सम्पन्न

**गाजियाबाद,** 26 मई (देशबन्धु)। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर कीर्ति शताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत गाजियाबाद महानगर भाजपा द्वारा आयोजित भव्य प्रदर्शनी का समापन समारोह अत्यंत भक्ति मय गीत संगीत के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अपने संबोधन में सिसोदिया ने लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन की प्रमुख घटनाओं, उनके सामाजिक दृष्टिकोण और न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था का उल्लेख करते हुए सभी से उनके चलने का आह्वान किया। सिसोदिया ने




- अहिल्याबाई के सिद्धांतों के जीवन में आत्मसात करें : सिसौदिया

प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि यह आयोजन लोकमाता वीरांगना अहिल्याबाई होलकर की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए भाजपा गाज़ियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन भारतीय संस्कृति की प्रेरणास्त्रोत धरोहर है। उनके न्याय, धर्म और सेवा के सिद्धांत आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने बताया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर 24 घंटे चली प्रदर्शनी में लगभग 2 लाख लोगों ने प्रदर्शनी के माध्यम से लोकमाता पुंड्या श्लोक अहिल्याबाई होलकर के जीवन वृत्त को जाना और उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने का काम किया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में लगाई गई इस विशेष प्रदर्शनी में अहिल्याबाई होलकर के जीवन, संघर्ष, न्यायप्रियता, तथा लोकसेवा के अद्वितीय आदर्शों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल व उनकी पूरी टीम ने इसे आमजन की पहुँच में लाकर अद्वितीय कार्य किया है, इसके लिए वे प्रशंसा के पात्र हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने अभियान के संयोजक बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, विनोद कसाना, गौरव चोपड़ा, नवनीत मित्तल, पूनम कौशिक एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित प्रदर्शनी के आयोजन में लगे कार्यकर्ताओं के समर्पित प्रयासों की सराहना की।

# मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन पर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित

**गाजियाबाद,** 26 मई (देशबन्धु)। सौर ऊर्जा उत्पादन से 'क्लीन और ग्रीन एनर्जी' के उपयोग को बढ़ावा देते हुए एनसीआरटीसी ने मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन पर सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित किया है। यह एनसीआरटीसी के स्टेशनों, डिपो और सब-स्टेशनों को सौर ऊर्जा उत्पादन के केंद्रों में बदलने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो इस सिस्टम के कार्बन फुटप्रिंट्स को काफी कम करता है।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि वर्तमान में नमो भारत कॉरिडोर के साहिबाबाद,



गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई नमो भारत स्टेशन एवं दुहाई डिपो स्टेशन और डिपो बिल्डिंग के अलावा गाजियाबाद और मुरादनगर आरएसएस पर सोलर पावर प्लांट पहले से स्थापित हैं। अब इस कड़ी में मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन स्टेशन भी जुड़ गया है। मेरठ साउथ स्टेशन की छत पर लगे संयंत्र की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी 717 किलोवाट पीक (के डब्ल्यू पी) है।

- प्रत्येक पैनल की कैपेसिटी 550 वाटपीक

उन्होंने बताया कि मेरठ साउथ स्टेशन की छत पर 1304 सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक पैनल की कैपेसिटी 550 वाटपीक है। यह ऊर्जा संयंत्र अनुमानित तौर पर प्रति वर्ष लगभग 8,15,000 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न करेगा। मेरठ साउथ स्टेशन के सोलर प्लांट से अनुमानित तौर पर सालाना 750 टन कार्बन उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है। एनसीआरटीसी ने दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर सौर ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को अपनाते हुए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। इस प्रक्रिया में स्टेशनों, डिपो और रिसीविंग सब-स्टेशनों की छतों पर सौर पैनल स्थापित किए गए हैं। दिल्ली-मेरठ के बीच 82 किमी लंबे सम्पूर्ण नमो भारत कॉरिडोर पर इससे 11 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन करने का लक्ष्य है, जिससे सालाना 11,500 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है।

उवाच

यह सिर्फ लीग नहीं बल्कि, 6 महाद्वीपों का समागम है, जो दर्शकों को रोमांच और पुरानी यादों का बेहतरीन मेल देने जा रहा है। शेड्यूल को इस तरह से तैयार किया गया है कि रोमांच बना रहे और दुनियाभर के दर्शक हर दिन स्क्रीन से जुड़े रहें। जहां पूर्व दक्षिण अफ्रीकी धाकड़ बल्लेबाज हर्शल गिब्स अफ्रीकन लायंस की कप्तानी करेंगे, तो वहीं एशियन किंग्स की अगुवाई सुरेश रैना के हाथों में है : **प्रदीप सांगवान, आईएलसी संस्थापक और निदेशक।**



# यमुना सिटी में इंटरनेशनल फिल्म सिटी का निर्माण जल्द होगा शुरू




- फिल्म निर्माता निर्देशक बोनी कपूर ने कहा कि 20 जून से पहले होगा फिल्म सिटी का शिलान्यास
- फिल्म सिटी का ड्राफ्ट लेआउट प्लान यमुना प्राधिकरण में किया जमा, जांच के बाद प्राधिकरण करेगा मंजूर

**ग्रेटर नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने सोमवार को घोषणा की कि यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-21 में इंटरनेशनल फिल्म सिटी के लिए भूमि पूजन 30 जून से पहले होगा। यह समयसीमा 27 जून, 2024 को हस्ताक्षरित रियायती समझौते के अनुसार है, जिसमें निर्माण कार्य एक साल के भीतर शुरू करने का नियम है। बोनी कपूर ने यमुना प्राधिकरण अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि निर्माण कार्य समझौते के नियमों का सख्ती से पालन करेगा। पहले चरण में फिल्म स्टूडियो और फिल्म संस्थान जैसे मुख्य ढांचे पर काम शुरू होगा और तीन साल में पूरा होगा। इससे यह स्पष्ट हुआ कि व्यावसायिक निर्माण के साथ फिल्म से जुड़े कार्य शुरू नहीं होंगे। यह फिल्म सिटी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, जिसका लक्ष्य राज्य को फिल्म निर्माण, मीडिया, मनोरंजन और पर्यटन का बड़ा केंद्र बनाना है।

यह प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास यमुना एक्सप्रेस वे पर 1,000 एकड़ में बन रहा है। पहले चरण में 230 एकड़ पर 1,510 करोड़ रुपए का निवेश आठ साल में होगा। 155 एकड़ में फिल्म स्टूडियो, साउंड स्टेज, पोस्ट-प्रोडक्शन यूनिट जैसे मुख्य ढांचे बनेंगे, जो चार कैंपस में बंटे होंगे। पहले चरण में 75 एकड़ पर रिटेल, ऑफिस और मनोरंजन कॉम्प्लेक्स वाला व्यवसायिक केंद्र भी बनेगा। बोनी कपूर की अगुवाई वाली बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड ने 18 फीसदी राजस्व हिस्सेदारी की सर्वोच्च बोली लगाकर प्रोजेक्ट हासिल किया। 2024 में प्रोजेक्ट का अवार्ड पत्र मिला और 30 जनवरी, 2025 को मास्टर प्लान को मंजूरी दी गई। यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह ने कहा कि केवल समझौते के अनुसार ही निर्माण को मंजूरी मिलेगी। कोई भी बदलाव स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने बताया कि पार्किंग, लैंडस्केपिंग और बागवानी के लिए मंजूरी लेनी होगी और प्रोजेक्ट चरणबद्ध तरीके से बनेगा। 27 फरवरी को यीडा ने पहले चरण के लिए 230 एकड़ जमीन बेव्यू को सौंपी। दो दिन पहले जमा लेआउट प्लान में फिल्म स्टूडियो, फिल्म संस्थान, कलाकारों के लिए आवास और व्यवसायिक हिस्से शामिल हैं। लेकिन, समझौते का पालन सुनिश्चित करने के लिए यीडा संभवत: लेआउट में संशोधन मांगेगा। यह प्रोजेक्ट करीब 5 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। इस महीने की शुरुआत में यीडा ने बेव्यू को पत्र लिखकर पहले फिल्म स्टूडियो और संस्थान के लिए मंजूरी लेने और फिर निर्माण शुरू करने को कहा। पत्र में चेतावनी दी गई कि 27 जून, 2024 के समझौते के एक साल के भीतर निर्माण शुरू न होने पर 1.5 लाख रुपए प्रतिदिन का जुर्माना लगेगा। 230 एकड़ के लिए लैंड यूज मैप को इस साल मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन पहले चरण के भवनों का विस्तृत लेआउट, पार्किंग और लैंडस्केपिंग के लिए एनओसी लेना जरूरी है।

### फिल्म सिटी में होगा खास फिल्म फेस्टिवल क्षेत्र

फिल्म निर्माता निर्देशक बोनी कपूर ने बताया यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बनने वाली इंटरनेशनल फिल्म सिटी के लिए प्रस्तावित योजना में एक बड़ा कन्वेंशन सेंटर होगा, जिसमें फिल्म समारोहों के लिए 8,000 से 10,000 सीटें होंगी और भारतीय सिनेमा पर एक म्यूजियम भी बनेगा। इसके अलावा, एक खास फिल्म फेस्टिवल क्षेत्र होगा, जिसमें गेस्ट हाउस और ऑडिटोरियम होंगे। योजना में कलाकारों के लिए रहने की जगह और भारत की अलग-अलग वास्तुकला शैलियों वाले छोटे स्टूडियो यूनिट होंगे, जिन्हें शूटिंग या मेहमानों के ठहरने के लिए किराए पर लिया जा सकेगा। यहां बड़े साउंड स्टेज और एक खास अंडरवाटर शूटिंग स्टूडियो भी होगा। व्यवसायिक निर्माण आठ साल में चार चरणों में होगा, लेकिन यह तब शुरू होगा जब फिल्म से जुड़ा मुख्य ढांचा तैयार हो जाएगा, जैसा कि यीडा ने निर्देश दिया है।

## ग्रेनो के 130 मीटर सड़क पर जल निकासी के लिए ड्रेन का निर्माण

- रोजा से सैनी गोलचक्कर तक सड़क के दोनों ओर चल रहा काम
- ढाई किमी लंबी ड्रेन का काम छह माह में पूरा होने की उम्मीद

**ग्रेटर नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर चौड़ी सड़क पर जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है। रोजा से सैनी गोलचक्कर तक सड़क के दोनों ओर ढाई किलोमीटर में चल रहे काम के छह माह में पूरा होने की उम्मीद है। कुछ हिस्से में पहले ही काम हो चुका है।

दरअसल 130 मीटर सड़क पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ता जा रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट चालू होने के बाद ट्रैफिक का दबाव और अधिक बढ़ जाएगा। इस मार्ग से आने वाले लोगों को भविष्य में जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सड़क के दोनों ओर ड्रेन के निर्माण की योजना बनाई गई है।

इसके तहत ग्रेटर नोएडा वेस्ट इलाके में रोजा गोलचक्कर से सैनी गोलचक्कर तक आरसीसी ड्रेन का निर्माण शुरू करा दिया गया है। अधिकारी के मुताबिक इसके छह माह में पूरा होने की उम्मीद है। इससे बेहतर जल निकासी सुनिश्चित हो सकेगी। चारमूर्ति/ गौड़ चौक से शुरू होने वाली इस सड़क के दोनों ओर चरणबद्ध तरीके से ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। यह सड़क अभी ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव तक बनी है, जिसकी लंबाई 27 किलोमीटर है। बता दें कि इस मार्ग को ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को देखते हुए ही बस-लेन का अलग से निर्माण किया जा रहा है। वहीं बेहतर जल निकासी के लिए दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) मार्ग पर हल्दौनी के पास भी ड्रेन का निर्माण किया ज रहा है,जो अगले एक माह में पूरा हो जाएगा। यहां बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है।

**सड़कों पर जलभराव की समस्या पैदा न हो इसके लिए सभी प्रमुख सड़कों के किनारे ड्रेन का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। 130 मीटर सड़क पर रोजा से सैनी गोलचक्कर तक ड्रेन का निर्माण शुरू करा दिया गया है, जो छह माह में पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही उन सभी स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है,जहां पर ड्रेन के निर्माण की जरूरत है।**

**एके सिंह, महाप्रबंधक परियोजना, ग्रेनो प्राधिकरण।**

## आईएलसी के उद्घाटन में इंडियन वॉरियर्स व अफ्रीकन लायंस के बीच होगा मुकाबला

- मंगलवार से शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में होगा शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्रेटर नोएडा में शुरू हो रही इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) का उद्घाटन मुकाबला इंडियन वॉरियर्स और अफ्रीकन लायंस के बीच 27 मई को शाम 7: 30 बजे से खेला जाएगा। जिसके बाद 28 मई से प्रतिदिन डबल हेडर मुकाबले देखने को मिलेंगे। दिन का पहला मैच दोपहर 3: 30 बजे से, जबकि दूसरा मुकाबला शाम 7: 30 बजे शुरू होगा। लीग चरण 3 जून को समाप्त होगा, जिसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले 4 जून को क्रमश: दोपहर 3: 30 बजे और शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे, जिसके बाद 5 जून को भव्य समापन समारोह के साथ ग्रैंड फिनाले मुकाबला खेला जाना तय है। आईएलसी के संस्थापक और निदेशक प्रदीप सांगवान ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि यह सिर्फ लीग नहीं बल्कि, 6 महाद्वीपों का समागम है, जो दर्शकों को रोमांच और पुरानी यादों का बेहतरीन मेल देने जा रहा है। शेड्यूल को इस तरह से तैयार किया गया है कि रोमांच बना रहे और दुनियाभर के दर्शक हर दिन स्क्रीन से जुड़े रहें। जहां पूर्व दक्षिण अफ्रीकी धाकड़ बल्लेबाज हर्शल गिब्स अफ्रीकन लायंस की कप्तानी करेंगे, तो वहीं एशियन किंग्स की अगुवाई सुरेश रैना के हाथों में है। एशिया की इस टीम में रैना के साथ पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज तिलकरत्ने दिलशान और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान भी जलवा बिखेरते नजर आएंगे। 6 महाद्वीपों की 6 टीमों के बीच खेली जा रही। खेलने वाली टीमों में अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटंस (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन स्ट्राइकर्स, एशियन किंग्स और इंडियन वॉरियर्स शामिल है।

### यातायात पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

शहीद विजय सिंह पथिक क्रिकेट स्टेडियम थाना क्षेत्र बीटा-2 में इन्टरकॉन्टिनेंटल लेजेंड्स चैंपियनशिप को लेकर यातायात विभाग ने आमजन को सूचारु यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु अल्प समय के लिए आवश्यतानुसार यातायात का डायवर्जन किया जाएगा। जिसमें पार्किंग की व्यवस्था वीआईपी पार्किंग स्टेडियम गेट न. 02 के सामने। सामान्य पार्किंग (दो पहिया वाहन) स्टेडियम गेट न. 01 के सामने, सामान्य पार्किंग-1 (चार-पहिया वाहन) सिटी वन पार्क की पार्किंग में और सामान्य पार्किंग-2 (चार पहिया वाहन) प्लॉट में। अवधग्रीन चौराहे / बीकानेर के पास, खाली स्थान और रिजर्व पार्किंग स्टेडियम गेट न. 02 से गेट न. 04 के मध्य होगा।

## वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य को शत्-प्रतिशत पूरा करने के लिए मिला निर्देश

**ग्रेटर नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश समीर वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्टांप एवं पंजीकरण विभाग की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बुलन्दशहर प्रमोद कुमार पांडेय एवं स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग से अपर महानिरीक्षक निबन्धन (पश्चिमी क्षेत्र) मनीन्द्र सिंह, उप महानिरीक्षक निबन्धन गौतमबुद्ध नगर अरुण कुमार मिश्र सहित सभी विभागों व प्राधिकरण के प्रतिनिधि मौजूद रहे। महानिरीक्षक निबन्धन ने बैठक में उपस्थित सभी नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना, बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण की तरफ से उपस्थित प्रतिनिधियों को सुना तथा आवंटियों के अनिबन्धित फ्लैटों की रजिस्ट्री कराने हेतु तत्सम्बन्धित प्राधिकरण के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए। इसके बाद स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के जनपद गौतमबुद्ध नगर एवं बुलन्दशहर के सहायक महानिरीक्षक निबन्धन तथा उप निबन्धकगण को वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निर्धारित लक्ष्य की शत्-प्रतिशत प्राप्ति हेतु कड़े निर्देश दिए गए। इसी के साथ गौतमबुद्ध नगर को भी लम्बित वसूली प्रमाण पत्रों में अन्तर्निहित धनराशि की वसूली प्राथमिकता के आधार पर कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद बुलन्दशहर एवं गौतमबुद्ध नगर के समस्त उप निबन्धकों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय में उपस्थित होने वाले समस्त आमजनों को विभाग की तरफ से प्राप्त समस्त लाभ प्रदान किया जाए तथा कार्यालय के साफ-सफाई, आगंतुकों के बैठने, पीने के पानी इत्यादि जन-सुविधाओं का समुचित ध्यान रखा जाए। बैठक के अन्त में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मानक से अधिक लेखपत्रों का स्थल निरीक्षण करें ताकि करापवंचन पर अंकुश लगे। इसके अतिरिक्त प्रवर्तन कार्य करते हुए, वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु आवंटित लक्ष्य का शत् प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।




- महानिरीक्षक निबंधन उत्तर प्रदेश समीर वर्मा की अध्यक्षता में स्टांप व पंजीकरण विभाग की हुई समीक्षा बैठक

## एकेटीयू में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 27 मई से शुरू

- बीटेक में प्रवेश के लिए जेईई मेंस में शामिल अभ्यर्थियों को मिलेगी वरीयता

**ग्रेटर नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनिरिंग संस्थानों के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया 27 मई से शुरू हो रही है। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण 30 जून तक चलेगा। इस बार जेईई मेंस की मेरिट के साथ ही सीयूईटी यूजी और 12वीं पास अभ्यर्थियों को भी प्रवेश का मौका दिया जाएगा। हालांकि प्रवेश प्रक्रिया में पहली वरियता जेईई मेंस की मेरिट वाले अभ्यर्थियों को मिलेगा। इसके बाद सीयूईटी यूजी में शामिल अभ्यर्थी मौका पाएंगे। यदि सीटें बचती हैं तब 12वीं पास अभ्यर्थियों को प्रवेश मिलेगा। इसलिए यदि किसी अभ्यर्थी ने जेईई मेंस दिया है तो उसी के आधार पर पंजीकरण करायें। क्योंकि 12वीं में अच्छी मेरिट होने के बाद भी काउंसलिंग में वरीयता जेईई मेंस के अभ्यर्थी को दी जाएगी। अभ्यर्थी अपना पंजीकरण यूपीटीएसी की वेबसाइट पर जाकर करा सकते हैं।

## गांव की आबादी का सर्वे कर दायरा बढ़ाया जाए : राकियू




**रबूपुरा,** 26 मई (देशबन्धु)। जिन किसानों की जमीन आपसी सहमति या अधिग्रहण से ली जा रही हैं उनकी आबादी का सर्वे कराया जाए तथा गांव का आवासीय दायरा बढाया जाए। अतिरिक्त मुआवजा व आवासीय भूखंड दिए जाने की समय सीमा निर्धारित की जाए। उक्त बातें राष्ट्रीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष चौ0 इकपाल सिवाच ने रविवार को गांव थोरा में आयोजित संगठन की मासिक बैठक के दौरान कहीं। इसके साथ ही उन्होंने विद्युत आपूर्ति सुचारू करने, रबूपुरा-जेवर मार्ग को तत्काल प्रभाव से बनाए जाने व तहसील जेवर में लेखपालों द्वारा व्याप्त भृष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर प्राधिकरण का कार्य रुकवा कर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उधर ग्रेटर नोएडा यमुना प्राधिकरण से प्रभावित किसानों ने की महापंचायत तिरथली गांव में आयोजित की गई। जिसमें 25 से ज्यादा गांव के किसान महापंचायत में शामिल हुए। किसानों का आरोप वर्षों पहले यमुना प्राधिकरण कर चुका है जमीन अधिग्रहण लेकिन बढ़ा हुआ मुआवजा प्लॉट अभी तक नहीं मिले। स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने से नाराज किसानों ने प्राधिकरण को चेतावनी दी है कि मांगे जल्द पूरी नहीं हुईं तो यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में चल रहे कार्य को रोके जाएंगे। किसानों के बीच पहुंचे जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने जल्द समस्या निस्तारण का आश्वासन दिया है। इस दौरान शाहिद मंजूर, सुधीर त्यागी, महेश शर्मा, राजकुमार, जीतू, कालू, दुष्यन्त, अनिल प्रधान, राजू आदि मौजूद रहे।

## रानी अहिल्याबाई त्रिशताब्दी जयंती समारोह में महिलाओं को किया प्रोत्साहित

**ग्रेटर नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। रानी अहिल्या बाई की त्रिशताब्दी जन्म जयंती पर दादरी विधानसभा में मोहन कुंज भवन दादरी मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व सांसद कान्ता कर्दम व विशिष्ट अतिथि विधायक मास्टर तेजपाल नगर, दादरी नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी ने किया। पूर्व सांसद कान्ता कर्दम ने कहा कि रानी अहिल्या बाई होल्कर भगवान शिव सच्ची की उपासक थी उसके लिए उन्हें शिव कामिनी महा देवी अहिल्या बाई से भी जाना जाता है। उन्होंने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आगे बढ़ाने को 30 प्रतिशत संसद में आरक्षण देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने जनता के सुख को सर्वोपरि माना अपने दुख को अविरत रखने वाली अधर्म से धर्म तक लोक कल्याणकारी दिशा दिखाने वाली भौतिक लालसा से अधिक आध्यात्मिक शांति शक्ति पर विश्वास रखने वाली देवी थी उन्होंने 1767 से 1795 तक के अपने कार्यकाल में कई सामाजिक कार्य किले विश्रामगृह कुएं सड़कों के निर्माण के साथ ही मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया केदार नाथ से लेकर बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर के साथ देवालयों को सुधार के ऐतिहासिक कार्य किये उनकी प्रेरणा से अभिभूत होकर भाजपा की आज की सरकारें लोक जन हित के काम कर रही है। जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने काशी में भगवान राम मंदिर सीता माता लक्ष्मण शत्रुघ्न तथा वीर बजरंगी हनुमान जी की प्रतिमाएं निर्मित करवाई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गीता पंडित, जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, दीपक नागर, अहिल्याबाई जिला कार्यक्रम संयोजक धर्मेन्द्र कोरी, रजनी तोमर, सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी, कर्मवीर आर्य, नगराध्यक्ष राजीव सिंघल, मास्टर रुस्तम बघेल, अश्वनी गोयल ,वीरेन्द्र भाटी, रवि जिन्दल, विमल पुंडीर, राज नागर, विजय रावल आदि पुरुष व महिलाएं शामिल थी।



## बिजली के पोल पर लाइन ठीक करते लाइनमैन झुलसा

**दनकौर,** 26 मई (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे में सोमवार को बिजली के पोल पर लाइन ठीक करते वक्त एक कर्मचारी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। जिसका दनकौर के ही एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में परिजनों ने पुलिस को शिकायत नहीं दी थी। कोतवाली क्षेत्र के भट्टा गांव निवासी विकास पिछले करीब 18 वर्ष से दनकौर कस्बे के बिजली घर पर लाइनमैन के पद पर तैनात है। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह कस्बे के गढ़ी मोहल्ले में लाइन में फाल्ट हो गया था। जिसकी सूचना विभाग को लोगों ने दी थी। जिसके बाद लाइनमैन विकास लाइन को ठीक करने के लिए शटडाउन लेकर पहुंचे थे। बताया जाता है कि जब वह पोल पर चढ़कर लाइन को ठीक कर रहे थे। उसी दौरान लाइन में अचानक करंट आ गया। जिसकी चपेट में आकर वह बुरी तरह से झुलसकर नीचे गिर गए। जिनको अन्य कर्मचरियों ने दनकौर के अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों का कहना है कि शटडाउन के बाद भी लाइन में करंट आ गया। जिन्होंने बिजली विभाग पर लापरवाही के आरोप भी लगाए हैं। कोतवाली पुलिस का कहना है कि इस संबंध में अभी तक पीड़ित पक्ष की तरफ से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। इस संबंध में जेई मनजीत जयंत का कहना है कि लाइनमैन को शटडाउन दिया गया था। किसी व्यक्ति ने अपने घर में जनरेटर चला रखा था। जिसका करंट लाइन में उतरने की वजह से यह घटना हुई है।



## निपुण प्लस, डीबीटी योजना, स्मार्ट क्लास सहित शैक्षिक योजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण



- जिले की एक शिक्षिका हुई सम्मानित
- कलेक्ट्रेट में देखा गया सजीव प्रसारण




**ग्रेटर नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन लखनऊ में आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ-लोकार्पण समारोह का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर विधायक दादरी तेजपाल नागर, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विद्यनाथ शुक्ला, उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डाइट राज सिंह यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की 8 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई। कक्षा 3 से 12 के छात्रों हेतु निपुण प्लस का बटन दबाकर शुभारंभ किया गया। साथ ही शैक्षिक सत्र 2025-26 में डीबीटी के माध्यम से ड्रेस, जूता, मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी व स्कूल बैग हेतु धनराशि हस्तांतरण का उद्घाटन भी हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निपुण आकलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित 5 प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया, जिनमें गौतमबुद्ध नगर की उच्च प्राथमिक विद्यालय छिजारसी की प्रधानाध्यापक अंजना वर्मा भी शामिल हैं। जिले के दादरी ब्लॉक में प्यावली ताजपुर व बिसरख के पाली गांव में अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का निर्माण होगा, जबकि चिटैहरा स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय को उच्चीकृत कर कक्षा 12 तक संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर लखनऊ के कार्यक्रम के अनुरूप जनपद में निपुण रहे विद्यालयों में से उच्च प्राथमिक विद्यालय छलेरा, चिटैहरा, नवादा व प्राथमिक विद्यालय बीरमपुर के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। समर कैंप को नवाचार पूर्वक संचालित करने वाले विद्यालयों में से उच्च प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 12, पर्थला खंजरपुर, खुर्शेदपुरा, रसूलपुर डासना, सिरसा, बादौली बांगर, साबौता मुस्तफाबाद व कानीगढ़ी के शिक्षामित्रों व प्रधानाध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। विधायक दादरी तेजपाल नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षकों का आचरण अनुकरणीय होना चाहिए। बच्चों में प्रारंभ से ही संस्कार देना जरूरी है। शिक्षक का दर्जा बहुत ऊंचा होता है, जिसे बनाए रखने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने जनपद को प्राप्त हो रही शैक्षिक सुविधाओं हेतु शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बताते हुए उनकी जिम्मेदारियों की ओर ध्यान दिलाया।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. No. Daffodil-46, 3rd Floor, Area-80.82 Sqm., Eldeco Residecy Greens, Sector-Pi, Greater Noida जो कि Smt. Neeti Srivastava & Sh. Swashant Srivastava निवासी- Flat No. No. Daffodil-46, 3rd Floor, Eldeco Residecy Greens, Sector-Pi, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक 30.11.2009 को पंजीकृत है। Sh. Swashant Srivastava की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Smt. Neeti Srivastava ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Smt. Neeti Srivastava W/o Late. Sh. Swashant Srivastav का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 27 मई 2025

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मोदी की विदेश नीति पर सवालिया निशान

नरेन्द्र मोदी सरकार जिस विदेश नीति पर चल रही है, उसके संभावित नुकसान के बारे में राहुल गांधी काफी पहले से आगाह करते रहे हैं। लेकिन कभी भी नेता प्रतिपक्ष श्री गांधी की सही सलाह को मोदी सरकार ने नहीं सुना, बल्कि भाजपा नेता उन्हें राजनीति का नौसिखिया साबित करने में लगे रहे या फिर उनके बयानों से देशविरोधी ताकतों को बल मिलता है, ये आरोप लगाते रहे। अभी डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम के दावों को लेकर भी राहुल गांधी ने जो सवाल किए उसके बाद भाजपा नेताओं ने यहां तक कह दिया कि राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं और उन्हें निशान-ए-पाकिस्तान से नवाज़ा जाएगा। घरेलू राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप चलते रहते हैं, लेकिन विदेश नीति में सारे दल अब तक एकजुटता दिखाते रहे हैं, मगर अब मोदी सरकार में यह परंपरा भी टूट चुकी है। अब विदेश नीति मोदीनीति के तौर पर प्रस्तुत की जा रही है।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर 33 देशों में भेजा गया सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इसकी मिसाल है। भारत के पहले भी पाकिस्तान और चीन के साथ युद्ध हुए, कभी भी भारत ने पहले हमला नहीं किया, बल्कि परिस्थितियां संभालने के लिए उसे हथियार उठाने पड़े। यह बात पूरी दुनिया में अकाट्य सत्य की तरह बनी हुई है, इसलिए इससे पहले भारत को कभी भी अपना पक्ष रखने के लिए सांसदों, राजनयिकों की टोली देश-देश नहीं भेजनी पड़ी। इस बार भी भारत ऐसा कुछ न करता तब भी दुनिया ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल नहीं करती। क्योंकि जैसा हमेशा हुआ, अब भी वैसा ही हुआ कि सीमापार से आतंकी हमारी धरती पर आए, हमला किया, निर्दोष नागरिकों को मारा और तब जाकर भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों पर हमला किया। पाकिस्तान ने पलटवार करने के लिए जो कदम उठाए, भारत ने उनका भी तगड़ा जवाब दिया। अफसोस है कि पुंछ जैसे सीमाई इलाकों में निर्दोष नागरिकों की मौत हुई, लेकिन यहां सेना की नहीं सरकार की गलती थी, कि उसने पहले से नागरिक सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए। बाकी जिन शहरों या सैन्य अड्डों को पाकिस्तान ने निशाना बनाने की कोशिश की, वो सारी हमारी रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दी थी। लेकिन इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने बीच में आकर सब गड़बड़ कर दिया। ट्रंप की मध्यस्थता से भारत युद्ध विराम के लिए सहमत हुआ यह संदेश तो पूरी दुनिया में गया ही, क्योंकि भारत ने अब तक इसका खंडन नहीं किया है। दूसरी तरफ पाकिस्तान को भी बढ़कर बोलने और खुद को पीड़ित की तरह पेश करने का मौका मिला। मोदी सरकार की विदेश नीति की यह सबसे बड़ी असफलता थी कि जिन देशों ने पहलगाम हमले के तुरंत बाद भारत के लिए सहानुभूति दिखाई, उनमें से कोई ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारत के साथ खड़ा नहीं रहा, अफगानिस्तान को छोड़कर।

अब प्रधानमंत्री मोदी देश में तो खुद घूम-घूमकर ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और उस पर राजनीति करने में लगे हैं, उधर उनका पक्ष रखने के लिए विदेशों में गया प्रतिनिधिमंडल भी भारत के पक्ष में माहौल बनाने में किस हद तक सफल होगा, यह विचारणीय है। क्योंकि इन प्रतिनिधिमंडलों की बैठकें अमूमन सामाजिक संगठनों, विचार मंचों, और वहां के प्रवासी भारतीय समुदाय से हो रही हैं, बहुत कम देशों में सरकार के साथ उच्च स्तरीय बैठक इन दलों की हुई है। जबकि विदेश नीति के मसले, किस देश को किस मुद्दे पर कितना साथ देना है, ऐसे फैसले सरकार में ऊंचे पदों पर बैठे लोग ही तय करते हैं, जो नीति निर्धारक होते हैं असल शक्ति उनके हाथों में होती है, और इन लोगों के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल की बैठकें हुई हैं, ऐसा देखने नहीं मिला। मेहमाननवाजी के तकाजे के हिसाब से अपने देश आए भारतीय प्रतिनिधिमंडल को हर देश सम्मान दे रहा है, उनकी बात सुन रहा है, आतंकवाद की निंदा भी कर रहा है, लेकिन क्या मोदी सरकार का मकसद केवल यही था। अगर ऐसा ही समर्थन जुटाना था तो फिर इन तमाम देशों में भारतीय दूतावास इस जिम्मेदारी को पूरा कर सकते थे। अच्छी, मनलुभावन बातें करने के लिए क्या जनता के धन पर इन प्रतिनिधिमंडलों को भेजा गया है।

खास तौर पर अमेरिका की बात करें तो भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पहुंचने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के बयान में कोई बदलाव आया, यह परखना चाहिए। क्योंकि मकसद तो भारत को सही और पाकिस्तान को गलत दिखाना है। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक ऐसी कोई खबर नहीं आई कि ट्रंप का कोई बयान परिवर्तन हुआ हो। बल्कि अब इस प्रतिनिधिमंडल के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री और राष्ट्रीय सुरक्षा उपसलाहकार पवन कपूर भी अमेरिका जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनकी यात्रा का मकसद अमेरिका को यह समझाना ही है कि भारत और पाकिस्तान अपने मसले खुद सुलझा सकते हैं और इसमें किसी मध्यस्थ की जरूरत नहीं है। अमेरिका के पाकिस्तान के साथ बढ़ते व्यापारिक संबंधों को लेकर भी भारत अपनी चिंता व्यक्त कर सकता है। अब सरकार के इन दो प्रतिनिधियों से क्या ट्रंप को पाकिस्तान का साथ देने से रोका जा सकेगा, यह विचारणीय है। वैसे गौरतलब है कि शशि थरूर के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने वहां अलग-अलग मंचों से आतंकवाद के खिलाफ अपनी बात रखी, लेकिन इन मंचों पर ट्रंप सरकार का कोई नुमाइंदा रहा हो, ऐसी खबर नहीं है।

इधर फ्रांस भी भारतीय दल पहुंचा है, लेकिन खबर ये भी है कि राफेल बनाने वाली दसॉ एविएशन ने भारत के साथ इस लड़ाकू विमान का सोर्स कोड यानी उसे चलाने वाला सॉफ्टवेयर या उसकी प्रोग्रामिंग भारत के साथ साझा करने से इंकार कर दिया है। भारत को अगर यह सोर्स कोड मिलता तो उसे अपने रक्षा उपकरणों को आगे जाकर अपग्रेड करने में मदद मिलती। मगर फ्रांसीसी कंपनी के इंकार के बाद अब भारत फिर से अपने पुराने परखे दोस्त रूस से सहायता लेने जा रहा है। रूस में बनने वाले एस यू 57 लड़ाकू विमान भारत खरीदने पर विचार कर रहा है और रूस ने इसकी तकनीकी जानकारी भारत के साथ साझा करने पर सहमति जताई है। यानी घूमफिर कर रूस ही हमारा मददगार साबित होता है। लेकिन फिर भी देश अमेरिका को लेकर दीवानगी दिखाता है, यह दुखद है।

कुल मिलाकर आज की तारीख में यही नजर आ रहा है कि मोदी सरकार बिना सोचे समझे वैश्विक, वैदेशिक संबंधों पर आगे बढ़ रही है, उसमें देश का नुकसान हो रहा है।

# बहुत कुछ है जिस की पर्दादारी है!

ऑपरेशन सिंदूर के बाद, राजस्थान में बीकानेर की अपनी सभा में प्रधानमंत्री मोदी, डॉयलागबाजी के अपने शीर्ष पर थे। यहां श्रोताओं की जोरदार तालियों के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ इसी का बखान नहीं किया कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सफलता तथा सटीकता के साथ, पाकिस्तान में आतंकियों के अड्डों को तबाह कर दिया गया, उन्होंने इसका भी बखान किया किस तरह भारत ने पाकिस्तान के सीने पर ऐसा तगड़ा प्रहार किया था, जिससे पाकिस्तानी सेना लड़ाई रुकवाने के लिए बातचीत की प्रार्थना करने पर मजबूर हो गयी। भारत ने उसे अच्छी तरह समझा दिया है कि आइंदा उसके खिलाफ आतंकवादी हरकत की गयी तो उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी; पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, पाकिस्तान की सेना को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी आदि। बहरहाल, डॉयलागों की इस शृंखला का सिरमौर था प्रधानमंत्री मोदी का सिंदूर वाला डॉयलाग—'अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं गरम सिंदूर दौड़ रहा है'!

चाहे यह सिर्फ संयोग हो या बरबस वास्तविक मंतव्य का सामने आ जाना, प्रधानमंत्री मोदी को बीकानेर की इस सभा के मौके पर, पांच साल पहले बालाकोट एअर स्ट्राइक के बाद राजस्थान में ही चुरू में हुई अपनी सभा खूब याद थी। यह तो सभी जानते हैं कि बालाकोट एअर स्ट्राइक पुलवामा के आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में हुई थी, जिसमें सुरक्षा बलों के करीब चालीस जवान शहीद हुए थे। लेकिन, यह शायद ज्यादा लोगों को याद नहीं होगा कि चुरु की उक्त सभा से ही, जिसमें भी प्रधानमंत्री मोदी ने 'देश नहीं मिटने दूंगा, देश नहीं झुकने दूंगा' की प्रभावशाली डॉयलागबाजी की थी, पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के राजनीतिक और वास्तव में 2019 के आम चुनाव के लिए, दोहन के जबर्दस्त अभियान की शुरूआत हुई थी। बीकानेर की सभा से प्रधानमंत्री मोदी ने उसी सिलसिले के एक और चक्र की शुरूआत कर दी लगती है।

यह संयोग ही नहीं है कि सिंदूर के प्रतीक को सचेत रूप से इस अभियान के केंद्र में बनाए रखा जा रहा है। सिंदूर के प्रतीक का अगले कुछ ही महीने में होने वाले बिहार के विधानसभाई चुनाव के लिए और उसके कुछ और आगे, अगले साल के आरंभ में होने वाले बंगाल-असम के चुनावों के लिए विशेष महत्व है, हालांकि हिंदी सिनेमा से लेकर शिक्षा तथा सांस्कृतिक लेन-देन तक, प्रतीकों के सार्वदेशीकरण की प्रक्रिया में धीरे-धीरे सिंदूर, देश भर में विवाहिता के एक चिन्ह के रूप में स्थापित हो गया है, जोकि विडंबनापूर्ण तरीके से पितृसत्ता का प्रतीक भी है। इसीलिए, यह संघ परिवार के प्रिय प्रतीकों में से है, जो स्त्री के पूरे व्यक्तित्व को ही उसके वैवाहिक दर्जे में घटाने की कोशिश करता है। यह संयोग ही नहीं है कि संघ के इसी नजरिए को स्वर देते हुए, हरियाणा से भाजपा के सांसद, रामचंद्र जांगड़ा ने तो उन औरतों को, जिनके पतियों/ पिताओं की पहलगाम में आतंकवादियों ने हत्या की थी, बाकायदा इसके लिए फटकारा है कि उन्होंने मौके पर 'वीरांगना के भाव''का प्रदर्शन नहीं किया! सत्ताधारी पार्टी के सांसद के अनुसार, उनका वीरांगना के भाव का प्रदर्शन न कर के हाथ जोड़ना ही, उनके अपनों के काल का कारण बना। होना तो यह चाहिए था कि वे भले खुद शहीद हो जातीं, पर लाठी-डंडा जो भी मिल जाता, उसी से सामने से मुकाबला करतीं, पर वे तो हाथ जोड़े रहीं। बस संघ परिवार के नेता के इतना कहने की ही कसर रह गयी कि जब घर के पुरुष ही मार दिए गए, फिर इन महिलाओं के जिंदा रहने का क्या फायदा? यहां आकर सिंदूर के प्रतीक के उपयोग की वह प्रतिगामिता खुलकर सामने आ जाती है, जिसकी ओर 'ऑपरेशन सिंदूर' के आरंभ में ही कई नारीवादियों और जनतंत्रवादियों ने इशारा किया था।

पुन: जैसाकि मोदी राज में नियम ही बन गया है, इस अभियान के केंद्र में भी, सेना को हटाकर मोदी को लाया जा चुका है। यह, ऑपरेशन सिंदूर के फौरन बाद, 13 से 23 मई तक के भाजपा के देशव्यापी अभियान में पहले ही किया जा चुका था। अब जगह-जगह लगे होर्डिंगों, बैनरों पर, कहीं हवाई जहाजों के साथ, तो कहीं तोपों के साथ, सैनिक पोशाक में सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी हैं। बीकानेर की सभा के दो-तीन दिन बाद ही, प्रधानमंत्री गुजरात के दौरे पर निकल गए हैं, जहां रोड शो समेत तरह-तरह के उन्हीं पर केंद्रित कार्यक्रमों के जरिए, मोदी की छवि के गिर्द ऑपरेशन सिंदूर और उसमें जीत के दावों को पुख्ता किया जाएगा। यह शायद इसलिए और भी जरूरी है कि अभी चुनाव में थोड़ा सा वक्त बाकी है यानी हवा को अपेक्षाकृत ज्यादा दिन तब बनाए रखना है।



राजेंद्र शर्मा

> राष्ट्रमत की यह कथित एकता तब कथित राष्ट्रमत की तानाशाही का रूप ले लेती है, जब इसके सहारे तमाम सवालों को दबाया जाने लगता है, भले ही वे सीधे शासन को कटघरे में खड़े करने वाले सवाल न हों, जैसे पहलगाम में सुरक्षा चूक के सवाल और जम्मू-कश्मीर में धारा-370 के खत्म किए जाने के बाद से, आतंकवाद के आखिरी सांसें गिन रहे होने के ढपोरशंखी दावों के सवाल, जो सीधे शासन को कटघरे में खड़ा करते हैं।

यह भी कोई संयोग नहीं है कि नीति आयोग की काउंसिल के मौके पर आयोजित, एनडीए के मुख्यमंत्रियों तथा उप-मुख्यमंत्रियों की बैठक ने, बाकायदा एक प्रस्ताव पारित कर, ऑपरेशन सिंदूर में सेना की भूमिका के साथ-साथ, प्रधानमंत्री के नेतृत्व की प्रशंसा की है। संभवत: इसी प्रस्ताव का रास्ता तैयार करने के लिए, मोदी सरकार ने सिर्फ सत्तापक्षीय मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया था, जिस पर विपक्षी पार्टियों ने इस आधार पर आपत्ति भी की थी कि चूंकि यह बैठक ऑपरेशन सिंदूर पर मुख्यमंत्रियों को ब्रीफ करने के लिए बुलायी जा रही थी, विपक्षी मुख्यमंत्रियों को इससे बाहर क्यों रखा जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय राजनीतिक राय की एकता की जिस तरह की मांग सत्तापक्ष और मीडिया में उसके पक्षधरों द्वारा उठायी जा रही थी, यह भी उसके इकतरफापन का एक और उदाहरण था। लेकिन, नरेंद्र मोदी एकता के ऐसे तकाजों से रुकने वाले नहीं थे। उनकी निगाह अपनी प्रशंसा के प्रस्ताव पर थी और इसका नतीजा यह हुआ कि एकता की सारी लफ्फाजी के बीच सिर्फ सत्तापक्षीय मुख्यमंत्रियों-उप-मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई, जिसने खुशी-खुशी उक्त प्रस्ताव पारित किया।

इस इकतरफापन का एक और भी बड़ा उदाहरण, विपक्ष के सारे आग्रह के बावजूद, मोदी सरकार का संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए तैयार नहीं होना और इसके बजाए, सांसदों के नेतृत्व में विभिन्न देशों में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का था, जिसमें पुन: आतंकवाद के मुद्दे पर राष्ट्रीय राय की एकता का वही संदेश दिया जाना है। इन प्रतिनिधिमंडलों के लिए सत्तापक्ष द्वारा जिस तरह से विपक्ष से प्रतिनिधियों को चुना गया है, वह भी उसी इकतरफापन का एक और उदाहरण है।

बहरहाल, राष्ट्रमत की यह कथित एकता तब कथित राष्ट्रमत की तानाशाही का रूप ले लेती है, जब इसके सहारे तमाम सवालों को दबाया जाने लगता है, भले ही वे सीधे शासन को कटघरे में खड़े करने वाले सवाल न हों, जैसे पहलगाम में सुरक्षा चूक के सवाल और जम्मू-कश्मीर में धारा-370 के खत्म किए जाने के बाद से, आतंकवाद के आखिरी सांसें गिन रहे होने के ढपोरशंखी दावों के सवाल, जो सीधे शासन को कटघरे में खड़ा करते हैं। विपक्ष के नेता, राहुल गांधी जब सीमावर्ती इलाके में पुंछ में, भारत-पाकिस्तान के बीच घोषित-अघोषित युद्ध की विभीषिका झेल रहे लोगों से जाकर मिले, इसने प्रभावशाली ढंग से यह याद दिलाया कि युद्ध से प्रभावित होने वाले ये लोग भी इसी देश के नागरिक हैं। राजधानियों के फैसलों के नतीजे में इन सीमावर्ती इलाकों को जो झेलना पड़ता है, क्या राजधानियों के फैसलों में उसका समुचित या पर्याप्त हिसाब रखा जाता है? युद्ध संबंधी निर्णयों की इस कीमत की मौजूदा निजाम में शायद ही कभी चर्चा सुनाई देती हो। इसीलिए, प्रधानमंत्री मोदी के किसी भी भाषण, किसी भी बयान में, सीमावर्ती इलाकों के लोगों की इन मुश्किलों और कुर्बानियों का भी कोई जिक्र तक नहीं मिलता है। लेकिन, क्या सैन्य विकल्प का कोई भी फैसला करते हुए, इस कीमत को भी हिसाब में नहीं लिया जाना चाहिए।

ऐसा ही एक और मुद्दा, जिसे राहुल गांधी ने ही प्रभावशाली तरीके से उठाया है, युद्ध के वास्तविक नतीजों का है। मोदी सरकार, ऑपरेशन सिंदूर के खत्म नहीं होने के स्वांग की आड़ में, इसकी न्यूनतम प्रामाणिक जानकारियां तक छुपा कर रखने की कोशिश कर रही है कि इस लड़ाई में हमें क्या और कितनी कीमत चुकानी पड़ी है? सत्ताधारी पार्टी के पास एक ही रटा-रटाया जवाब है—यह ऐसे सवालों के जवाब देने का समय नहीं है। वास्तव में इसके पीछे मूल समझदारी यह है कि सरकार के सिवा और किसी को ऐसी जानकारी की जरूरत ही क्या है? दूसरी ओर मिट्टी में मिला देने से लेकर धूल चटा देने तक के दावों को अंतहीन तरीके से दोहराया जा रहा है। इस तरह एक ऐसा नैरेटिव गढ़ा जा रहा है, जिसमें सरकार और उसके गोदी मीडिया की ओर से बोलने वालों की मानें तो, भारत के लिए युद्ध की कोई कीमत ही नहीं है, जबकि पाकिस्तान के लिए इकतरफा तरीके से भारी कीमत है। इस तरह का असंतुलित विचार बाकायदा युद्धोन्माद को हवा दे रहा है। और यह युद्धोन्माद, संघ-भाजपा की मूल कार्यनीति के साथ बखूबी फिट बैठता है, हालांकि आपरेशन सिंदूर के शस्त्रविराम को अपने अनुयाइयों के ही गले उतरवाने में उन्हें भी अच्छी-खासी मशक्कत करनी पड़ी थी। दुर्भाग्य से कथित राष्ट्रमत की तानाशाही, विपक्ष के भी बड़े हिस्सों को इसी गाड़ी के पीछे घिसटने के लिए मजबूर करती नजर आ रही है। नसों में दौड़ते सिंदूर की डॉयलागबाजी, इसी सब पर पर्दा डालने का साधन है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# ट्रम्प का व्यापार धर्मयुद्ध : विनिर्माण राष्ट्रवाद की बेपरवाह कोशिश

■ के रवींद्रन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जिस आर्थिक राष्ट्रवाद कहते हैं वह अब उनका व्यापार धर्मयुद्ध बन गया है जिसके लिए वह अथक प्रयास कर रहे हैं। इसके तहत वह वैश्विक अर्थव्यवस्था के नये और अधिक विविध क्षेत्रों को निशाना साध रहे हैं। इस अभियान का नवीनतम मोर्चा हाई-टेक उद्योग है, जिसमें स्मार्टफोन निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है।

इस धर्मयुद्ध में सबसे खास घटनाक्रमों में से एक ट्रम्प द्वारा एप्पल के सीईओ टिम कुक को आईफोन निर्माण गतिविधियों को भारत से वापस संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानांतरित करने के लिए राजी करने की कोशिश, जिसमें वह स्पष्ट रूप से विफल हो गये हैं। यह विफलता एक कठोर वास्तविकता को उजागर करती है-कॉर्पोरेट रणनीति उतनी लचीली नहीं है जितनी ट्रम्प उम्मीद कर सकते हैं, और वैश्विक विनिर्माण को आधार देने वाले आर्थिक तर्क को राजनीतिक दबाव से आसानी से पलटा नहीं जा सकता, भले ही दुनिया के सबसे शक्तिशाली कार्यालय द्वारा उसे लागू किया गया हो। भारत में अपने विनिर्माण कार्यों को जारी रखने और यहां तक कि विस्तार करने का एप्पल का निर्णय कई कारणों से प्रेरित है – लागत दक्षता, एक उभरते बाजार तक पहुंच और चीन पर अत्यधिक निर्भरता के खिलाफ भू-राजनीतिक बचाव। यह केवल ट्रम्प की अवहेलना का मामला नहीं है, बल्कि यह लोकलुभावन बहादुरी पर व्यावसायिक तर्क की जीत है।

> व्यापार जिहाद केवल एक आर्थिक अभियान नहीं है – यह एक राजनीतिक प्रदर्शन, चुनावी लाभ के लिए सावधानीपूर्वक बानाया गया अभियान है। फिर भी, इस प्रदर्शन की एक कीमत है। स्मार्टफोन और अन्य तकनीकी उत्पादों पर टैरिफ अनिवार्य रूप से उपभोक्ताओं पर डाला जायेगा, जिनमें से कई उन्हीं लोगों से संबंधित हैं, जिसकी रक्षा करने का दावा ट्रम्प करते हैं।

इस प्रतिरोध पर ट्रम्प की प्रतिक्रिया विशिष्ट रूप से आक्रामक रही है। अपने दृष्टिकोण को फिर से मापने के बजाय, उन्होंने थर्ड डिग्रीज़ तरीकों के माध्यम से कदम उठाये हैं जिसे आर्थिक जबरदस्ती ही कहा जा सकता है। इनमें अनुपालन को मजबूर करने के उद्देश्य से टैरिफ और अन्य दंडात्मक उपायों की धमकियां शामिल हैं। उच्च आयात शुल्क की धमकियों के साथ एप्पल को लक्षित करके और सैमसंग को इसी तरह की धमकियाँ देकर, ट्रम्प वैश्विक तकनीकी दिग्गजों को अपने घरेलू विनिर्माण एजंडे के साथ संरेखित करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, यह रणनीति विरोधाभासों और खतरों से भरी हुई है।

स्मार्टफोन निर्माण एक अत्यधिक जटिल और अधिक पूंजी लगने वाली प्रक्रिया है। यह एक सुव्यवस्थित वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भर करता है जिसमें कई देशों के घटक, अत्यधिक कुशल श्रम और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा शामिल हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, अपनी सभी तकनीकी क्षमताओं के बावजूद, वर्तमान में प्रतिस्पर्धी मूल्य पर घरेलू स्तर पर स्मार्टफोन का उत्पादन करने के लिए सक्षम नहीं है क्योंकि वहां बड़े पैमाने पर सुविधाओं और लागत संरचना का अभाव है। इस बदलाव को मजबूर करने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप उपभोक्ता कीमतें काफी बढ़ सकती हैं, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान आ सकता है और संभावित रूप से उत्पाद की गुणवत्ता के मुद्दे भी हो सकते हैं। यह उनकी नीति का बाजार की वास्तविकताओं से टकराव का एक पाठ्यपुस्तक वाला मामला है।

इसके अलावा, ट्रम्प का अभियान उनकी विदेश नीति की लेन-देन प्रकृति से कमज़ोर है। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी तथाकथित दोस्ती, जिसका वे अक्सर सार्वजनिक भाषणों और रैलियों में बखान करते हैं, उस समय लुप्त हो जाती है जब अमेरिकी कॉर्पोरेट हित उनके राष्ट्रवादी एजंडे के साथ संरेखित नहीं होते हैं। यह दोहरापन अंतरराष्ट्रीय भागीदारों द्वारा अनदेखा नहीं किया जाता है, जो तेजी से अमेरिकी नीति को अनिश्चित और स्वार्थी के रूप में देखते हैं। यह कूटनीतिक रिश्तों की ईमानदारी और स्थायित्व पर भी सवाल उठाता है, जो साझा मूल्यों या दीर्घकालिक रणनीतिक हितों के बजाय सुविधा पर आधारित होते हैं।

यह असंगतता वैश्विक मंच पर संयुक्त राज्य अमेरिका की विश्वसनीयता को कमज़ोर करती है। ट्रम्प के एजेंडे के केंद्र में यह विश्वास है कि विनिर्माण नौकरियों को क्रूर बल द्वारा अमेरिका में वापस लाया जा सकता है। वह टैरिफ और व्यापार बाधाओं के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र के पुनरुद्धार की कल्पना करते हैं, बावजूद इसके कि दशकों के आर्थिक विकास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को सेवाओं, स्वचालन और डिजिटलीकरण की ओर बढ़ाया है। आर्थिक महानता का यह उदासीन दृष्टिकोण एक बीते युग की याद दिलाता है जिसे केवल आदेश द्वारा पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता है। आज विनिर्माण कमज़ोर, अधिक स्वचालित और मानव श्रम पर कम निर्भर है। ऑफ़शोरिंग के कारण खोयी गयी नौकरियां वही नहीं हैं जो सबसे अनुकूल परिस्थितियों में भी वापस आ सकती हैं।

वास्तव में, व्यापार जिहाद केवल एक आर्थिक अभियान नहीं है – यह एक राजनीतिक प्रदर्शन, चुनावी लाभ के लिए सावधानीपूर्वक बानाया गया अभियान है।

फिर भी, इस प्रदर्शन की एक कीमत है। स्मार्टफोन और अन्य तकनीकी उत्पादों पर टैरिफ अनिवार्य रूप से उपभोक्ताओं पर डाला जायेगा, जिनमें से कई उन्हीं लोगों से संबंधित हैं, जिसकी रक्षा करने का दावा ट्रम्प करते हैं। उदाहरण के लिए, सैमसंग स्मार्टफोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ अमेरिकी खरीदारों के लिए उन्हें काफी महंगा बना देगा, जिससे उपभोक्ता विकल्प कम हो जायेंगे और संभावित रूप से मांग कम हो जायेगी। एप्पल के लिए, प्रभाव और भी अधिक स्पष्ट हो सकता है, क्योंकि यह पहले से ही प्रीमियम मूल्य बिंदु पर है और लाभ मार्जिन बनाये रखने के लिए मात्रा पर बहुत अधिक निर्भर करता है। उच्च कीमतें बिक्री को नुकसान पहुंचा सकती हैं, कंपनी की बाजार स्थिति को कमजोर कर सकती हैं, और यहां तक कि इसके स्टॉक मूल्य को भी प्रभावित कर सकती हैं। इसके जो परिणाम होंगे वे व्यापक अर्थव्यवस्था में लहर की तरह होंगे।

इसके अलावा, टैरिफ लगाने से अमेरिकी धरती पर कारखानों के विदेशों से वांछित स्थानांतरण के लक्ष्य हासिल होने की संभावना नहीं है। इसके बजाय कंपनियां अन्य उभरते बाजारों में विविधता ला सकती हैं जहां श्रम और उत्पादन लागत अभी भी अनुकूल हैं। वियतनाम, इंडोनेशिया और मैक्सिको इसके प्रमुख उदाहरण हैं। यह न केवल अमेरिकी टैरिफ को दरकिनार करेगा बल्कि वैश्विक तकनीकी अर्थव्यवस्था को आकार देने में अमेरिकी प्रभाव को और भी कम करेगा। नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास उत्पादन के विकेंद्रीकरण को तेज कर सकता है, जिससे इसके रणनीतिक लक्ष्य कमज़ोर हो सकते हैं।

# जवाहर लाल नेहरू और अटलजी

■ अरविंद कुमार सिंह

संसद भवन परिसर में संविधान सदन में ऐसे बेहद अहम हिस्से में पंडित जवाहर लाल नेहरू की 16 फीट ऊंची प्रतिमा लगी है, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। वह प्रतिमा शिवराज पाटिल के लोकसभा अध्यक्ष काल में लगी। जो प्रतिमा लगी उसे वास्तव में हवाई अड्डे पर लगाने के लिए बनाया गया था लेकिन बाद में फैसला हुआ कि संसद भवन में लगे। प्रतिमा में नेहरूजी नीचे की ओर देख रहे थे। इस प्रतिमा पर उस दौर के विपक्षी नेता अटलजी से भी सलाह ली गयी थी। प्रतिमा उनके सुझाव के अनुरूप ही लगी।

नेहरूजी प्रधानमंत्री और दिग्गज नायक थे, जब अटलजी ने संसद में प्रवेश किया। पर वाजपेयी जी की हिंदी ने नेहरू को भी प्रभावित किया था। संसद में अटलजी के सवालों का जवाब नेहरूजी हिंदी में दिया करते थे। विदेशी मामलों में अटलजी की खासी दिलचस्पी थी और इस विभाग का प्रभार नेहरूजी के पास ही था। पक्ष और विपक्ष के बीच इनका जो रिश्ता बना वह कितना प्रगाढ़ था इसकी झलक लोगों ने तब देखी जब 1964 में पंडित नेहरू के निधन पर अटलजी ने राज्य सभा में जो शानदार भाषण दिया था वह समय-समय पर उद्धरित होता रहता है। उन्होंने अपने लंबे उद्गार में 29 मई 1964 को यहां तक कहा कि-

महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में भगवान राम के सम्बन्ध में कहा है कि वे असम्भवों के समन्वय थे। पंडितजी के जीवन में महाकवि के उसी कथन की एक झलक दिखाई देती है। वह शान्ति के पुजारी, किन्तु क्रान्ति के अग्रदूत थे; वे अहिंसा के उपासक थे, किन्तु स्वाधीनता और सम्मान की रक्षा के लिए हर हथियार से लड़ने के हिमायती थे। वे व्यक्तिगत स्वाधीनता के समर्थक थे किन्तु आर्थिक समानता लाने के लिए प्रतिबद्ध थे। उन्होंने समझौता करने में किसी से भय नहीं खाया, किन्तु किसी से भयभीत होकर समझौता नहीं किया। पाकिस्तान और चीन के प्रति उनकी नीति इसी अद्भुत सम्मिश्रण की प्रतीक थी।

अटलजी ने ये भी कहा था कि चीनी आक्रमण के दिनों में जब हमारे पश्चिमी मित्र इस बात का प्रयत्न कर रहे थे कि हम कश्मीर के प्रश्न पर पाकिस्तान से कोई समझौता कर लें, तब एक दिन, मैंने उन्हें बड़ा क्रुद्ध पाया। जब उनसे कहा गया कि कश्मीर के प्रश्न पर समझौता नहीं होगा तो हमें दो मोर्चों पर लड़ना पड़ेगा तो वो बिगड़ गये और कहने लगे कि अगर आवश्यकता पड़ेगी तो हम दोनों मोर्चों पर लड़ेंगे। किसी दबाव में आकर वो बातचीत करने के खिलाफ़ थे।

वाजपेयीजी के मन में नेहरूजी के लिए बहुत अधिक इज़्ज़त थी। 1977 में जनता पार्टी सरकार बनने के दौरान जब अटलजी विदेश मंत्री के रूप में साउथ ब्लॉक अपने मुख्यालय पहुंचे तो उनको पता चला कि एक मुख्य स्थल पर दीवार पर लगा नेहरूजी का चित्र ग़ायब है। अटलजी ने इस बारे में पड़ताल कराई तो विदेश सचिव ने उनको बताया कि अधिकारियों ने यह सोचकर उसे हटवा दिया था कि शायद उसे देखकर आप खुश नहीं होंगे। इस घटना के बाद श्री वाजपेयी ने आदेश दिया कि उस चित्र को वापस लाकर उसी स्थान पर लगाया जाये। और फिर वह चित्र लगा।

प्रधानमंत्री के रूप में 17 वर्षों तक विदेश मंत्रालय का कार्य भी नेहरूजी ने संभाला था। यह उनकी सोच थी कि नवोदित राष्ट्र को सैन्य गुटों तथा गठबंधनों से बाहर रखें। गुट-निरपेक्षता की उनकी नीति इसी विचार के तहत थी। वह एक गतिशील नीति थी, जिसे वैश्विक प्रतिष्ठा मिली। पंडित जवाहर लाल नेहरू विश्व नेता थे। तीसरी दुनिया के तो वे निर्विवाद नायक ही थे। भारत के विदेश मंत्री के तौर पर देश के सबसे कठिन कालखंडों में संसद में जवाहर लाल नेहरू ने ही मोरचा संभाला और मील के पत्थर कायम किए। अक्टूबर 1947 में देश को कश्मीर पर पाकिस्तान के साथ संघर्ष का सामना करना पड़ा। चाहे वह पड़ोसी मुल्कों से अच्छे रिश्ते हों या फिर शांति व स्थिरता का संदेश, नेहरू प्रखरता से अपनी इन नीतियों का पालन करते रहे। तिब्बत सीमा विवाद के वक्त चीन ने पंडित जवाहर लाल नेहरू का कद छोटा करने के लिए उनका चरित्र हनन करना शुरू किया था। उनकी सोच यह थी कि नेहरू से टकराने के लिए पहले नेहरू का कद घटाना जरूरी है, पर उसमें उनको सफलता नहीं मिली।



## ललित सुरजन की कलम से

### तालाब सुखाने और पेड़ काटने का सुख

*'बिलासपुर यात्रा में मैंने एक तरफ तो यह देखा कि रास्ते के तमाम वृक्ष काटे जा चुके हैं और दूसरी ओर बिलासपुर शहर का तापमान रायपुर से अधिक रहने लगा है। राजमार्ग के पेड़ इसलिए कटे क्योंकि सड़क को फोरलेन बनाया जा रहा है। मैं मानता हूं कि देश में सभी तरफ बेहतर सड़कों की आवश्यकता है। देश के भीतर परिवहन की गति और सुरक्षा दोनों बढ़ाने की आवश्यकता है। भारत वैश्विक अर्थतंत्र का हिस्सा है और उसकी भी यही मांग है। रूपक रचना हो तो कहूंगा कि रॉकेट युग में बैलगाड़ी की रफ्तार से चलना अब वांछित नहीं है। इसके विस्तृत कारणों में नहीं जाऊंगा। लेकिन ध्यान आता है कि जब रायपुर नगर से विमानतल के रास्ते के सैकड़ों वृक्षों को बचाने के लिए योजना बन सकती है तो क्या बिलासपुर के मार्ग पर लगे ऊंचे घने पेड़ों को बचाना संभव नहीं था? हमारे देश में गर्मियां लंबी होती हैं। तीखी धूप का सामना कई महीनों तक करना पड़ता है। ये सड़क किनारे के पेड़ राहगीरों को सुकून पहुंचाते थे। इस बारे में सड़क बनाने वाले विभागों ने ध्यान नहीं दिया, इसकी तारीफ नहीं की जा सकती।'*

**( देशबन्धु में 17 मई 2018 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/05/blog-post_17.html

## पावन प्रसंग

### जब तक संतोष नहीं तब तक स्थायी शांति असम्भव

जैसे-जैसे लोभ होता जाता है वैसे-वैसे लोभ बढ़ता जाता है, तृष्णा आकाश के समान अनंत है, जीवन का अन्त निश्चित है परंतु लोभ का नहीं। लोभ के वशीभूत होकर मानव जीवन स्वाहा कर देते हैं। तीनों लोकों की संपति से भी मानव जन्म का एक-एक पल अनमोल है। संपति देकर भी एक पल भी नहीं खरीदा जा सकता। सद्कार्य करने पर जो बाधा डालता है, वह उसके पाप का भागी है। क्रोध तो प्रीति का विनाशक है। मान से विनय का, माया से सरलता का, परंतु लोभ तो सभी सद्गुणों का नाश कर सकता है। लोभ होने पर मानव, दानव बन जाता है। जिस प्रकार कुत्ते को खुजली होने पर अशांत भटकता है, उसी प्रकार लोभ के कीटाणुओं से शांति भंग हो जाती है व आत्मा की दुर्गति होती है। लोभ रूपी पिशाच ने पारिवारिक खून के रिश्ते में भी कड़वाहट घोल दी है, भाई-बहन, माता-पिता सभी स्वार्थ और लोभ के रिश्ते बन गये हैं। धन की मुख्य भूमिका परिवार में पनप रही है। वह धन भी जीवन के लिए अभिशाप है। जो प्रेम सद्भावना के पावन रिश्तों को नष्ट कर देता है। मानव-मानव आपस में खून के प्यासे हो जाते हैं इंसान नीति को भूल रहा है। अनीति का धन परिवार में अशांति ही पेदा करता है। तृष्णा के जाल से मुक्त नहीं हुए तो अतृप्त आत्मा बनकर उसके आसपास भटकती रहेगी। धन संपति का संयोग भागने-दौड़ने से नहीं बनता। किंतु पुण्य अर्जन से होता है। पशु-पक्षी के पास एक जून का भी संग्रह नहीं है फिर भी चैन की नींद सोते है। इंसान के पास इतना होते हुए भी अशांत है। अशांति से कई रोग उत्पन्न होते हैं।

जब तक मन में संतोष नहीं आता तब तक स्थायी शांति असंभव है। धन से सुख की सामग्री खरीद सकते हैं किंतु शांति नहीं। धन रोकने से कभी नहीं रूकता और मनौती से आता भी नहीं है। त्याग में जो सुख है, जो सच्चा आनंद है, वह अन्य किसी में नहीं, शुभ कर्मों से बढ़कर अपने लिए और कोई संपति नहीं ऐसा विचार जिसके मन में आता है। वहीं परम पिता परमेश्वर का सच्चा उपासक है। धन से बढ़कर धन को महत्व देकर धर्म की रक्षा में धन लगाना चाहिए अत: धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करना पड़े तो भी हर पल तैयार रहें। यही शिक्षा सभी धर्मों में समान रूप से दी है।

**-कांतिलाल मांडोत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## चीन व इंडोनेशिया स्थानीय मुद्रा लेन-देन को बढ़ावा देने पर सहमत

**बीजिंग,** 26 मई (एजेंसियां)। चीन और इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोग ढांचा स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने यह जानकारी दी। केंद्रीय बैंक ने रविवार को एक बयान में कहा कि चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो की संयुक्त गवाही के तहत, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) के गवर्नर पैन गोंगशेंग और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) के गवर्नर पेरी वारजियो ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए सहयोग के वास्ते एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की व्लादिमीर पुतिन व वोलोडिमिर जेलेंस्की की आलोचना, कहा

# अपने देश का भला नहीं कर रहे राष्ट्रपति पुतिन व जेलेंस्की

**वाशिंगटन,** 26 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि अगर वह उस समय पद पर होते तो दोनों देशों के बीच चल रहा युद्ध कभी नहीं छिड़ता।

ट्रंप की यह टिप्पणी रूस के बड़े हवाई हमले के बाद आई है। इस हमले में यूक्रेन के कई नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे भी शामिल थे। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने पुतिन को 'पागल' करार दिया। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनके एक समय पुतिन के साथ अच्छे संबंध थे।

ट्रंप ने लिखा कि मेरे और व्लादिमीर पुतिन के बीच हमेशा बहुत अच्छे रिश्ते रहे हैं, लेकिन उनको कुछ हो गया है। वह पूरी तरह पागल हो गए हैं। वह बेवजह कई लोगों को मार रहे हैं और मैं सिर्फ सैनिकों की बात नहीं कर रहा। मिसाइलें और ड्रोन यूक्रेन के शहरों में बिना किसी कारण के दागे जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि वे यूक्रेन का पूरा हिस्सा चाहते हैं। सिर्फ उसका एक टुकड़ा नहीं और शायद यह सही साबित हो रहा है,



**मैंने हमेशा कहा है कि पुतिन यूक्रेन का पूरा हिस्सा चाहते हैं, सिर्फ उसका एक टुकड़ा नहीं और शायद यह सही साबित हो रहा है : डोनाल्ड ट्रंप**

लेकिन अगर वे ऐसा करते हैं, तो इससे रूस का पतन हो जाएगा। ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की पर भी सवाल उठाए। जेलेंस्की ने हाल ही में कहा था कि अमेरिका की चुप्पी ने पुतिन को और प्रोत्साहित किया है।

ट्रंप ने जेलेंस्की की बयानबाजी की आलोचना करते हुए कहा कि जेलेंस्की अपने देश का भला नहीं कर रहे। उनके मुंह से निकलने वाली हर बात समस्याएं पैदा करती हैं। मुझे यह पसंद नहीं और इसे बंद करना होगा। अगर मैं राष्ट्रपति होता तो यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता।


अमेरिकी राष्ट्रपति रविवार शाम तक रूस के हवाई हमले पर चुप रहे, जब उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए इस मामले पर टिप्पणी की। पुतिन के बारे में ट्रंप ने कहा कि वह बहुत सारे लोगों को मार रहे हैं। मुझे नहीं पता उनके साथ क्या गलत है। उनके साथ आखिर हुआ क्या है? वह बहुत सारे लोगों को मार रहे हैं। मैं इससे खुश नहीं हूं।

## रूस की सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्णय लेते हैं पुतिन : क्रेमलिन



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्णय लेते हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने सोमवार को यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह यूक्रेन में रूस की हालिया कार्रवाइयों को अस्वीकार करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह रूस के खिलाफ अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने की संभावना पर निश्चित रूप से विचार कर रहे हैं। जब पेसकोव से पूछा गया कि क्रेमलिन ने पुतिन के बारे में ट्रम्प के शब्दों का आकलन कैसे किया, तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन हमारे देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्णय लेते हैं।

## यूक्रेनी ड्रोन के बीच फंस गया था पुतिन का हेलीकॉप्टर



**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का हेलीकॉप्टर इस सप्ताह के शुरू में स्वतंत्र घोषित किए गए कुर्स्क क्षेत्र की उनकी पहली यात्रा के दौरान एक बड़े यूक्रेनी ड्रोन हमले में फंस गया था, यह खुलासा एक रूसी सैन्य कमांडर ने किया है। हालांकि, क्षेत्र में एयर डिफेंस यूनिट्स ने हमले को विफल करने में कामयाबी हासिल की और राष्ट्रपति की सुरक्षा सुनिश्चित की। एयर डिफेंस डिवीजन के कमांडर यूरी डैशकिन ने रविवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में चैनल रूस 1 को बताया। इसे न्यूज आउटफिट आरटी ने रिपोर्ट किया। डैशकिन ने कहा कि पुतिन का हेलीकॉप्टर कुर्सक क्षेत्र में दुश्मन के बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए एक ऑपरेशन के केंद्र में था। क्रेमलिन के अनुसार अप्रैल में यूक्रेनी सेना से पूरी तरह से मुक्त होने के बाद, मंगलवार को कुर्स्क क्षेत्र की अपनी पहली यात्रा में पुतिन ने गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन के साथ स्थानीय नगर पालिकाओं के प्रमुखों और स्वयंसेवकों से मुलाकात की। यह यूक्रेनी आक्रमण से प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं। डैशकिन के अनुसार, उस समय, यूक्रेन ने क्षेत्र पर एक अभूतपूर्व यूएवी हमला किया, लेकिन रूसी वायु रक्षा ने 46 आने वाले फिक्स्ड-विंग यूएवी को नष्ट कर दिया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 27 मई, 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15**

### राशिफल

मेष - आज आप खर्च में संयम बनाए रखें। अनावश्यक कारणों पर भी धन खर्च हो सकता है। धन संबंधी एवं लेन-देन संबंधी सभी कामों में सावधानी रखने की जरूरत है। किसी के साथ विवाद न हो, इसका ध्यान रखें।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। मानसिक रूप से आज आप वैचारिक स्थिरता का अनुभव करेंगे। इसके परिणामस्वरूप आप लगन के साथ काम कर पाएंगे।

मिथुन - आपकी वाणी या व्यवहार से आज किसी के साथ गलतफहमी पैदा कर सकते हैं। परिजनों तथा सगे- संबंधियों के साथ खूब संभलकर रहना पड़ेगा। बीमारी या दुर्घटना का योग है, सावधानी बरतें। मान प्रतिष्ठा को हानि पहुंचेगी।

कर्क - आर्थिक आयोजनों और नए कार्य की शुरूआत करने के लिए उत्तम दिन है। व्यापार- धंधे में लाभ, नौकरी में पदोन्नति और आय के स्रोत में वृद्धि होने से आप आनंद और संतोष की भावना का अनुभव करेंगे।

सिंह - नौकरी तथा व्यवसाय के क्षेत्र में लाभदायक और सफल दिन है। आपके कार्यक्षेत्र में आप वर्चस्व और प्रभाव जमा सकेंगे। भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल से आपका काम सरलतापूर्वक पूरा होगा।

कन्या - आपका आज का दिन धार्मिक प्रवृत्तियों में व्यतीत होगा। किसी तीर्थ स्थान की यात्रा के संयोग बनेंगे। विदेश गमन के लिए अवसर निर्मित होंगे। भाई- बंधुओं से लाभ होगा। ऑफिस में अधिकारियों से वाद-विवाद ना करें।

तुला - आकस्मिक धन लाभ का दिन है। आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए उत्तम दिन है। फिर भी नए काम शुरू न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। दोस्तों से सचेत रहें।

वृश्चिक - दैनिक घटना चक्र की प्रवृत्तियों में आज परिवर्तन आएगा। आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन की दुनिया में घूमने के मूड में होंगे। इसमें मित्रों, परिजनों का साथ मिलेगा। सार्वजनिक जीवन में आपकी मान- प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

धनु - आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए आज का दिन शुभ है। कार्य सरलतापूर्वक सफल होंगे। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आपका दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा।

मकर - आपका आज का दिन मिश्र फलदायी साबित होगा। बौद्धिक कार्यों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। परिणाम स्वरूप शारीरिक थकान और ऊबन रहेगी। संतान को लेकर चिंता होगी।

कुंभ - नकारात्मक विचारों से मन में हताशा जन्म लेगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना अनुभव होगी। खर्च बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रहने के कारण परिवार में मनमुटाव और झगड़े होने की संभावना है।

मीन - आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। व्यापारियों को भागीदारी के लिए उत्तम समय है। दांपत्य जीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रेमीजनों का रोमांस अधिक प्रगाढ़ बनेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इजरायल ने गाजा में नए संघर्ष विराम के प्रस्ताव को किया अस्वीकार

**यरुशलम,** 26 मई (एजेंसियां)। इजरायल ने गाजा में हमले रोकने और उसके 10 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य वाले एक नए अमेरिकी प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इजरायल के सरकारी 'कान' टीवी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इस बाबत जारी 'वार्ता' दल में शामिल एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कान टीवी को बताया कि अमेरिकी मध्यस्थों ने कल रात एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पांच जीवित बंधकों की रिहाई एवं पांच बंधकों के शवों की सुपुर्दगी, गाजा में मानवीय सहायता सामग्री की आवाजाही, 70-दिवसीय युद्धविराम और स्थायी युद्धविराम की दिशा में बातचीत जैसे मुद्दे शामिल थे।



**इजरायल ने 'विटकॉफ' प्रारूप पर दिया जोर**

अधिकारी ने बताया कि इजरायल ने इसे 'हमास के सामने आत्मसमर्पण' मानते हुए सिरे से खारिज कर दिया है। इजरायल ने तथाकथित 'विटकॉफ' प्रारूप पर जोर दिया है, जो देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा मार्च की शुरुआत में प्रस्तुत एक प्रस्ताव है। इसमें 50-दिवसीय युद्धविराम के बदले में अतिरिक्त इजरायली बंधकों की रिहाई और लंबे समय तक युद्धविराम पर बातचीत करने का वायदा किया गया है। इसमें हालांकि इजरायली सेना की वापसी या फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई का उल्लेख नहीं है, जो हमास की दो प्रमुख मांगें हैं। इस बीच, इज़रायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का एक और दौर पिछले गुरुवार को श्री नेतन्याहू द्वारा देश के प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलाए जाने के बाद समाप्त हो गया। इसका उद्देश्य इज़रायल के 19 महीने लंबे सैन्य अभियान को समाप्त करना और गाजा में अभी भी बंधक बनाकर रखे गए 58 लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना था।

## अल्बानीस ने की इजरायल की गाजा में आपूर्ति सीमित करने की निंदा

**कैनबरा,** 26 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने गाजा में सहायता सीमित करने के इजरायल के फैसले की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया है। श्री अल्बानीस ने सोमवार को गाजा में जरूरतमंद लोगों को भोजन और आपूर्ति की नाकाबंदी को अपमानजनक बताया और कहा कि उन्होंने इजरायल सरकार को सीधे ऑस्ट्रेलिया की स्थिति से अवगत करा दिया है। उन्होंने कैनबरा में संवाददाताओं से कहा कि हमें इजरायल के बहाने और स्पष्टीकरण पूरी तरह से अस्वीकार्य और विश्वसनीयताहीन लगते हैं। लोग भूख से मर रहे हैं। यह विचार कि एक लोकतांत्रिक राष्ट्र आपूर्ति रोके रखता है, अपमानजनक है। यह मेरी स्पष्ट स्थिति है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग ने मई की शुरुआत में जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन सहित 22 अन्य देशों के समकक्षों के साथ मिलकर इजरायल से गाजा में सहायता की तत्काल पूर्ण बहाली की अनुमति देने और संयुक्त राष्ट्र संगठनों को जीवन बचाने और पीड़ा को कम करने में सक्षम बनाने का आह्वान किया था।



## इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला आया सामने

**अदीस अबाबा,** 26 मई (एजेंसियां)। इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला सामने आया है। देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को इसकी पुष्टि की।



इथियोपिया के स्वास्थ्य मंत्रालय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान ने एक संयुक्त बयान में कहा कि केन्या की सीमा के पास मोयाले शहर में 21 दिन के एक शिशु में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है।

मंत्रालय ने कहा कि बाद में किए गए परीक्षण में भी पुष्टि हुई है कि बच्चे की मां भी वायरस से संक्रमित है। मंत्रालय ने कहा कि बच्चे और उसकी मां को क्वारंटीन में रखा गया है। मंत्रालय के अनुसार बच्चे और उसकी मां दोनों को अब तक कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं हुई है और वे फिलहाल स्थिर स्थिति में हैं।

मंत्रालय ने कहा कि संक्रमण के स्रोत का पता लगाने के लिए समन्वित प्रयास चल रहे हैं। अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) के अनुसार इथियोपिया एमपॉक्स मामले की रिपोर्ट करने वाला नवीनतम अफ्रीकी देश बन गया है तथा पिछले वर्ष की शुरुआत से महाद्वीप पर कुल प्रभावित देशों की संख्या अब 26 तक पहुंच गई है।

## मलेशिया में आसियान शिखर सम्मेलन शुरू

**कुआलालंपुर,** 26 मई (एजेंसियां)। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) का 46वां शिखर सम्मेलन सोमवार को शुरू हुआ। सम्मेलन में क्षेत्रीय एकीकरण और व्यापार तथा आर्थिक व्यवधानों के विरुद्ध लचीलापन एजेंडे में शीर्ष पर रहा।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने पूर्ण अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए आसियान सदस्यों से बदलती विश्व व्यवस्था द्वारा लाई गई चुनौतियों का सामना करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सतत और न्यायसंगत विकास का एजेंडा दरकिनार न हो। उन्होंने कहा कि आसियान के लिए हमारी शांति, स्थिरता और समृद्धि अक्सर एक खुली, समावेशी, नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था पर निर्भर रही है जो व्यापार, पूंजी और लोगों के मुक्त प्रवाह पर आधारित है। इन आधारों को अब मनमानी कार्रवाई के बल पर खत्म किया जा रहा है। उन्होंने कहा, वास्तव में भू-राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव हो रहा है और हाल ही में अमेरिका द्वारा एकतरफा टैरिफ लगाए जाने के कारण वैश्विक व्यापार प्रणाली और भी दबाव में है। संरक्षणवाद फिर से उभर रहा है क्योंकि हम बहुपक्षवाद को टूटते हुए देख रहे हैं।





■ **सम्मेलन में क्षेत्रीय एकीकरण, व्यापार तथा आर्थिक व्यवधानों के विरुद्ध लचीलापन एजेंडा शीर्ष पर**

श्री अनवर ने समूह के मित्रवत भागीदारों के साथ सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने पहले आसियान-चीन-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) शिखर सम्मेलन के महत्व को ध्यान में रखा जो क्षेत्र के सबसे बड़े आर्थिक भागीदार चीन और जीसीसी के साथ समूह को एक साथ लाता है।

## आज का इतिहास

1805-नेपोलियन बोनापार्ट इटली के सम्राट बने।
1894-ख्यातिप्राप्त आलोचक तथा निबन्धकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का जन्म।
1896-जार निकोलस द्वितीय रुस के अंतिम सम्राट बने।
1931-प्रसिद्ध मलयाली कवि और गीतकार ओ. एन. वी. कुरुप का जन्म।
1935-डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पत्नी रमाबाई आम्बेडकर का निधन।
1937-अमरीका के सान फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट नामक दुनिया के एक सबसे खूबरसूरत पुल का उद्घाटन हुआ।
1951-मुंबई में तारापोरवाला एक्वेरियम का उद्घाटन हुआ।
1954-हिन्दी के कवि, पत्रकार एवं पत्रकारिता के प्राध्यापक हेमन्त जोशी का जन्म।
1957-भारत के उद्योगपति और %भारतीय जनता पार्टी% के वरिष्ठ राजनेता नितिन गडकरी का जन्म।
1962-प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी एवं कमेंटेटर रवि शास्त्री का जन्म।
1964-भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के महान सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री (1947-1964) जवाहरलाल नेहरू का निधन।
1981-सोवियत संघ के पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया गया।
1994-नोबेल साहित्य पुरस्कार विजेता रूसी लेखक एलेक्ज़ेंडर सोल्केनित्सिन पश्चिम में 20 वर्ष का निर्वासन समाप्त कर स्वदेश लौटे।
1999-बोत्सवाना की सुन्दरी पुले क्वेलागोव वर्ष 1999 की मिस यूनिवर्स चुनी गयीं।
2000-फिजी में महेन्द्र चौधरी सरकार बर्खास्त, राष्ट्रपति मारा ने प्रशासन सम्भाला।

**पहल** | *बैजयंत पांडा के नेतृत्व में बहरीन की सफल यात्रा के बाद कुवैत पहुंचा प्रतिनिधिमंडल*

# आतंकवाद के खिलाफ व्यापक लड़ाई के बारे में दी जानकारी

**कुवैत सिटी, 26 मई (एजेंसियां)। बहरीन में अपनी सफल यात्रा पूरी करने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कुवैत पहुंचा। यह दो दिवसीय यात्रा ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को रेखांकित करना है। कुवैत में भारत के राजदूत आदर्श स्वैका ने एयरपोर्ट पर बैजयंत पांडा के नेतृत्व में आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कुवैत पहुंचा, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृढ़ संदेश लेकर आया है।**

■ **भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को रेखांकित करना है उद्देश्य**

इससे पहले कुवैत में भारतीय दूतावास ने एक अन्य एक्स पोस्ट में लिखा कि पहलगाम आतंकवादी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, आतंक के खिलाफ लड़ाई, कभी मत भूलो कभी मत माफ करो। बहरीन में भारतीय दूतावास ने एक एक्स पोस्ट में लिखा कि बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बहरीन की अपनी सफल यात्रा पूरी की। भारत अपने मित्र बहरीन को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता व्यक्त करने के लिए धन्यवाद देता है। इस पोस्ट को भाजपा नेता पांडा ने अपने



आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी साझा किया। बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में निशिकांत दुबे, फंगनन कोन्याक, रेखा शर्मा, असदुद्दीन ओवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व भारतीय राजनयिक हर्ष श्रृंगला शामिल हैं।

## कतर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति का किया समर्थन



**दोहा।** कतर के विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल अजीज बिन सालेह अल खुलैफी ने सोमवार को एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में यहां पहुंचे भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। इस दौरान पश्चिम एशियाई देश ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर के महत्व पर भारत के एकीकृत रुख की पुष्टि की।

## सुडोकू 6925


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 8 | | 3 | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| | 8 | 3 | | | | | | 4 |
| | 7 | | 1 | 8 | 6 | | | |
| | | 1 | | 7 | | 3 | | |
| | | | 2 | 3 | 5 | | 6 | |
| 8 | | | | | | 6 | 9 | |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| | 2 | | 6 | 1 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6925



**बायें से दायें:-**

१. दुर्गा, लक्ष्मी
४.मन की ताकत
६. खारा, नमकीन
७. विक्षिप्त (उर्दू)
८. अंगड़ाई, बदला, प्रतिफल, दंड, कष्ट, हानि (उर्दू)
१०. अन्यथा (उर्दू)
११. बांस की तिलियोंका बना परदा, (उर्दू)
१३. किसी गीत के मुखड़े के अतिरिक्त अन्य पद
१४. असंगत, अशिष्ट, भद्दा (उर्दू)
१५. मृतप्राय, जो मरने के निकट हो
१७. तनिक, थोड़ा, (उर्दू)
१९. रक्तपान करने वाला
२१. उचित, ठीक जरूरी (उर्दू)
२२. संदेशवाहक (उर्दू)
२४. राजाओं का निवास

**ऊपर से नीचे:-**

१. साथ पढ़ने वाला
२. शुभ समय
३. पांडवों को जीवित जला देने के लिए बनाया गया लाख का महल
४. मदिरालय (उर्दू)
५. श्रेष्ठ, उत्तम
९. केसर (उर्दू)
११.चमड़े, मांस, चरबी के जलने से निकलने वाली दुर्गंध
१२. शराब
१३. अनुमान हाव-भाव (उर्दू)
१४. असमय (उर्दू)
१५. जिसका निवारण न किया जा सके अटल अत्यावश्यक
१६. कब्र, मज़ार (उर्दू)
१८. राई, सरसों
१९. दया, कृपा (उर्दू)
२०. शुरुआत
२३. रहस्य, भेद, गुप्त बात (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6924

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ उ | न्न | २ य | न | ■ | ■ | ३ अ | भि | ४ क | र्ता |
| पा | ■ | था | ■ | ५ ख | स | म | ■ | च्छ | ■ |
| ६ स | र्व | नि | यं | ता | ■ | ७ रा | ष्ट्र | प | ८ ति |
| ना | ■ | र्दि | ■ | ९ वा | क | ई | ■ | ■ | क |
| ■ | १० क | ष्ट | ११ क | र | ■ | ■ | १२ रो | क | ड़ |
| ■ | म | ■ | मा | ■ | १३ पा | ठ | क | ■ | म |
| १४ उ | ला | १५ ह | ना | ■ | व | ■ | १६ ना | १७ थ | ■ |
| प | ■ | म | ■ | १८ ता | क | १९ ना | ■ | री | ■ |
| २० यो | ज | ना | ■ | रि | ■ | २१ प | ह | ना | २२ वा |
| ग | ■ | २३ म | नो | का | म | ना | ■ | ■ | णी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### शंघाई में शुरू होने जा रहा है दुनिया का सबसे बड़ा लेगोलैंड रिसॉर्ट

**शंघाई,** 26 मई (एजेंसियां)। दुनियाभर में बेहद लोकप्रिय लेगो टॉय ब्रांड पर आधारित लेगोलैंड चीन में शंघाई रिसॉर्ट दुनिया का सबसे बड़ा लेगोलैंड गंतव्य बनने जा रहा है। शंघाई रिसॉर्ट अपने अंतिम प्री-ओपनिंग चरण में प्रवेश कर चुका है और शनिवार से पार्क ट्रायल ऑपरेशन शुरू करेगा, जिसमें चुनिंदा मेहमानों को इसके आकर्षण, शो, रेस्तरां और होटल सुविधाओं का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। चरणबद्ध उद्घाटन का उद्देश्य 5 जुलाई को आधिकारिक लांच से पहले मेहमानों के अनुभव के सभी तत्वों को बेहतर बनाना है।

शंघाई के जिनशान जिले में स्थित यह रिसॉर्ट 318,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है और इसे 2 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों वाले परिवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें 75 से अधिक इंटरैक्टिव राइड, शो और आकर्षण हैं साथ ही आठ थीम वाले क्षेत्रों में हजारों लेगो मॉडल भी हैं। इस सप्ताह एक आधिकारिक हैंडओवर समारोह के साथ परियोजना एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंच गई, जहां एक लेगो ईंट-निर्मित कुंजी परियोजना टीम से रिसॉर्ट की संचालन टीम और फिर बाल बच्चे पत्रकारों के एक समूह को सौंपी गई।

# प्रादेशिकी

## आपदा प्रबंधन सचिव की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ठगी का प्रयास

**देहरादून।** सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों से ठगी का प्रयास किया गया। मामला संज्ञान में आते ही आपदा प्रबंधन सचिव ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार साइबर ठग ने सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन की फोटो, पदनाम और विभागीय डिटेल का प्रयोग कर एक फेसबुक आईडी बनाई गई है। इस आईडी में 321 फ्रेंड और म्यूचुअल फ्रेंड हैं। इसके माध्यम से लोगों से रुपये मांगे जा रहे हैं और इनमें से विनय गुप्ता, मनीष झा, लोकेश शर्मा, इब्राहीम आदि लोगों ने उनसे संपर्क कर मामले की सत्यता पूछी थी। इसके बाद ही उन्हें इस बात का पता चला था। साइबर थाने में जांच के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ देहरादून नगर कोतवाली में आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बता दें कि इस तरह की ठगी में फेसबुक आईडी से पहले लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा जाता है और यह स्वीकार होने के बाद उनसे पैसे मांगे जाते हैं।

# बद्रीनाथ हाईवे पर फिर सक्रिय हुई सिरोबगड़ की पहाड़ी से भूस्खलन

■ अमरनाथ तिवारी

■ राजमार्ग के संकरा होने से घंटों लग रहा जाम
■ श्रद्धालुओं के साथ ही रुद्रप्रयाग व चमोली की जनता परेशान

**देहरादून,** 26 मई (देशबन्धु)। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश ने चारधाम यात्रा में आ रहे श्रद्धालुओं के लिए परेशानी खड़ी करने का काम किया है। बीते दो दिनों से हो रही तेज बारिश के चलते बद्रीनाथ हाईवे पर सिरोबगड़ भूस्खलन प्रभावित जोन सक्रिय हो गया है, जिससे पहाड़ी से गिरता मलबा और बोल्डर राजमार्ग को बाधित कर रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि पांच से छह किमी के सफर को तय करने के लिए घंटों का समय लग रहा है। ऐसे में तीर्थयात्रियों में गुस्सा और आक्रोश भी देखा जा रहा है।

रुद्रप्रयाग जिले में बीते दो दिनों से बारिश हो रही है। मानसून सीजन आने से पहले ही बारिश के इस तरह होने से बद्रीनाथ हाईवे पर भूस्खलन प्रभावित जोन भी सक्रिय हो गए हैं। पहले मानसून सीजन में इस प्रकार की स्थिति देखने को मिलती थी, मगर अब मानसून से पहले ही समस्या ने विकराल रूप धारण कर दिया है। जिस कारण चारधाम यात्रा में आ रहे श्रद्धालुओं के साथ ही रुद्रप्रयाग और चमोली की जनता भी खासी प्रभावित हो रही है और वे प्रदेश सरकार पर आक्रोश जता रहे हैं।

बीते शनिवार रात से हो रही भारी बारिश के चलते बद्रीनाथ हाईवे के कई जगहों पर यात्रियों और स्थानीय जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे के सिरोबगड़ में मलबा आने



के कारण कुछ समय बाधित रहा, मगर राजमार्ग खुलने के बाद अब इस स्थान पर मार्ग संकरा होने के कारण घंटों जाम लग रहा है। एनएच विभाग की ओर से इस स्थान पर जेसीबी तैनात की गई है, जिससे राजमार्ग पूर्णरूप से बंद होने पर शीघ्र खोला जा सके। चारधाम यात्रा में आए श्रद्धालुओं के साथ ही रुद्रप्रयाग और चमोली की जनता खासी परेशान हो रही है। तीन दशक से बद्रीनाथ हाईवे पर सिरोबगड़ भूस्खलन प्रभावित जोन चारधाम यात्रा के दौरान परेशानी खड़ी कर रहा है, बाजवूद इसके प्रदेश और केन्द्र सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। ऑल वेदर परियोजना के तहत बनाए जा रहे पपड़ासू-खांखरा बाईपास का निर्माण कार्य भी सात सालों से अधर में लटका पड़ा है। ऐसे में तीर्थयात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करके यात्रा पूरी करनी पड़ रही है। राजमार्ग पर घंटों जाम लगने से तीर्थयात्रियों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है और वे सरकार को कोस रहे हैं।

तीन दशक से रुद्रप्रयाग और चमोली जिले की जनता के साथ देश-विदेश से चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को बद्रीनाथ हाईवे पर सिरोबगड़ भूस्खलन जोन की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसके समाधान को लेकर ऑल वेदर परियोजना के तहत पपड़ासू-खांखरा बाईपास निर्माण कार्य शुरू किया गया, लेकिन 7 साल होने के बावजूद भी बाईपास का निर्माण नहीं हो पाया है। डेढ़ सौ करोड़ की लागत से बनने वाले इस बाईपास का कार्य आज तक पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य के नाम पर मात्र एक पुल ही बन पाया है, जबकि दो पुलों का आधा-अधूरा कार्य छोड़ा गया है।

## केदारनाथ यात्रा में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

■ मात्र 24 दिनों में आंकड़ा पहुंचा साढ़े पांच लाख पार

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा नये रिकॉर्ड बना रही है। मात्र 24 दिन की यात्रा में साढ़े पांच लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर लिए हैं। यात्रा पड़ावों में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। सोनप्रयाग में सुबह चार बजे से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पुलिस प्रशासन की ओर से यात्रियों को धीरे-धीरे करके गौरीकुंड भेजा जा रहा है, जिससे यात्रा मार्ग पर अव्यवस्थाएं ना फैले। साथ ही घोड़ा-खच्चरों, डंडी-कंडी का संचालन भी बेहतर ढंग से किया जा रहा है। यात्रा मार्ग पर मिल रही स्वास्थ्य, पेयजल सहित सफाई व्यवस्था पर तीर्थयात्री भी खुशी जता रहे हैं और वे जिला प्रशासन के साथ सरकार का आभार जता रहे हैं। 12 ज्योतिर्लिंगों में बाबा केदार की यात्रा अत्यधिक कष्टदायक है। गौरीकुंड से केदारनाथ धाम पहुंचने के लिए 19 किमी के चढ़ाई भरे पैदल मार्ग को पार करना होता है। हालांकि इसके लिए श्रद्धालु घोड़ा-खच्चर, डंडी-कंडी, पालकी का सहारा लेते हैं, मगर हजारों भक्त ऐसे भी होते हैं, जो इस कठिन यात्रा को पैदल ही पूरा करते हैं। दो मई को शुरू हुई बाबा केदारनाथ की यात्रा ने मात्र 24 दिनों में साढ़े पांच लाख का आंकड़ा पार कर लिया है। केदारनाथ धाम की यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रशासन की ओर से 24 घंटे यात्रा का संचालन किया जा रहा है। जिला प्रशासन और पुलिस की टीमें यात्रा मार्गों पर तीर्थयात्रियों की सेवा में नजर आ रही है। केदारनाथ धाम जाने को लेकर यात्रा मार्ग के सोनप्रयाग में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो रही है। भक्त सोनप्रयाग से शटल वाहन के जरिये गौरीकुंड पहुंच रहे हैं, जहां से घोड़ा-खच्चर, डंडी-कंडी और पालकी के साथ पैदल चलकर बाबा के धाम पहुंच रहे हैं। केदारनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहे तीर्थयात्री जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं की तारिफ कर रहे हैं। धाम में जहां टोकन व्यवस्था से दर्शन होने पर तीर्थयात्री खुशी जता रहे हैं, वहीं यात्रा मार्ग पर सफाई, स्वास्थ्य और पेयजल का विशेष ध्यान रखे जाने पर आभार व्यक्त कर रहे हैं। उज्जैन से आए श्रद्धालु उमेश शर्मा, महाराष्ट्र निवासी किरन सोनी, गुजरात निवासी देवांश, हैदराबाद निवासी नागेश ने बताया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग से लेकर धाम तक यात्रा व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं।

## हिसार व यमुनानगर के विकास के लिए 35087.42 लाख की मंजूरी

**चंडीगढ़,** 26 मई (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अमृत 2.0 योजना के तहत हिसार व यमुनानगर शहरों में सीवरेज योजना के विस्तार, पुराने/क्षतिग्रस्त मैनहोल की मरम्मत, नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवरेज बिछाने और एसटीपी के निर्माण के लिए 35087.42 लाख रुपए की राशि को मंजूरी दी। यह जानकारी सोमवार को एक सरकारी प्रवक्ता ने दी।



उन्होने बताया कि हिसार शहर में सीवरेज योजना के विस्तार करने, विभिन्न कॉलोनियों में 200 एमएम से 1200 एमएम तक की सीवर लाइन उपलब्ध कराने व बिछाने, ईंट सीवर के सीआईपीपी, दो एसटीपी का निर्माण, षांच आईपीएस का निर्माण, एक एमपीएस का निर्माण, मैनहोल का निर्माण, मैनहोल स्लैब को ऊपर उठाना, मैनहोल स्लैब को नीचे करना और अमृत 2.0 योजना के तहत हिसार शहर में पुराने/क्षतिग्रस्त मैनहोल की मरम्मत के लिए 23678.86 लाख रुपये की अनुमानित लागत मंजूर की गई है।

उन्होंने बताया कि यमुनानगर शहर में विभिन्न 12 नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन उपलब्ध कराने व बिछाने तथा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत यमुनानगर शहर में नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवरेज बिछाने के लिए 11408.56 लाख रुपए की अनुमानित लागत मंजूर की गई है।

### सैनी ने वट सावित्री व्रत की शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री सैनी ने देश एवं प्रदेश की समस्त माताओं एवं बहनों को सुख, समृद्धि, आरोग्य एवं दीर्घायु होने का वरदान देने वाले पावन 'वट सावित्री व्रत' की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। श्री सैनी ने कहा कि मैं प्रार्थना करता हूं कि आप सभी माताओं, बहनों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण हों और आपका जीवन हर्षोल्लास और वैभव से परिपूर्ण हो।

**सार संक्षेप**

### रोडवेज की बस पलटी, एक छात्र की मौत, चार छात्राएं घायल

**हिसार।** हरियाणा में हिसार जिला के राजली गांव में सोमवार सुबह यात्रियों से भरी रोडवेज की बस पलट गई। जिसमें एक छात्र की मौत हो गई जबकि चार छात्राओं को भी गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 52 सीटर बस में करीब 65 यात्री सवार थे। इसमें ज्यादातर कोचिंग सेंटर और स्कूल के स्टूडेंट्स थे। हादसा सुबह साढ़े नौ बजे राजली रेलवे फाटक से कुछ ही दूरी पर हुआ। राजली-बहबलपुर रोड पर आंधी के कारण पेड़ गिरा था। ड्राइवर ने बस के एक हिस्से को साइड में कच्चे में उतारकर निकालने का प्रयास किया, लेकिन बारिश के कारण जमीन गीली होने व बस की स्पीड तेज होने के कारण बस का एक हिस्सा धंस गया और बस पलट गई। मृतक छात्र खुशी मोहम्मद (20) राजली गांव का रहने वाला था।

### सैलजा ने केंद्रीय वन, पर्यावरण मंत्री को लिखा पत्र

**सिरसा।** कांग्रेस की महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि सिरसा नगर से होकर गुजरने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 9 (एनएच-9) के दोनों ओर की भूमि को, जो वर्तमान में 'नोटिफाइड फॉरेस्ट लैंड' के अंतर्गत दर्ज है, डि-नोटिफाई कर नगर परिषद को सौंपा जाए क्योंकि वन विभाग की वजह से शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। सांसद कुमारी सैलजा ने शहरी विकास में आ रही एक गंभीर प्रशासनिक बाधा को लेकर केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि सिरसा नगर से होकर गुजरने वाली पुरानी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 9 (एनएच-9) के दोनों ओर की भूमि को, जो वर्तमान में 'नोटिफाइड फॉरेस्ट लैंड' के अंतर्गत दर्ज है, डि-नोटिफाई कर नगर परिषद को सौंपा जाए।

### प्रो. विजय कुमार बने चौधरी देवी लाल विवि के कुलपति

**सिरसा।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार को हरियाणा सरकार ने चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा का कुलपति नियुक्त किया है। यह नियुक्ति हरियाणा के राज्यपाल एवं सीडीएलयू के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार राजभवन द्वारा अधिसूचित की गई है। डॉ विजय कुमार के पास अध्यक्ष के साथ साथ वर्तमान में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में डीन अकादमिक अफेयर्स, डीन स्टूडेंट वेलफेयर और डीन फैकल्टी ऑफ़ फिजिकल साइंस का कार्यभार भी था। नवनियुक्त कुलपति कुमार ने इस दायित्व के लिए बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का आभार व्यक्त किया है।

### सुडोकू 6925 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 4 | 5 |

# वन नेशन वन इलेक्शन से डबल होगी विकास रफ्तार : कोविंद

**देहरादून,** 26 मई (देशबन्धु)। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद परिवार सहित सोमवार को अपने दो दिवसीय प्रवास पर हरिद्वार के कनखल स्थित हरिहर आश्रम पहुंचे थे। यहां रामनाथ कोविंद ने जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देश के समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार रखे। साथ ही उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन पर भी बयान दिया।

वन नेशन वन इलेक्शन पर बोलते हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा इससे देश में विकास की रफ्तार डबल होगी। वन नेशन वन इलेक्शन से देश की जीडीपी एक से डेढ़ फीसदी बढ़ेगी। रामनाथ कोविंद ने कहा उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर रिपोर्ट सबमिट कर दी है। भारत सरकार ने इसे स्वीकार कर लिया है। पार्लियामेंट ने इस पर विधेयक बनाया है। अभी ये विधेयक जेपीसी के सामने विचारार्थ है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन पर जेपीसी में जो निर्णय आएगा जैसा भी संसद को उचित लगेगा, उस पर काम होगा।



■ जूना अखाड़े में लिया स्वामी अवधेशानंद गिरी का आशीर्वाद

रामनाथ कोविंद ने कहा अभी 3 दिन पहले ही इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फंड की रिपोर्ट आई है। जिसमें भारत अब फिफ्थ ट्रिलियन इकोनामी थी वह फोर्थ हो गई है। अर्थात विश्व में हम चौथे नंबर की आर्थिक शक्ति बन गए हैं। हमने जापान को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी हमशे आगे हैं। उन्होंने कहा अगले दो वर्षों में हम तीसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे।रामनाथ कोविंद ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति

> वन नेशन वन इलेक्शन पर जेपीसी में जो निर्णय आएगा जैसा भी संसद को उचित लगेगा, उस पर काम होगा : रामनाथ कोविंद

कर रहा है। उन्होंने कहा यह हमारा सौभाग्य है कि हमें एक ऐसा प्रतिष्ठित और 24 घंटे काम करने वाला नेता मिला है।

ऑपरेशन सिंदूर पर रामनाथ कोविंद ने बयान दिया। रामनाथ कोविंद ने कहा ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेनाओं के शौर्य का प्रतीक है। जिसको देश और दुनिया सदियों तक याद रखेग।

# भारत-पाक के हालात सामान्य होने के बाद बढ़ने लगी चारधाम यात्रियों की संख्या : महाराज

**देहरादून,** 26 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि चारधाम यात्रा सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से चल रही है। देश-विदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए पहुंच रहे हैं।

प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थलों में भी पर्यटकों की संख्या लगातार वृद्धि हो रही है। महाराज ने बताया कि भारत-पाक संघर्ष विराम के बाद अब हालात धीरे धीरे सामान्य हो रहे हैं। यात्रा को लेकर श्रृद्धालुओं जबरदस्त उत्साह है। चारधाम यात्रा को लेकर लोगों ने अपनी बुकिंग करवानी शुरू कर दी है। बुकिंग शुरू होने से टूर एवं ट्रेवेल्स इंडस्ट्री से जुड़े लोगों और स्थानीय व्यापारियों को भी राहत मिली है। चारधाम एवं हेमकुण्ड साहिब हेतु अभी तक कुल 34 लाख के लगभग श्रद्धालु अपना आफलाइन एवं आनलाइन पंजीकरण करवा चुके हैं। जबकि श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री एवं हेमकुंड साहिब सहित अभी तक 15 लाख के लगभग श्रद्धालु अभी तक दर्शनों का लाभ उठा चुके हैं। इसके अलावा जीएमवीएन के गेस्ट हाऊसों की बुकिंग के आधार पर कहा जा सकता है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु अब चारधाम का रुख करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि फरवरी 2025 से शुरू हुई जीएमवीएन गेस्ट हॉउसों की ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग के तहत अभी तक कुल 14, 25, 41075 (चौदह करोड़ पच्चीस लाख इकतालीस हजार पिचहतर) रुपये से अधिक की बुकिंग की जा चुकी है।



यात्रा को लेकर श्रृद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह

उन्होंने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा 05 वर्ष के पश्चात 30 जून 2025 को दिल्ली से प्रारम्भ हो रही है। इस यात्रा में इस वर्ष कुल 250 यात्री ही प्रतिभाग कर सकेंगे। अंतिम बार यह यात्रा वर्ष 2019 में संचालित हुई थी। उस दौरान कोरोना महामारी के कारण इस यात्रा को रोक दिया गया था। लेकिन इस वर्ष फिर से इस यात्रा का संचालन किया जा रहा है और इस वर्ष इस यात्रा में 50-50 यात्रियों के कुल 05 दल कैलाश यात्रा पर जायेंगे। पहला दल 10 जुलाई को लिपुलेख पास से होते हुए चीन में प्रवेश करेगा। यात्रियों का अंतिम दल 22 अगस्त को चीन से भारत लौटेगा।

इस यात्रा का संचालन कुमायूं मण्डल विकास निगम नैनीताल द्वारा किया जा रहा है।

इस यात्रा का रूट टनकपुर से धारचूला होते हुए कैलाश मानसरोवर जाएगा तथा वापसी में चौकोडी होते हुए अल्मोडा से वापसी करेगा। कैलाश मानसरोवर यात्रियों का मेडिकल परीक्षण दिल्ली में किया जायेगा।पर्यटन मंत्री महाराज ने बताया कि आदिकैलाश व ओमपर्वत की यात्रा प्रारम्भ हो चुकी है और अब तक इस यात्रा के लिए 7,581 इनरलाईन परमिट भी जारी किए जा चुके हैं।

# उत्तराखंड सब एरिया के नए जनरल ऑफिसर कमांडिंग नियुक्त

■ मेजर जनरल एमपीएस गिल ने संभाला पदभार

**देहरादून,** 26 मई (देशबन्धु)। सोमवार को विशिष्ट सेवा मेडल मेजर जनरल एमपीएस गिल ने उत्तराखंड सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान मेजर जनरल गिल ने शौर्य स्थल पर मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मेजर जनरल गिल राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज (आरआईएमसी), राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (आईएमए), खड़कवासला और भारतीय सैन्य अकादमी (एनडीए), देहरादून के पूर्व छात्र रहे हैं। उन्हें 16 दिसंबर 1989 को 18 मैकेनाइज़्ड इन्फैंट्री में कमीशन प्राप्त हुआ था। अपने गौरवशाली सैन्य करियर के दौरान, उन्होंने पश्चिमी सीमा पर एक मैकेनाइज़्ड इन्फैंट्री बटालियन और एक बख्तरबंद ब्रिगेड का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है।

मेजर जनरल गिल ने कई प्रतिष्ठित सैन्य पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। जिनमें डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, आर्मी वॉर कॉलेज, महू का हायर कमांड कोर्स तथा बांग्लादेश स्थित नेशनल डिफेंस कॉलेज (विदेशी) शामिल हैं। उन्होंने सैन्य संचालन निदेशालय, नई दिल्ली में निदेशक मुख्यालय आर्मी ट्रेनिंग कमांड में ब्रिगेडियर जनरल स्टाफ; एक स्ट्राइक कोर के चीफ ऑफ स्टाफ और थलसेना प्रमुख सचिवालय में एडिशनल डायरेक्टर जनरल जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने किया मालन पुल का लोकार्पण

**कोटद्वार,** 26 मई (देशबन्धु)। मालन पुल का निर्माण पूरा होने के बाद सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने पुल का लोकार्पण कर दिया है। जिससे करीब दो साल से चली आ रही परेशानी से निजात मिल गई है। पुल के लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यहां आना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से वे नहीं पहुंच सके। उन्होंने जनता इंटर कॉलेज में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधन किया।

सोमवार सुबह पुल पर पूजा अर्चना के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने रिबन काटकर पुल पर आवागमन शुरू करा दिया है।



जिससे भाबर के साथ ही हरिद्वार और लालढांग क्षेत्र के लिए यात्री व अन्य वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है।

बता दें कि 13 जुलाई, 2023 को बाढ़ व भूकटाव से क्षतिग्रस्त हुआ 325 मीटर स्पान का मालन पुल 26।75 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। बाढ़ व कटाव को देखते हुए इसके सभी 12 पिलरों को वेल तकनीक से बनाया गया है। इससे पूर्व आईआईटी बीएचयू के वैज्ञानिकों की ओर से मालन पुल पर बढ़ते वाहनों के दबाव, नदी के बहाव को देखते हुए पुल के सभी 12 पिलरों को वेल (कुंआ) तकनीक से बनाने की संस्तुति की गई थी।

मालन पुल पर कुल 13 स्लैब थे। जिसमें एक स्लैब तब नदी में गिरने से टूट गया था। उसे नया बनाया गया। बाकी 12 स्लैब लिफ्ट व शिफ्ट तकनीक से हटाकर सुरक्षित रखे गए हैं। जिन्हें नए बने पिलरों पर शिफ्ट किया गया। एक स्लैब की लंबाई 25 मीटर व चौड़ाई करीब सात मीटर है। वजन भी 800 टन है, ऐसे में इन्हें दिल्ली मैट्रो पैनल की तर्ज पर लिफ्ट व शिफ्ट किया गया।

## अवैध शराब की बिक्री पर फूटा लोगों का गुस्सा

**ऋषिकेश,** 26 मई (देशबन्धु)। तीर्थनगरी में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ स्थानीय लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को शहर में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर लोगों ने आईडीपीएल पुलिस स्टेशन का घेराव किया। इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि ऋषिकेश शहर में शराब की अवैध बिक्री और तस्करी नहीं रूकी तो वो बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। पुलिस ने इस मामले में सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

बता दें कि ऋषिकेश शहर में अवैध शराब की ब्रिकी का मामला पहले भी कई बार उठ चुका है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई से लोग संतुष्ट नहीं है। इसीलिए सोमवार को बड़ी संख्या में लोग आईडीपीएल पुलिस स्टेशन पहुंचे, जहां लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही सीओ संदीप नेगी लोगों का गुस्सा शांत करने के लिए आईडीपीएल पुलिस स्टेशन आए।

# हाई कोर्ट के सीबीआई जांच के फैसले का विरोध नहीं करेगी सरकार : सुक्खू

■ हिमकिरण मांटा

■ मुख्यमंत्री ने विमल नेगी के परिवार को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ने का दिया आश्वासन

**शिमला,** 26 मई (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार विमल नेगी मौत मामले में हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा दिए गए सीबीआई जांच के फैसले का विरोध नहीं करेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को शिमला में एक पत्रकार वार्ता में ऐलान किया कि सरकार इस मामले में हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में कोई भी पुनर्विचार याचिका दायर नहीं करेगी ताकि विमल नेगी के परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

हालांकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट की उस टिप्पणी का भी विरोध किया जिसमें हाई कोर्ट ने कहा है कि विमल नेगी मौत मामले की जांच करने वाली सीबीआई टीम में हिमाचल कैडर का कोई अधिकारी नहीं होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूछा कि हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में ऐसे कितने न्यायधीश हैं जो हिमाचल से हैं? उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट को इस तरह की टिप्पणियों से बचना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विमल नेगी मौत मामले में सीबीआई टीम को सरकार जांच में हर संभव मदद करेगी और उसे जो भी दस्तावेज चाहिए होंगे वह उपलब्ध करवाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि सीबीआई को विमल नेगी मौत मामले में हिमाचल प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश पुलिस महानिदेशक और हिमाचल प्रदेश पुलिस की एसआईटी की रिपोर्टों की भी जांच करनी चाहिए क्योंकि इन तीनों रिपोर्टों में विरोधाभास है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार विमल नेगी के परिवार को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने सीबीआई जांच पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि विमल नेगी के परिजन

**विमल नेगी मौत मामला**



उनके पास आते और सीबीआई जांच की मांग करते तो सरकार भी इस मांग को मान लेती है। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि मृतक विमल नेगी पहली जुलाई 2024 को एंजायटी के मरीज थे और दवाइयां खा रहे थे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उन्होंने इस मामले पर भाजपा द्वारा की जा रही राजनीति के बाद प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से कहा था कि सरकार को इस मामले को खुद सीबीआई को जांच के लिए दे देना चाहिए क्योंकि विमल नेगी के परिवार को न्याय मिलना चाहिए।

> विमल नेगी मौत मामले में सीबीआई टीम को सरकार जांच में हर संभव मदद करेगी और उसे जो भी दस्तावेज चाहिए होंगे वह उपलब्ध करवाएं जाएंगे : सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने विमल नेगी की मौत मामले में अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा द्वारा दी गई रिपोर्ट पर भी सवाल उठाया और कहा कि इस रिपोर्ट में पेखुवाल सोलर प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट हेड विपिन गुलेरिया और अन्य संबंधित लोगों से इस मामले में पूछताछ नहीं कि गई जबकि विपिन गुलेरिया ने अगस्त 2024 तक इस प्रोजेक्ट को हेड किया और गुलेरिया ने ही 170 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपिन गुलरिया वही व्यक्ति है जिसने विमल नेगी मौत मामले में हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन के एमडी हरिकेश मीणा और निदेशक देशराज पर भ्रष्टाचार और विमल नेगी पर अत्याचार करने के आरोप लगाए थे। ऐसे में अतिरिक्त मुख्य सचिव की जांच में इस अधिकारी से भी पूछताछ होनी जरूरी थी।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा को विमल ने की मौत मामले में कोई रुचि नहीं थी और वह इस मामले के माध्यम से केवल राजनीति करना चाहती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विमल नेगी मौत मामले में राजनीतिक रोटियां सेंक रही थी और अब भी उसका यही रवैया है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को सलाह दी कि वह तथ्यों पर आधारित बात करें। उन्होंने कहा कि भाजपा विमल नेगी मौत मामले में अपना स्वार्थ साथ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आज भी विमल नेगी के परिवार के साथ खड़ी है और उसकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि आज भाजपा के वे लोग भ्रष्टाचार के सरकार पर आरोप लगा रहे हैं जो खुद भ्रष्टाचार में डूबे रहे हैं।

# प्रादेशिकी

## कंपिल के सिवारा खास में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

**फर्रुखाबाद,** 26 मई (देशबन्धु)। कंपिल क्षेत्र के सिवारा खास खेल मैदान में सोमवार को एक भव्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका आयोजन विनोद यादव, अध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के ज़िला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव रहे, जिन्होंने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में 17 से 18 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने 800 मीटर, 400 मीटर एवं 200 मीटर की दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को चंद्रपाल सिंह यादव द्वारा मेडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। यादव ने वर्तमान केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना की आलोचना करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी गांवों के पिछड़े वर्ग के युवाओं से भयभीत होकर उनके अवसरों को सीमित करने का प्रयास कर रही है।

# पूरी दुनिया को अपनी ताकत का अहसास करा रहा नया भारत : योगी

- मुख्यमंत्री ने संतकबीरनगर में सार्वजानिक सभा को किया संबोधित
- 1515 करोड़ रुपए की 528 परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण



आज से दस साल पहले लोगों को विश्वास नहीं होता था कि भारत भी सीना तान कर खड़ा हो पाएगा : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ/संतकबीरनगर,** 26 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया एक नए भारत का दर्शन कर रही हैं जहां विरासत और विकास दोनों ने भारत को वैश्विक पहचान दी है। नया भारत पूरी दुनिया को अपनी ताकत का एहसास करा रहा है। संतकबीरनगर जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिर तामेश्वरनाथ धाम में पूजा अर्चना के बाद एक सार्वजानिक सभा को संबोधित करने से पहले योगी ने जिले में 1515 करोड़ रुपए की 528 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया और विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि आज हमारा देश बदल चुका है, एक नए भारत का हम दर्शन कर रहे हैं। भारत जो एक भी है और श्रेष्ठ भी है। एक ऐसा भारत जो बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके अपनी विरासत की यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने तामेश्वरनाथ में कॉरीडोर बनाए जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा मैं जिला प्रशासन और यहां के जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद देता हूं। मेरी बहुत दिनों से इच्छा थी कि मैं तामेश्वरनाथ धाम के दर्शन करूं जो आज कर सका। योगी ने कहा कि आज से 10 साल पहले लोगों को विश्वास नहीं होता था कि भारत भी सीना तान कर खड़ा हो पाएगा। हमारे पास भी वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के हाईवे होंगे, रेलवे, मेट्रो, वाटर वे या एयर-वे हमारे पास भी होंगे, ये कल्पना थी। लेकिन आज इसका साकार रूप देखने को मिल रहा है। भारत का सबसे बड़े एक्सप्रेसवे का नेटवर्क यूपी के पास है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे अंबेडकर नगर संत कबीर नगर और गोरखपुर को जोड़ते हुए बढ़िया कनेक्टिविटी दे रहा है। सबसे बड़ा सड़क-रेलवे का नेटवर्क यूपी के पास है। देश की पहली रैपिड रेल भी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह नया भारत दुनिया के अंदर अपनी ताकत का अहसास करा रहा है। आपने 10 साल में बदलता भारत देखा है। सभी को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आज ही सुबह आपने देखा होगा हमने डेढ़ करोड़ छात्रों को डीबीटी के माध्यम से पैसा भेजा है।

### 2047 में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाना है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत के सामने एक लक्ष्य तय किया है कि 2047 में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाना है। यह तभी होगा जब 140 करोड़ लोग ईमानदारी से अपना काम करेंगे। दस साल पहले कोई सोच सकता था क्या कि राम लला अयोध्या में विराजमान हो पाएंगे, काशी विश्वनाथ नाथ मंदिर इतना भव्य होगा, मां विंध्यवासिनी धाम इतना भव्य होगा। प्रयागराज का कुंभ इतना अच्छा होगा, लेकिन आज देखिए देश-विदेश से लोग अयोध्या आ रहे हैं और कुंभ में 66 करोड़ लोग स्नान करने आए। कौन ऐसा भारतीय होगा जिसे इस पर गर्व न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या 2017 से पहले कैसी थी, आज लोग अभिभूत होते हैं। काशी धाम कैसा था, 50 लोग नहीं जा पाते थे जबकि आज दर्शन करने 50 हजार लोग एक साथ जा सकते हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति ने लगाई फांसी

**फर्रुखाबाद,** 26 मई (देशबन्धु)। अमृतपुर थाना क्षेत्र में हुसैनपुर राजपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भतीजी संगीता ने देखा और परिजनों को बताया तो परिजन दौड़कर पहुंचे देखा की उम्र 40 वर्ष अजय पाल पुत्र रामनाथ ने अपनी तहमद से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, भाई कुंवर पाल के द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की इसमें अजय पाल 6 भाइयों में पांचवें नंबर के थे बहादुर, विजय सिंह, वीरेंद्र,नंदन,अशोक आदि भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया सूचना पर थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य पहुंची और जांच पड़ताल की तो उन्होंने बताया है कि भाई ने सूचना दी थी कि मेरे भाई पांचवें नंबर के कुंवर पाल ने छत के कुंड में अपनी तहमद से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है जो की मेरी बेटी संगीता ने देखा है कि ताऊ बक्से के ऊपर खड़े हैं हम लोग पहुंचे तो देखा और फांसी से नीचे उतारा तब तक उनकी मौत हो चुकी थी सूचना पातें ही मौके पर थाना अध्यक्ष मोनू शाक्या पहुंची व फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया गया जिसके द्वारा मौके पर साक्ष्य एकत्र किए गए बाद में उप निरीक्षक कल्लू सिंह ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अमेठी में स्मृति ईरानी की घर वापसी से कांग्रेसियों के माथे पर चिंता की लकीरें



**अमेठी,** 26 मई (देशबन्धु)। चुनावी हार के 355 दिन बाद स्मृति ईरानी की घर वापसी हो गई है। जिससे कांग्रेसियों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही है। लेकिन अमेठी की जनता स्मृति ईरानी की वापसी के बाद उत्साह से भर गई है। यही वजह है कि तपती दुपहरिया में हजारों की भीड़ स्मृति ईरानी के स्वागत में सड़कों पर खड़ी थी। उम्मीद से ज्यादा भीड़ बेकाबू थी। स्मृति को एक नजर देखने और मिलने के लिए जनता व्याकुल थी। उत्साह इस कदर था कि बूढ़े, बच्चे,जवान और महिलाएं भी सड़क पर थे। स्मृति ईरानी के स्वागत में लखनऊ एयरपोर्ट से लेकर अमेठी तक जगह जगह भीड़ खचाखच भरी थी। स्मृति ईरानी 2014 से 2024 के बीच 10 सालों में अमेठी की तस्वीर बदलने में सफल थी। बड़े बड़े विकास कार्य जमीन पर हो चुके हैं। अमेठी का ओवरब्रिज पुल, बाईपास मार्ग, सैनिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, खाद का रैक, कृषि विज्ञान केंद्र आदि है। स्मृति ईरानी 2014 में अमेठी आई थी। लेकिन पहली बार चुनाव हार गई थी। मगर चुनावी हार के बाद भी अमेठी में डटी थी। जिससे 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को हराकर सांसद बनी थी। स्मृति ईरानी गांधी परिवार के गढ़ को धराशाई करके कांग्रेस के सबसे बड़े नेता को हराकर सांसद बनी थी। जिससे स्मृति के नाम का डंका बजा था। पूर्व केंद्रीय मंत्री सोमवार को अमेठी में थी। उन्होंने कहा कि 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे। जिससे आज का दिन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम अहिल्या बाई के नाम पर था। स्मृति ईरानी 2024 का चुनाव हार गई थी। चुनावी हार के 355 दिन बाद अमेठी लौटी है। जिससे जनता और कार्यकर्ता सब उत्साह से भरे थे। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला ने कहा कि अमेठी की जनता को अपनी गलती का एहसास हो चुका है। यही वजह है कि तपती दुपहरिया में भी बूढ़े, बच्चे, जवान और महिलाएं घरों से निकल कर अपनी दीदी स्मृति ईरानी के स्वागत में सड़कों पर खड़े थे। उम्मीद से ज्यादा और उत्साह से भरी बेकाबू भीड़ 2029 में परिवर्तन का खुला संकेत है। इस अवसर पर राज्य एवं प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### दिव्यांगजन के लिए परीक्षण व चिन्हांकन शिविर आयोजित

**मेरठ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, सिद्धान्त शर्मा ने जनपद के दिव्यांगजनों को सूचित करते हुए बताया कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर द्वारा मेरठ में लोकसभा संसदीय क्षेत्र मेरठ-हापुड़ के अन्तर्गत आने वाली जनपद की विधानसभाओं यथा मेरठ शहर, मेरठ दक्षिण, मेरठ कैण्ट और किठौर के विकास खण्डों का नगरीय क्षेत्र में एडिप योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजन को कृत्रिम अंगध्सहायक उपकरण (मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट कैन, स्मार्ट फोन, लैप्रोसी किट आदि) तथा राष्ट्रीय व्योश्री योजना के अन्तर्गत वद्धजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण दिये जाने हेतु परीक्षणध्चिन्हांकन शिविर 27 मई को कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा, 28 मई को कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी माछरा तथा 29 मई को कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मेरठ में किया जाना प्रस्तावित है।

### विचित्र बुखार से युवक की मौत से मचा हड़कंप

**फर्रुखाबाद।** विचित्र बुखार की चपेट में आने से तीव्र बुखार से युवक की दर्दनाक मौत भी हो गई। मिली जानकारी के अनुसार खंड कमालगंज की ग्राम पंचायत रुनीचुरसाई के गांव विरियानगला निवासी अनिकेत राजपूत उर्फ पिंटू पुत्र मुखराम सिंह की तेज बुखार आने के कारण आकस्मिक मौत हो गई । अनिकेत की दो साल पहले शादी हुई थी और बहुत ही सरल स्वभाव के साथ साथ बीएड बीटीसी टीईटी किए पढ़ाई-लिखाई में तेज थे।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का किया सजीव प्रसारण

**मेरठ।** विकास भवन सभागार मेरठ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ व लोकार्पण का सजीव प्रसारण एवं जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि सोमवार को मुख्यमंत्री के द्वारा कक्षा तीन से 12 तक के बच्चों के निपुण आकलन हेतु निपुण प्लस, बच्चों की यूनिफॉर्म, जूता-मोजा आदि हेतु डीबीटी कार्यक्रम का शुभारंभ ,38 मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों तथा 66 अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का शिलान्यास, 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण, राज्य शैक्षिक संस्थान लखनऊ में स्थापित ब्रॉडकास्टिंग स्टूडियो का शुभारंभ, एससीईआरटी द्वारा तैयार पुस्तकों का विमोचन आदि कर शिक्षा विभाग को नवीन व सुदृढ आयाम प्रदान किए गए। इस अवसर पर महापौर हरिकान्त अहलूवालिया, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, एमएलसी अश्वनी त्यागी, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी, जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह, एसएसपी विपिन ताडा, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल आदि मौजूद रहे।


### सूचना

मैंने अपने भाई मुस्तफा और उसकी पत्नी शबीला से उनके गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी भी कृत्य के लिए मैं या मेरे अन्य भाई-बहन उत्तरदायी नहीं है। **मुस्तकीम पुत्र मरहूम अफलातून ग्राम नाहली, थाना सरधना ( मेरठ )।**


## अक्षरधाम कॉलोनी में किटी पार्टी का आयोजन

**मेरठ,** 26 मई (देशबन्धु)। अक्षरधाम कॉलोनी की महिलाओं द्वारा पल्लवपुरम फेस वन के रेस्टोरेंट एमी पर एक कितनी पार्टी आयोजित की गई। इस पार्टी में सभी महिलाओं ने मिलकर तबला खेल और एक दूसरे को उपहार दिए। इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने संकल्प लिया कि वह इस बार जल संरक्षण के लिए कार्य करेंगे साथ ही अपने घरों की छत



पर पक्षियों के लिए दान और पानी की व्यवस्था करेंगे। इसके अलावा घर के पास पशुओं और जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था की जाएगी। जिससे गर्मी के दौरान पशुओं को कुत्तों को स्वच्छ पीने लायक पानी मिल सके। किटी पार्टी का आयोजन ममता बालियान द्वारा किया गया। अक्षरधाम में आयोजित किटी पार्टी में अंजना गौतम, अनामिका भल्ला, बबीता चौधरी, सरिता सेंगर, मीनाक्षी चौहान, शकुंतला, श्वेता, सविता गुप्ता, अलका सिंह, पूजा चौधरी, पूनम रानी, नीलम गुप्ता आदि ने भाग लिया।

## पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में मवाना में बढ़ती विकास की रफ्तार

- दो वर्षों में हुआ 31.79 करोड़ का कार्य
- जनसेवा के प्रति निष्ठा से ही संभव हुआ चहुंमुखी विकास : अखिल कौशिक



**मवाना,** 26 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के सेवा कार्यकाल के सफल 2 वर्ष सोमवार को पूर्ण हो गए। पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक के कुशल नेतृत्व में मवाना नगर ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। इन दो वर्षों में पालिका अध्यक्ष ने शासन से विशेष प्रयास कर कुल 10.20 करोड़ रुपए की विशेष ग्रांट स्वीकृत कराई। इसमें अमृत 2 योजना के अंतर्गत दो तालाबों के सौंदर्यीकरण हेतु 2.04 करोड़, कान्हा गौशाला निर्माण हेतु 2.04 करोड़, बेरियों वाले श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण हेतु 39.38 लाख, भैसा रोड तालाब हेतु 49.65 लाख, एवं नगर में जल निकासी हेतु 17 नालों के निर्माण हेतु 3.90 करोड़ रुपए की ग्रांट शामिल है। इतनी बड़ी राशि किसी भी पूर्ववर्ती बोर्ड द्वारा शुरुआती दो वर्षों में प्राप्त नहीं की गई थी। इसके अतिरिक्त, 8.89 करोड़ रुपए की लागत से 111 निर्माण कार्य राज्य वित्त/अवस्थापना/15वें वित्त आयोग के अंतर्गत पूरे किए गए। साथ ही, सीवरेज एवं जल निकासी योजना, कान्हा गौशाला, बेसहारा पशु आश्रय योजना, अमृत 2.0 योजना, अंत्येष्टि योजना और तालाब सौंदर्यीकरण योजना के तहत कुल 20.54 करोड़ रुपए की लागत से 90 निर्माण कार्य संपन्न किए गए। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु भी अनेक प्रयास किए गए जिनमें वाटर स्प्रिंकलर ट्रक (25.70 लाख), फॉगिंग ई-रिक्शा (13.65 लाख), कंपैक्टर ट्रक (45 लाख), ट्रोमल प्लांट (81 लाख), पथ प्रकाश व्यवस्था (64 लाख) एवं अन्य आपूर्तियों पर कुल 2.36 करोड़ रुपये व्यय किए गए। इस प्रकार कुल 31.79 करोड़ रुपए की विकास योजनाएं लागू की गईं या निविदा की गईं, जो अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## चौहान प्रॉपर्टीज ने कराया विशाल भंडारा

**मवाना,** 26 मई (देशबन्धु)। ज्येष्ठ माह के दूसरे सोमवार को बढ़ अमावस्या के अवसर पर छोटे मवाना स्थित चौहान प्रापर्टी एवम बिल्डर्स ऑफिस के शुभ आरम्भ के अवसर पर एक विशाल भंडारे



का आयोजन किया गया। जिसमे आसपास के गांव के लोगों ने व आने जाने वाले राहगीरों ने भक्ति के भजनों के साथ प्रसाद ग्रहण किया और घर्म लाभ उठाया। ठाकुर नवनीत चौहान ने कहा कि ज्येष्ठ माह की अमावस्या के बहुत महत्व होता है इसमें भंडारा करना चाहिए इससे बहुत पुण्य प्राप्त होता है। भंडारे के आयोजन में मुख्यरूप से समाज सेवी अर्जुन काली, ठाकुर अंकित सिंह चौहान अटौरा,जिला अध्यक्ष ठाकुर नवनीत चौहान, उस्मान चौहान, विमल चौधरी, भूपेंद्र चौहान, हिमांशु शर्मा, अंकुर सैनी, विशाल चौहान, शुभम काली आदि लोगों का सहयोग किया।

## फर्जी बैनामा कराने वाले दो आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

**मवाना,** 26 मई (देशबन्धु)। तहसील क्षेत्र स्थित बहुचर्चित बाबा बिरसा फार्म (गुरुद्वारा शिव सदन) की करोड़ों रुपए मूल्य की जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैनामा कराने वाले गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को मवाना थाना पुलिस ने पंजाब राज्य के अंतिम जिलों में से एक से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। एसएसपी मेरठ डॉ. विपिन ताडा के निर्देश पर, थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को हरविंदर सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह निवासी भंगाला (जिला तरनतारण, पंजाब) व गुरचरण सिंह पुत्र रछपाल सिंह निवासी मैनी बस्ती (जिला फाजिलका, पंजाब) को अटोरा बाईपास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ थाना मवाना में मुकदमा अपराध संख्या 71 2025, बीएनएस की धाराएं 318 (4) 338 336 (3) 336 (4) 340 (2) 61 (2) के अंतर्गत मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार, गिरोह द्वारा बाबा बिरसा फार्म की कीमती भूमि को फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए कौड़ियों के दाम में बैनामा किया गया और फिर धोखाधड़ी से राशि लेकर फरार हो गए। सेवादार प्रेमपाल सिंह ने जानकारी दी कि गुरुद्वारे के एक अन्य सेवक गुरचरण सिंह निवासी पानीपत की शिकायत पर



पहले ही गफ्फार, मारूफ, अबरार, आमलीन, छोटी, शमा परवीन, भगवान सिंह आदि के विरुद्ध दो मुकदमे थाना मवाना में दर्ज हो चुके हैं।

इस फर्जीवाड़े में पंजाब निवासी भूमाफिया सुरिंदर सिंह उर्फ शिन्दा, स्वर्ण सिंह और जस्सा सिंह (ग्राम पंघाला के सरपंच) का नाम सामने आया है, जिन्होंने कथित रूप से हरविंदर और गुरचरण सिंह को झांसे में लेकर मवाना बुलाया और उनकी 'पुश्तैनी जमीन' का झूठा दावा करवा कर बैनामा कराया। गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## बीस अतिक्रमणकारियों को नोटिस



- आठ चालान, दस दुकानों का अतिक्रमण हटाया

**मवाना,** 26 मई (देशबन्धु)। थाना पुलिस ने रविवार शाम अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। यह कार्यवाही व्यापार संगठनों व भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल की शनिवार को की गई मांग के बाद की गई, जिसमें अतिक्रमण पर रोक लगाने की अपील की गई थी। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम ने थाना तिराहा से लेकर बस स्टैंड चौकी तक सड़क के दोनों ओर फैले अतिक्रमण को चिन्हित कर कार्यवाही शुरू की। इस दौरान 20 बड़े अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी, 8 के चालान काटे गए, तथा 10 लोगों का अतिक्रमण मुख्य मार्ग से हटवाया गया। साथ ही सड़क पर दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाकर चल रहे दो बाइक चालकों के भी चालान किए गए। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र ने स्पष्ट किया कि जब तक मवाना से अतिक्रमण की समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं होती, तब तक यह अभियान लगातार चलता रहेगा।

## सुहागिन महिलाओं ने की अपने पति की लंबी उम्र की कामना



- वट सावित्री की पूजा-अर्चना की

**फर्रुखाबाद,** 26 मई (देशबन्धु)। सुहागिन महिलाओं ने अपने पतियों की दीर्घायु के लिए बट सावित्री की पूजा अर्चना की और अपने पतियों की आयु की कामना की। बताते हैं कि सावित्री ने अपने पति सत्यवान की मृत्यु हो जाने के बाद वह यमराज के पीछे-पीछे यमलोक को चलती चली गई जब यमराज ने पीछे मुड़कर देखा तो सावित्री उसके पीछे-पीछे आ रही है जिंदा व्यक्ति यमलोक नहीं जा सकता तो यमराज सकते में आ गए और उन्होंने सावित्री को लौट जाने के लिए कहा लेकिन सावित्री को यमराज ने सावित्री को पुत्र होने का आश्वासन दिया फिर भी सावित्री नहीं मानी और यमराज के पीछे-पीछे चलती चली गई। यमराज ने सावित्री कहा कि हमने आपको पुत्र होने का वरदान दिया तो सावित्री ने यमराज के हाथ जोड़कर कहा कि मेरे पति को तो आप लिए जा रहे हो तो कैसे पुत्र होगा आखिरकार यमराज ने अपनी हार मान ली और सत्यवान को जीवित कर दिया। तभी से सुहागिन महिलाएं बट सावित्री व्रत रखती चली आ रही है। सावित्री पूजा में खरबूजा धागा पूरी पिटवा आज से पूजा अर्चना की जाती है और अपने पतियों की सुहागिन महिलाएं दीर्घायु की कामना करती हैं।

**बैठक** *विकास भवन में संपन्न हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक*

## तीन माह की कार्य योजना बनाकर कार्य करें अधिकारी : धर्मपाल सिंह

**मेरठ,** 26 मई (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन/प्रभारी मंत्री मेरठ उ.प्र. धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छ पेयजल, दुग्ध विकास, राशन वितरण, स्वच्छता, वृद्धावस्था, विधवा, विकलांग पेंशन तथा विवाह अनुदान, विद्युत आपूर्ति, संक्रामक रोग नियंत्रण, गौ संरक्षण, हरा चारा भूसा पेयजल आदि की व्यवस्था के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव के संतृप्तिकरण की समीक्षा की गई।

- लोगों को जागरूक कर पानी के अपव्यय को रोका जाए : धर्मपाल सिंह

मंत्री ने कहा कि गांव में शत-प्रतिशत पानी सप्लाई सुनिश्चित हो, जिन गांवो में परियोजना का कार्य अधूरा है उनको समन्वय स्थापित कर पूर्ण किया जाए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पानी सप्लाई में पानी का अपव्यय न हो इसके लिए लोगो को जागरूक किया जाए। नगर निगम को निर्देशित किया कि बरसात के दौरान समस्त नालो की साफ-सफाई सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। वॉटर ट्रीटमेंट एवं कूड़ा प्रबंधन में आवश्यक कार्यवाही करते हुये शहर को स्वच्छ बनाने में अन्य संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अवैध कालोनी के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि हाल ही में आई आंधी के कारण बडी संख्या में विद्युत विभाग के तार, ट्रांसफार्मर, पोल क्षतिग्रस्त हुए है।



अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि विद्युत विभाग पूरी टीम को लगाते हुए युद्धस्तर पर कार्यवाही करें तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति शत-प्रतिशत सुचारू रूप से सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि सडको का निरीक्षण करें तथा बरसात के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक कराना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि बरसात में संक्रामक रोगों के दृष्टिगत संचारी रोग अभियान के अंतर्गत टीकाकरण, एंटीलार्वा, फॉगिंग आदि कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि गौशालाओ पर भूसा, चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाए तथा चारागाह की भूमि पर हरा चारा बोया जाए। गौशालाओ को आत्मनिर्भर बनाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा जनप्रतिनिधियों को भी अपने साथ विजिट कराते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए। समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया कि शादी अनुदान योजनान्तर्गत पुत्री के विवाह हेतु धनराशि दी जाती है, इस योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

पूर्ति विभाग को निर्देश दिए गए कि रिक्त दुकानों का आबंटन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तीन माह की कार्य योजना बनाते हुए उसके अनुरूप कार्यवाही करें। जिलाधिकारी डा. वीके सिंह ने कहा कि बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा जो भी निर्देश दिए गए है उसका समस्त विभागीय अधिकारी शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करेंगे तथा मंत्री को आश्वस्त किया गया कि विकास कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाएगी।

देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार, 27 मई, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### हरभजन सिंह और उनकी पत्नी लेकर आ रहे नया चैट शो 'हू इज द बॉस'

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी हरभजन सिंह और उनकी पत्नी गीता बसरा ने हाल ही में अपनी नई प्रोडक्शन कंपनी 'पर्पल रोज एंटरटेनमेंट' शुरू की है। अब उन्होंने इस बैनर के तले एक नया चैट शो 'हू इज द बॉस' शुरू किया है। हरभजन सिंह ने बताया कि इस शो को बनाने का आइडिया उन्हें महिलाओं से मिला। उन्होंने कहा कि लोग क्रिकेटरों को तो जानते हैं, लेकिन उनकी पत्नियों को नहीं जानते। इन महिलाओं की अपनी एक पहचान है, एक अलग कहानी है। ये अपने आप में बेहद खास हैं, और हम चाहते हैं कि इनकी कहानियां सबके सामने आएं। इसी सोच के साथ इस शो को शुरू करने का आइडिया आया। वहीं गीता बसरा ने बताया कि घर में असली बॉस कौन है?, इसका जवाब देते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हम दोनों मिलकर बराबरी से जिम्मेदारियां निभाते हैं।

वैज्ञानिकों ने नए अध्ययन में पाया

# तीन रात बिना सोए रहने से हृदय रोग का बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति लगातार तीन रातों तक ठीक से नहीं सोता है, तो उसे दिल की बीमारियां होने का खतरा बढ़ सकता है। स्वीडन की उप्साला यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने पाया कि जब नींद पूरी नहीं होती, तो शरीर में सूजन (इंफ्लेमेशन) बढ़ जाती है। यही सूजन दिल की बीमारियों की वजह बन सकती है। इस अध्ययन के प्रमुख डॉक्टर जोनाथन सेडरनेस ने बताया कि अब तक किए गए ज्यादातर शोधों में अधेड़ उम्र के लोगों पर ध्यान दिया गया है, जिनमें पहले से ही दिल की बीमारी का जोखिम होता है। लेकिन इस बार जब बिल्कुल स्वस्थ और युवा लोगों को कुछ रातों तक ठीक से नहीं सोने दिया गया, तब भी उनके शरीर में वही बदलाव दिखे। इसका मतलब है कि जीवन के शुरुआती दिनों में ही हृदय संबंधी स्वास्थ्य के लिए नींद के महत्व पर जोर देना जरूरी है। इस शोध में 16 जवान और स्वस्थ पुरुषों को शामिल किया गया। इन सबका वजन सामान्य था और नींद की आदतें भी ठीक



- शोध में 16 जवान और स्वस्थ पुरुषों को किया शामिल
- कम नींद लेने वाले व्यक्ति को व्यायाम करने के बाद शरीर की प्रतिक्रिया थोड़ी बदली

थीं। सभी को दो बार एक नींद प्रयोगशाला में रखा गया- एक बार उन्हें तीन रातों तक अच्छी नींद लेने दी गई, और दूसरी बार हर रात सिर्फ 4 घंटे की नींद दी गई। दोनों बार खाने और गतिविधियों को भी नियंत्रित रखा गया।

हर सुबह और शाम, उनके खून के नमूने लिए गए- खासकर 30 मिनट की तेज कसरत के बाद। वैज्ञानिकों ने खून में लगभग 90 तरह के प्रोटीन की मात्रा मापी। जब नींद पूरी नहीं हुई थी, तब कई ऐसे प्रोटीन की मात्रा बढ़ी जो शरीर में सूजन और दिल की बीमारियों से जुड़े होते हैं। शोधकर्ताओं ने बायोमार्कर रिसर्च जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में कहा कि इनमें से कई प्रोटीन पहले से ही हार्ट फेल होने और धमनियों में रुकावट जैसी बीमारियों से जोड़े जा चुके हैं।

शोध में यह भी देखा गया कि व्यायाम करने के बाद शरीर की प्रतिक्रिया थोड़ी बदली, अगर व्यक्ति ने कम नींद ली थी। लेकिन अच्छी बात यह रही कि कुछ अच्छे प्रभाव वाले प्रोटीन भी बढ़े। चाहे व्यक्ति ने अच्छी नींद ली हो या नहीं। यानी कम नींद के बावजूद कसरत के कुछ फायदे फिर भी मिलते हैं। हालांकि, वैज्ञानिकों ने यह भी कहा कि जब कम नींद के साथ व्यायाम किया जाता है, तो यह दिल की मांसपेशियों पर थोड़ा ज्यादा असर डाल सकता है।

# आयुर्वेदिक औषधीय गुणों से भरपूर सौंफ

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। गैस, अपच, और पेट की जलन की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए सौंफ के दाने काफी लाभदायक साबित हो सकते हैं। अगर नियमित रूप से सौंफ के दाने का इस्तेमाल किया जाए तो आपका पाचनतंत्र मजबूत बनेगा और चेहरे पर चमक भी वापिस लौट आएगी। आयुर्वेद में सौंफ को शतपुष्पा के नाम से जाना जाता है। जो पेट संबंधी विकारों को दूर करने में सहायक होता है। सौंफ के दाने शीतल और शांतिदायक होते हैं। जो पित्त दोष को संतुलित करने में मददगार होते हैं। इससे गैस, अपच और पेट की जलन की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सौंफ का इस्तेमाल घरों में मसाले के तौर पर किया जाता है। लेकिन, रात को खाना-खाने के बाद मुंह का स्वाद बदलने और ताजगी महसूस करने के लिए काफी लोग सौंफ के दाने का प्रयोग करते हैं।

आयुर्वेद के अनुसार, सौंफ को चबाने या चाय के रूप में लेने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और मानसिक शांति भी मिलती है। सौंफ के दाने चबाने से पेट फूलना और भारीपन कम होता है, जिससे पाचन सुचारू रहता है। सौंफ की शीतल प्रकृति पित्त दोष को शांत करती है। सीने में जलन, सिरदर्द में सौंफ राहत देती है।

पेट की समस्याओं के अलावा सौंफ के दाने खाने से मुंह से आने वाली दुर्गंध भी दूर



- पेट संबंधी विकारों को दूर करने में सहायक
- आयुर्वेद में सौंफ का नाम शतपुष्पा
- रात को खाना-खाने के बाद मुंह का स्वाद बदलने में लाभदायक

होती है। सौंफ में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो मुंह की दुर्गंध को कम करते हैं और मसूड़ों को स्वस्थ रखते हैं। वहीं, रात्रि के भोजन के बाद सौंफ खाने से सांसों में ताजगी बनी रहती है। सौंफ की चाय पीने से मासिक धर्म की असहजता और पेट दर्द में आराम मिलता है। नियमित रूप से सौंफ का सेवन शरीर को मौसमी बीमारियों से बचाने में मदद करता है। सौंफ खाने से मानसिक तनाव दूर होता है और नींद भी अच्छी आती है।

सौंफ खाने से वैसे तो कोई भी नुकसान नहीं है। लेकिन, गर्भवती महिलाओं को सौंफ का सेवन ज्यादा नहीं करना चाहिए। कई बार कुछ लोगों में एलर्जी या हार्मोनल बदलाव का कारण बन सकता है। अगर आप कोई चिकित्सा ले रहे हैं तो सौंफ खाने के लिए एक बार डॉक्टर से परामर्श जरूर लें।

# 'तेरी यादें' में हनी सिंह और नरगिस फाखरी की दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई,** 26 मई (एजेंसियां)। रैपर-संगीतकार यो यो हनी सिंह ने अपना नया म्यूजिक वीडियो 'तेरी यादें' रिलीज किया। इस म्यूजिक वीडियो में अभिनेत्री नरगिस फाखरी और ग्रिनी भी नजर आ रहे हैं। 'तेरी यादें' हनी सिंह के एल्बम ग्लोरी का एक बोनस ट्रैक है और इसमें अंतरराष्ट्रीय कलाकार ग्रिनी भी हैं। टी-सीरीज ने इंस्टाग्राम पर हनी सिंह का नया म्यूजिक वीडियो जारी किया और इसके कैप्शन में लिखा, हनी सिंह एक ऐसी धुन के साथ वापस आ गए हैं जो आपकी यादों में बस जाएगा। 'तेरी यादें' रिलीज हो गया है।' फैंस को हनी सिंह के इस नए म्यूजिक वीडियो में उनका नरगिस फाखरी के साथ रोमांटिक अंदाज काफी पसंद आ रहा है। गीत हनी सिंह और ग्रिनी दोनों ने लिखे हैं, और संगीत हनी सिंह ने दिया है। 2024 में हनी सिंह ने अपना एल्बम ग्लोरी लॉन्च किया, जिसमें 'मिलियनेयर', 'पायल' और 'जट्ट महकमा' सहित 18 ट्रैक शामिल थे। इस एल्बम में उन्होंने लियो ग्रेवाल के साथ गीतकार के रूप में एक संगीत निर्माता के रूप में भी वापसी की। इस एल्बम में हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी, हरियाणवी, भोजपुरी, स्पेनिश, फ्रेंच, अरबी, सिंधी और बलूची सहित 10 विभिन्न भाषाएं शामिल हैं। 10 में से 6 भाषाएं भारतीय उपमहाद्वीप की मूल भाषा हैं। एल्बम ने तब से कई स्ट्रीमिंग रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मुख्य ट्रैक मिलियनेयर ने सिर्फ 8 महीनों में यूट्यूब पर 350+ मिलियन व्यूज और दूसरे प्लेटफॉर्म पर 150 प्लस मिलियन स्ट्रीम पार कर लिए हैं।

# हाथ से खाना खाने के ढेर सारे लाभ

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। चम्मच या कांटे के बजाय अगर हाथ से खाना खाया जाए तो यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। हाथ से खाना खाने वाले लोग शरीर के मोटापे को नियंत्रित करने में सफल होते हैं और उनमें पेट से संबंधित समस्याएं काफी कम पाई जाती हैं। आयुर्वेद में हाथ से खाना खाने के कई लाभकारी फायदों के बारे में बताया गया है। आयुर्वेद के अनुसार, उंगलियों से भोजन छूने से शरीर के पांच तत्वों (अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी, आकाश) के साथ संतुलन बनता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। हाथ से खाना खाने से लोगों में भोजन को अच्छी तरह से चबाने की आदत विकसित होती है, जिससे पाचन क्रिया में सुधार होता है और पाचनतंत्र मजबूत बनता है। हाथ की उंगलियों से भोजन को छूने से मस्तिष्क को मिलने वाले संकेत पाचन एंजाइम्स को सक्रिय करते हैं। हाथ से भोजन करने से भोजन की मात्रा निर्धारित रहती है, जिससे अधिक भोजन करने की आवश्यकता कम हो जाती है। कम भोजन करने से मोटापे को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। हाथ से खाना खाने के पीछे हमारा सांस्कृतिक जुड़ाव भी है।

हाथ से खाना खाकर हम भोजन के प्रति अपनी ओर से सम्मान जाहिर करते हैं। इससे मस्तिष्क और मांसपेशियों के बीच समन्वय बढ़ता है। प्लास्टिक के चम्मच या कांटे की तुलना में अगर हम हाथ से भोजन करते हैं तो हमें चम्मच की आवश्यकता नहीं होती है। इससे हम पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं। हाथ से भोजन करने के कई लाभ हैं, लेकिन ये लाभ तभी मिलेंगे जब आप स्वच्छता




का ध्यान रखें। इसलिए, खाना खाने से पहले हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं। इसके बाद तौलिए से हाथों को अच्छी तरह से साफ करें। इसके बाद ही भोजन करना शुरू करें।

आयुर्वेद के अलावा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इसके कई लाभ बताए गए हैं। कई शोध में पाया गया है कि हाथ से भोजन करने और धीरे-धीरे भोजन को चबाने से पाचन प्रक्रिया प्रारंभिक स्तर पर ही बेहतर होती है। हाथ से खाना खाने से भोजन के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जिसे माइंडफुल ईटिंग कहा जाता है।

# पीसीओएस महिलाओं की दिमाग पर भी डालता है असर

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम यानी पीसीओएस एक आम बीमारी है जो महिलाओं के हार्मोन को प्रभावित करती है। यह सिर्फ शरीर पर ही नहीं, बल्कि दिमाग पर भी असर डाल सकता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के वैज्ञानिकों ने नए अध्ययन में पाया कि पीसीओएस महिलाओं की ध्यान केंद्रित करने और सोचने-समझने की क्षमता को कमजोर कर सकता है। पीसीओएस में आमतौर पर अनियमित पीरियड्स, ओवरी में छोटी-छोटी रसौलियों व गांठों के बनने, पुरुष हार्मोन (एंड्रोजन) के बढ़ने की शिकायत की जाती है।

पहले हुए कुछ शोध में पाया गया कि पीसीओएस पीड़ित महिलाएं तनावग्रस्त रहती हैं, वहीं इस नए अध्ययन ने 'ध्यान केंद्रित' करने की जरूरी मानसिक अवस्था का पता लगाया है । अध्ययन में देखा गया कि पीसीओएस से जूझ रही महिलाएं ध्यान केंद्रित करने में काफी संघर्ष करती हैं। ध्यान की कमी से उनकी सोचने, समझने और किसी भी जानकारी को याद रखने की क्षमता पर असर पड़ सकता है। आईआईटी बॉम्बे के साइकोफिजियोलॉजी प्रयोगशाला में काम करने वाली मैत्रेयी रेडकर और प्रोफेसर




- तनावग्रस्त रहती हैं पीसीओएस पीड़ित महिलाएं
- अध्ययन में पीसीओएस से पीड़ित 101 महिला शामिल

अजीजुद्दीन खान ने महिलाओं के दो समूहों का अध्ययन किया। इसमें पीसीओएस से पीड़ित 101 महिलाओं और पूरी तरह से स्वस्थ 72 महिलाओं को शामिल किया गया।

टीम ने अध्ययन शुरू करने से पहले दोनों समूहों की महिलाओं के हार्मोन की जांच की। इसके बाद उन्होंने सभी महिलाओं से 'ध्यान केंद्रित करने से जुड़ी कुछ गतिविधियां' करवाईं। इस दौरान उन्होंने पाया कि पीसीओएस पीड़ित महिलाएं स्वस्थ महिलाओं की तुलना में देर से रिएक्ट कर रही थीं। उनका ध्यान जल्दी भटक जाता था।

# राकेश रोशन की फिटनेस को देख टाइगर श्रॉफ भी रह गए हैरान

**मुंबई,** 26 मई (एजेंसियां)। 'उम्र महज एक नंबर है' इन शब्दों को साबित कर दिखाया है हिंदी सिनेमा के दिग्गज फिल्म निर्माता राकेश रोशन ने। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिटनेस रूटीन का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो को देख फैंस दावा कर रहे हैं कि वह फिटनेस के मामले में युवा एक्टर्स को भी मात दे सकते हैं। इस वीडियो पर अनुपम खेर, टाइगर श्रॉफ समेत कई सेलेब्स ने भी कमेंट्स किए। राकेश रोशन ने इस वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। 75 साल के राकेश रोशन वीडियो में जिस तरह से एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं, वह देख सभी हैरान हैं। वीडियो में उन्हें बॉक्सिंग की प्रैक्टिस, पैरों की एक्सरसाइज और हंसी-मजाक करते हुए देखा जा सकता है। इसके अलावा, वह वेटलिफ्टिंग करते हुए और बैटल रोप्स से एक्सरसाइज करते भी नजर



आए।

उन्होंने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि यह हेल्दी रहने के बारे में नहीं है, यह हर दिन अपने आप को बेस्ट महसूस करने के बारे में है। उनके इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने भी कमेंट्स किए। एक्टर अनुपम खेर ने लिखा, 'हर हर महादेव!', वहीं टाइगर श्रॉफ ने लिखा, 'लवली सर।' इनके अलावा, विक्की कौशल के पिता और एक्शन डायरेक्टर शाम कौशल ने लिखा, 'क्या बात... बेहद प्रेरणादायक है, राकेश जी' इस वीडियो पर फैंस भी ताबड़तोड़ कमेंट्स कर रहे हैं और राकेश रोशन की मेहनत की खूब तारीफ कर रहे हैं।

एक यूजर ने लिखा, आप सच में एक प्रेरणा हैं सर। तो अन्य ने उन्हें असली सुपरहीरो करार दिया।

हाल ही में राकेश रोशन ने अपने बेटे और बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन के डायरेक्टर बनने पर एक प्यारा सा पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने लिखा, डुग्गू, 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक अभिनेता के रूप में लॉन्च किया था, और आज फिर 25 साल बाद, दो फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा और मैं, तुम्हें एक निर्देशक के तौर पर लॉन्च कर रहे हैं, ताकि हमारी सबसे बड़ी फिल्म 'कृष 4' को आगे बढ़ाया जा सके। तुम्हें इस नए रोल के लिए बहुत सफलता और आशीर्वाद। बता दें कि 'कृष 4' फिल्म में ऋतिक रोशन डायरेक्टर और अभिनेता दोनों का काम करेंगे। यह फिल्म यश राज फिल्म्स और राकेश रोशन साथ मिलकर बनाएंगे।

# खतरनाक राक्षस से भिड़ी काजोल, 'मां' का ट्रेलर जारी

**मुंबई,** 26 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड स्टार काजोल ने अपनी नई फिल्म 'मां' से अपना पहला पोस्टर जारी किया, जिसमें वह एक बहादुर योद्धा के अवतार में नजर आ रही हैं। इस फिल्म में वह एक ऐसे किरदार में हैं जो अपने परिवार को खतरनाक और बुरी ताकत से बचाने के लिए लड़ती हैं। पोस्टर के साथ एक्ट्रेस ने ट्रेलर के रिलीज होने की डेट का भी खुलासा किया। काजोल ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में काजोल और एक शैतान नजर आ रहा है, जिसकी लाल आंखें चमक रही हैं और शरीर बेहद डरावना है। दोनों एक-दूसरे पर चिल्लाते हुए नजर आ




रहे हैं। बैकग्राउंड में आकाशीय बिजली चमकती नजर आ रही है। कुल मिलाकर पोस्टर काफी डरावना है। पोस्टर पर लाल रंग में लिखा है, 'रक्षक, भक्षक और मां', पोस्टर में दमदार ऑडियो सुनाई दे रहा है। यह ऑडियो काफी जोशीला है। ऐसा लगता है काजोल शैतान से लड़ने को पूरी तरह तैयार हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए काजोल ने कैप्शन में लिखा कि रक्षक, भक्षक, मां। बचाने वाली। बर्बाद करने वाली। चार के दिन के बाद ट्रेलर आएगा। फिल्म का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है। वह 'छोरी' और 'छोरी 2' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

फिल्म 'मां' को अजय देवगन और ज्योति देशपांडे प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में काजोल के अलावा इंद्रनील सेनगुप्ता, रोनित रॉय और जितिन गुलाटी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# पिट्यूटरी ट्यूमर के इलाज के लिए 'सबसे लंबे आदमी' की सर्जरी की गई



**चंडीगढ़,** 26 मई (एजेंसियां)। चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर के न्यूरो सर्जरी विभाग ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने अब तक 100 से अधिक पिट्यूटरी ट्यूमर के मामलों का इलाज किया, जिनमें सबसे लंबा मरीज भी शामिल था, जिसकी लंबाई 7 फीट 7 इंच थी। एक्रोमेगाली एक हार्मोनल बीमारी है जो पिट्यूटरी ग्रंथि में बनने वाले ट्यूमर के कारण होती है। इसमें हड्डियों और ऊतकों की अत्यधिक वृद्धि देखी जा सकती है। इसका इलाज एंडोस्कोपिक ट्रांसनसल पद्धति से किया जाता है। यह एक कम चोट पहुंचाने वाली तकनीक है, जिसमें सिर पर कोई चीरा नहीं लगाया जाता।

डॉ. राजेश छाबड़ा, डॉ. अपिंदरप्रीत सिंह और डॉ. शिल्पी बोस की अगुवाई वाली न्यूरोसर्जरी टीम ने डॉ. राजीव चौहान की नेतृत्व वाली न्यूरो एनेस्थीसिया टीम के सहयोग और डॉ. इकजोत व डॉ. दृष्टि पारेख की मदद से 100 जटिल ऑपरेशन किए। पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च ने सोमवार को कहा कि ओटी तकनीशियन गुरप्रीत सिंह सहित ऑपरेशन थियेटर टीम ने इन सर्जरियों को सही तरीके से और सुरक्षित रूप से पूरा करने में अहम भूमिका निभाई। पीजीआईएमईआर के निदेशक प्रोफेसर विवेक लाल ने टीम के सहयोग को सराहते हुए कहा कि 7 फीट 7 इंच लंबाई वाले सबसे लंबे मरीज समेत 100 से अधिक जटिल पिट्यूटरी ट्यूमर के सफल इलाज से पीजीआईएमईआर की चिकित्सा विशेषज्ञता, सटीकता और टीम वर्क साबित होता है। यह परिणाम दिखाते हैं कि हम नई सोच के साथ बेहतरीन देखभाल देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस सर्जरी पद्धति की सफलता को बताते हुए पीजीआईएमईआर ने हाल ही में एक ऐसे युवक का इलाज किया, जिसकी लंबाई 7 फीट 7 इंच तक बढ़ गई थी। यह लंबाई अनियंत्रित वृद्धि हार्मोन के कारण होने वाली एक्रोमेगाली की एक दुर्लभ और गंभीर स्थिति थी। रोगी को जोड़ों में दर्द, नजर की समस्याएं और रोजमर्रा के काम करने में परेशानी हो रही थी। फिर बिना किसी निशान के ट्रांसनसल मार्ग के रास्ते ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। अस्पताल ने बताया कि सर्जरी के बाद उनके हार्मोन का स्तर सामान्य होने लगा और कुछ ही हफ्तों में उनके लक्षणों में सुधार दिखने लगा।

इस बारे में विस्तार से बताते हुए एनेस्थीसिया और गहन चिकित्सा विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. राजीव चौहान ने कहा कि यह अब तक पीजीआईएमईआर का सबसे लंबा मरीज था। उसकी असामान्य ऊंचाई और वजन ने एनेस्थीसिया में कई चुनौतियां पैदा की।

# 'स्वस्थ नारी, खुशहाल देश' अभियान शुरू, स्वास्थ्य और स्वच्छता को देगा नई दिशा

**नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और महिला स्वास्थ्य के लिए कार्यरत सामाजिक संस्था शीविंग्स ने मिलकर 'स्वस्थ नारी, खुशहाल देश' नामक एक विशेष स्वास्थ्य और स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है।

यह पहल मासिक धर्म स्वच्छता दिवस से पूर्व शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य वंचित तबके की लड़कियों और महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और जागरूकता उपलब्ध कराना है। इस अभियान के तहत गौतमबुद्ध नगर जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली लगभग 5,500 किशोरियों और महिलाओं को शामिल किया गया है। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें बड़ी संख्या में छात्राएं और उनकी माताएं भाग ले रही हैं। इन शिविरों में महिलाएं अपने स्वास्थ्य से संबंधित



समस्याएं साझा कर रही हैं और विशेषज्ञ डॉक्टर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। शीविंग्स ने स्त्री रोग विशेषज्ञों और सामान्य चिकित्सकों की एक टीम को सरकारी स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में भेजा है ताकि वंचित

- लगभग 5,500 किशोरियां व महिला शामिल
- स्तन कैंसर की पहचान, प्रसव पूर्व और पश्चात देखभाल और एनीमिया जैसी समस्या

समुदायों की महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

इस अभियान को जिलाधिकारी मनीष वर्मा और बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) राहुल पवार का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त है। दोनों अधिकारियों ने जिले के सभी सरकारी स्कूलों को इस पहल में भाग लेने के निर्देश दिए हैं, जिससे अभियान का प्रभाव जमीनी स्तर तक सुनिश्चित हो सके। आईओसीएल के कार्यकारी निदेशक हेमंत राठौर ने बताया कि महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार देश की उत्पादकता और जीडीपी में सकारात्मक योगदान दे सकता है। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सुधार लाएगी, बल्कि स्कूलों में अनुपस्थिति को कम करेगी और महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को भी बढ़ावा देगी।

शीविंग्स के संस्थापक मदन मोहित भारद्वाज ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कोई भी लड़की केवल मासिक धर्म जागरूकता या देखभाल की सुविधा के अभाव में पीछे न रह जाए। हम इस अभियान के माध्यम से 5,500 से अधिक महिलाओं और किशोरियों तक स्वच्छता उत्पाद और जरूरी जानकारी पहुंचाना चाहते हैं।

यह अभियान केवल मासिक धर्म जागरूकता तक सीमित नहीं है। इसके अंतर्गत स्तन कैंसर की पहचान, प्रसव पूर्व और पश्चात देखभाल, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, स्तनपान की चुनौतियों और एनीमिया जैसी समस्याओं पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.17 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.65 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.53 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.52 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.49 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 4.51 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 0.47 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.45 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.45 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.32 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.37 | 89.71 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.02 | 121.84 |
| यूरो | 88.24 | 102.34 |
| चीन युआन | 8.38 | 13.6 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7650-7750 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# महंगाई दर कम होने से लोगों के क्रय शक्ति में होगा सुधार : एचएसबीसी

- बारिश अनुकूल होने की संभावना से खाद्य मुद्रास्फीति कम रहने का अनुमान
- वित्त वर्ष 2025 की मार्च तिमाही पहले की तुलना में बेहतर रही

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। एचएसबीसी रिसर्च की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि बचे हुए वर्ष के लिए महंगाई दर कम होने से भारत में परिवारों की वास्तविक क्रय शक्ति में सुधार होगा और कॉर्पोरेट्स के लिए इनपुट लागत कम होगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कम स्पष्ट, लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण लाभ राजकोषीय वित्त के माध्यम से हो सकता है। शेष वर्ष को अगले छह महीनों के लिए लगभग 2.5 प्रतिशत की कम मुद्रास्फीति से समर्थन मिलने की संभावना है।

सार्वजनिक अन्न भंडारों में स्टॉक होने और मानसून की बारिश अनुकूल होने की संभावना के साथ, खाद्य मुद्रास्फीति कम रहने की संभावना है। देश के लिए अपने 100 इंडीकेटर्स डेटाबेस को अपडेट करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि कम कमोडिटी कीमतों, धीमी वृद्धि, मजबूत रुपया (अमेरिकी डॉलर के मुकाबले) और चीन से आयातित अवस्फीति के कारण कोर मुद्रास्फीति भी सीमित दायरे में रहने की संभावना है। ये संकेतक विभिन्न क्षेत्रों को दर्शाते हैं और विकास की



एक विस्तृत तस्वीर पेश करते हैं। वित्त वर्ष 2026 के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य पर बजट से कम नॉमिनल जीडीपी वृद्धि, प्रत्यक्ष कर उछाल और उच्च रक्षा व्यय से कुछ दबाव हैं। एचएसबीसी रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, कुछ ऑफसेटिंग कारक विशेष रूप से बजट से अधिक आरबीआई लाभांश (2.7 ट्रिलियन रुपए) भी मौजूद हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार के पास तेल उत्पाद शुल्क बढ़ाकर वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट का कुछ हिस्सा अपने पास रखने का विकल्प है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति पहले से ही कम है। हमारा अनुमान है कि अगर सरकार पंप कीमतों को कम करने के बजाय ऑयल 'बाउंटी' का आधा हिस्सा रख लेती है, तो यह न केवल राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा करेगा, बल्कि विकास समर्थन के लिए कुछ अतिरिक्त फंड भी उपलब्ध करवाएगा।

वित्त वर्ष 2025 की मार्च तिमाही पहले की तुलना में एक पायदान बेहतर रही, जिसमें पिछली दो तिमाहियों में 64 प्रतिशत और 61 प्रतिशत के मुकाबले 66 प्रतिशत संकेतक सकारात्मक रूप से बढ़े।

## भारत के पीसी बाजार ने की 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली।** भारत के पारंपरिक पीसी बाजार (डेस्कटॉप, नोटबुक और वर्कस्टेशन) में 2025 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें 3.3 मिलियन यूनिट शिप किए गए हैं। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) के आंकड़ों के अनुसार, यह भारत के पीसी बाजार के लिए लगातार सातवीं तिमाही में वृद्धि को दर्शाता है। नोटबुक में 13.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि वर्कस्टेशन में 30.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जनवरी-मार्च तिमाही में प्रीमियम नोटबुक शिपमेंट (1,000 डॉलर और उससे अधिक) में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि लोअर बेस के कारण 185.1 प्रतिशत की वृद्धि देखने के बावजूद एआई नोटबुक का मूल्यांकन जारी है। गणतंत्र दिवस की बिक्री और मार्च में विभिन्न श्रेणियों में भारी शिपमेंट के कारण कंज्यूमर सेगमेंट में सालाना आधार पर 2025 की पहली तिमाही में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## नीति आयोग ने मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए छह-सूत्री रोडमैप किया जारी




**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारत के मध्यम उद्यमों को अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास इंजन में बदलने के लिए एक व्यापक छह-सूत्री रोडमैप पेश किया गया है।

रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि मध्यम उद्यम देश के एमएसएमई का मात्र 0.3 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन इस क्षेत्र के निर्यात में इनका योगदान 40 प्रतिशत है। मध्यम उद्यमों की पूरी क्षमता को अनलॉक करने के लिए लक्षित हस्तक्षेपों की रूपरेखा तैयार की गई है। रिपोर्ट एमएसएमई क्षेत्र में संरचनात्मक विषमता पर गहराई से चर्चा करती है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 29 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत का योगदान देता है। साथ ही 60 प्रतिशत से अधिक वर्कफोर्स को रोजगार देता है। इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, इस क्षेत्र की संरचना असमान रूप से भारित है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रजिस्टर्ड एमएसएमई में से 97 प्रतिशत माइक्रो एंटरप्राइज हैं, 2.7 प्रतिशत स्मॉल और केवल 0.3 प्रतिशत मध्यम उद्यम हैं। रिपोर्ट में मध्यम उद्यमों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों को रेखांकित किया गया है, जिसमें अनुकूलित वित्तीय उत्पादों तक सीमित पहुंच, एडवांस तकनीकों को सीमित रूप से अपनाना, अपर्याप्त आरएंडडी सपोर्ट, सेक्टोरल टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा उद्यम आवश्यकताओं के बीच बेमेल शामिल हैं। ये सीमाएं उनके पैमाने और इनोवेशन की क्षमता में बाधा डालती हैं।

इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए, रिपोर्ट में छह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में लक्षित हस्तक्षेपों के साथ एक व्यापक नीति की रूपरेखा दी गई है।

इनमें उद्यम टर्नओवर से जुड़ी एक वर्किंग कैपिटल फाइनेंसिंग स्कीम की शुरूआत, बाजार दरों पर 5 करोड़ रुपए के क्रेडिट कार्ड की सुविधा और एमएसएमई मंत्रालय की देखरेख में रिटेल बैंकों के माध्यम से त्वरित निधि वितरण तंत्र शामिल हैं।

## सोने की कीमतों में तेजी जारी



- 96 हजार रुपए के करीब पहुंचा भाव

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का ट्रेंड जारी है। सोमवार को 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 96,000 रुपए के करीब और चांदी की कीमत 97,000 रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 24 कैरेट सोने का दाम 342 रुपए बढ़कर 95,813 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव बढ़कर 87,765 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 18 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 71,860 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। चांदी की कीमत 488 रुपए बढ़कर 97,397 रुपए प्रति किलो हो गई है। आईबीजेए की ओर दिन में दो बार हाजिर बाजार की सोने और चांदी की कीमतें जारी की जाती है। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतीन त्रिवेदी ने कहा कि आने वाले सत्रों में सोने के 95,000 से 96,500 रुपए के बीच में कारोबार करने की उम्मीद है। अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग और सेवा पीएमआई आंकड़ों के साथ-साथ नए घरों की बिक्री के आंकड़ों सहित प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर निवेशकों की कड़ी नजर रहेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई।

## वर्ष 2025 में वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए फ्रेशर्स की नियुक्ति में सबसे आगे रहेगा बेंगलुरु




- 17 प्रतिशत कंपनियों ने 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान लगाया

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) सेक्टर में फ्रेशर्स की नियुक्ति के लिए बेंगलुरु सबसे अधिक आशावादी बना हुआ है, जहां 17 प्रतिशत कंपनियों ने 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो 2025 में दूसरे शहरों की तुलना में ज्यादा एग्रेसिव हायरिंग अप्रोच का संकेत देता है। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

एनएलबी सर्विसेज के अनुसार, पिछले साल की तुलना में, 2025 में अब तक आईटी सेक्टर में नियुक्ति में सालाना आधार पर 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। एनएलबी सर्विसेज के सीईओ सचिन अलुग ने कहा कि उद्योग की उभरती मांगों की प्रतिक्रिया के रूप में भारतीय कॉर्पोरेट जगत का फोकस एंट्री लेवल टैलेंट पर बना हुआ है, जो कि ऑटोमेशन, साइबर-सिक्योरिटी, क्लाउड ट्रांसफॉर्मेशन में प्रगति की वजह से देखा जा रहा है। कंपनियां न केवल रिक्त स्थानों के लिए भर्ती कर रही हैं, बल्कि फ्रेशर्स पर निवेश भी कर रही हैं ताकि वे फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स को तैयार कर सकें।

सेक्टर में आईटी-हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर ने बढ़त हासिल की है, जो 2024 में 17 प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर 2025 में 34 प्रतिशत हो गया, इसके बाद एफएमसीजी ने 16 प्रतिशत, बीमा ने 15 प्रतिशत और फार्मा ने 11 प्रतिशत बढ़त हासिल की है। आईटी सेक्टर में प्रवेश करने वाले फ्रेशर्स अपने स्किल सेट और रोल के आधार पर 3.5 लाख रुपए से 8 लाख रुपए प्रति वर्ष तक के वेतन पैकेज की उम्मीद कर सकते हैं।

उदाहरण के लिए, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स आमतौर पर 2.8 लाख रुपए से 8.2 लाख रुपए प्रति वर्ष कमाते हैं। वेब डेवलपर्स का वेतन फ्रेशर्स के लिए 2 लाख रुपए से 8 लाख रुपए प्रति वर्ष तक है।

## सार संक्षेप

### नीरज चोपड़ा की ऑडी इंडिया के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** दोहरा ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने जर्मन लक्जरी कार निर्माता ऑडी के साथ साझेदारी की है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने सोमवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि उसके एथलीट नीरज चोपड़ा ने यह साझेदारी की है। उसने कहा कि नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक पदक जीत कर देश और दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। अब ऑडी इंडिया के साथ साझेदारी एथलीट और ब्रांड के बीच साझा मूल्यों का आदान प्रदान है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि ऑडी में हम उन लोगों के लिए खड़े हैं जो सीमाओं को लांघते हैं - वे जो सिर्फ़ प्रदर्शन से नहीं, बल्कि उत्कृष्टता की निरंतर खोज से परिभाषित होते हैं। नीरज चोपड़ा उस भावना के प्रतीक हैं। दृढ़ निश्चयी और प्रतिष्ठित, महत्वाकांक्षा से उपलब्धि तक का उनका सफ़र ऑडी के प्रगतिशील डीएनए को दर्शाता है।

### अमेरिका ने गैर-टैरिफ बाधाओं को हल करने का किया आह्वान

**सोल।** दक्षिण कोरिया के एक व्यापार अधिकारी ने सोमवार को बताया कि अमेरिका ने कार्य-स्तरीय व्यापार वार्ता के नए दौर में सोल से विभिन्न गैर-व्यापार बाधाओं को हल करने के लिए कहा है। दक्षिण कोरिया ने ट्रंप प्रशासन से टैरिफ कम करने या समाप्त करने का आग्रह किया है। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार मामले के जानकार एक अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि पिछले सप्ताह के कार्य-स्तरीय परामर्श में वाशिंगटन ने सोल से अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय की मार्च में जारी विदेशी व्यापार बाधाओं पर 2025 राष्ट्रीय व्यापार अनुमान (एनटीई) रिपोर्ट में सूचीबद्ध गैर-व्यापार बाधाओं के समाधान का आग्रह किया था। एनटीई रिपोर्ट में कोरिया के गैर-टैरिफ उपायों की एक विस्तृत श्रृंखला का जिक्र किया गया है, जिसमें अमेरिका से 30 महीने या उससे अधिक उम्र के मवेशियों के गोमांस के आयात पर प्रतिबंध, दक्षिण कोरिया की ऑफसेट रक्षा व्यापार नीति, आयातित कारों पर उत्सर्जन-संबंधी विनियम और दवाइयों के लिए मूल्य निर्धारण नीतियां शामिल थीं।

### गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज का मुनाफा घटा

**मुंबई।** गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज ने सोमवार को वित्त वर्ष 25 की मार्च तिमाही के नतीजे घोषित किए। जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी का मुनाफा तिमाही आधार पर 54 प्रतिशत गिरकर 4 करोड़ रुपए रह गया है, जो कि अक्टूबर-दिसंबर अवधि में 8.8 करोड़ रुपए पर था। हालांकि, सालाना आधार पर वित्त वर्ष 25 की मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा करीब 22 गुना बढ़ा है। वित्त वर्ष 24 की समान अवधि में यह आंकड़ा 18 लाख रुपए पर था। वित्त वर्ष 25 की मार्च तिमाही में कंपनी की ऑपरेशंस से आय 520 करोड़ रुपए रही है, जो कि दिसंबर तिमाही में 535 करोड़ रुपए पर थी। इसमें तिमाही आधार पर 2.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।


# व्यापार तनाव घटने की उम्मीद में चढ़ा बाजार

- सेंसेक्स 455.37 अंक की छलांग लगाकर 82,176.45 पर रहा
- निफ्टी 148.00 अंक की तेजी के साथ 25001.15 अंक पर बंद

**मुंबई,** 26 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समय सीमा बढ़ाए जाने के वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव घटने की उम्मीद में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन चढ़ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक की छलांग लगाकर चार कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,176.45 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 148.00 अंक की तेजी के साथ 25 हजार अंक के पार 25001.15 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत उछलकर 45,111.47 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 51,766.72 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4267 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2301 में लिवाली जबकि 1772 में बिकवाली हुई वहीं 194 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2982 कंपनियों के शेयरों में से 1735 में तेजी जबकि 1173 में गिरावट रही वहीं 74 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय संघ के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस कदम से संभावित नए व्यापार युद्ध की आशंका कम हो गई है, जिसने हाल के दिनों में वैश्विक निवेशकों की




चिंता बढ़ा दी थी। विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला विश्व बाजारों में स्थिरता बनाए रखने में मदद करेगा और निवेशकों की भावना को सहारा देगा। ट्रम्प प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम संकेत देता है कि अमेरिका फिलहाल विवाद के बजाय समाधान की दिशा में बढ़ना चाहता है।

इनके अलावा भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खबर बाजार के लिए निकट भविष्य में मनोबल बढ़ाने वाली होगी। यह न केवल वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करेगा, बल्कि घरेलू स्तर पर भी निवेश भावना को मजबूत करेगा।

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की यह प्रगति मजबूत आर्थिक बुनियाद, सतत सुधारों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर विकास दर का परिणाम है। ऐसे समय में जब कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती से जूझ रही हैं, भारत की रैंकिंग में यह उछाल देश को वैश्विक निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बना सकता है। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.17, नेस्ले इंडिया 1.65, एचसीएल टेक 1.53, टाटा मोटर्स 1.52, आईटीसी 1.49, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.41, एलटी 1.35, टेक महिंद्रा 1.27, इंफ़ोसिस 1.02, टाइटन 0.90, इंडसइंड बैंक 0.87, भारती एयरटेल 0.82, आईसीआईसीआई बैंक 0.73, टीसीएस 0.68, बजाज फिनसर्व 0.67, रिलायंस 0.54, एसबीआई 0.49, एशियन पेंट 0.45 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इटरनल 4.51, अल्ट्रासिम्को 0.47, सन फार्मा 0.45, पावरग्रिड 0.45, एनटीपीसी 0.32, टाटा स्टील 0.31, कोटक बैंक 0.30 और मारुति के शेयर 0.17 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## राष्ट्र निर्माण व आर्थिक विकास के लिए रहें प्रतिबद्ध : सर्बानंद सोनोवाल



**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने देश के नागरिकों से राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में ईमानदारी से काम करने का आह्वान किया। डिब्रूगढ़ में 'तिरंगा यात्रा' में उपस्थित लोगों और मन की बात कार्यक्रम की ऑडियंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम ने देश भर से परिवर्तनकारी विचारों और साहस की कहानियों के माध्यम से नागरिकों को लगातार प्रेरित किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी नागरिकों से एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए खुद को समर्पित करने का आग्रह किया है। उनके नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। हमें विकास और समृद्धि की इस यात्रा को और भी अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करना चाहिए और अंततः मोदी जी के विकसित भारत के सपने को पूरा करना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए तिरंगा यात्रा में शामिल होकर केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने भारत के सशस्त्र बलों की वीरता को श्रद्धांजलि दी और मिशन की सफलता के लिए उनके निडर समर्पण और पीएम मोदी के दृढ़ नेतृत्व को अहम बताया। रास्ते में केंद्रीय मंत्री ने रिक्शा चालकों और मजदूरों से भी बातचीत की और समाज के प्रति उनकी सेवा के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि श्रमिक हमारे महान राष्ट्र की प्रमुख प्रेरक शक्तियों में से एक हैं। इन मेहनती व्यक्तियों से मिलना मेरे लिए हमेशा खुशी और प्रेरणा का स्रोत है।

# खाद्य तेल व दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा आठ रिंगिट की बढ़त के साथ 3832 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.24 सेंट चढ़कर 49.35 सेंट प्रति पौंड बोला गया।




इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 439 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पाम ऑयल 147 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपए,, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई जबकि मूंग दाल 50 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। **दाल-दलहन :** चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# नेशनल अप्रेंटिस प्रमोशन स्कीम में स्टाइपेंड 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाया : जयंत

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को कहा कि नेशनल अप्रेंटिस प्रमोशन (नैप्स) स्कीम में लाभार्थियों के लिए स्टाइपेंड बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के अकाउंट में ट्रांसफर होने वाले स्टाइपेंड को 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाया गया है।

केंद्रीय अप्रेंटिसशिप परिषद की 38वीं बैठक के साइडलाइन में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि नैप्स और नैट्स दोनों ही स्कीम में स्टाइपेंड को बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इसका सीधा लाभ लाभार्थी युवाओं को मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह उद्योगों की भी मांग थी।

केंद्रीय मंत्री चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि इंडस्ट्री के पे-स्केल समय-समय पर बदलते रहते हैं। आज की बैठक में एक समिति के गठन को हरी झंडी दिखाई गई है। हर दो साल में महंगाई की दर को देखते हुए यह समिति तय करेगी कि स्टाइपेंड निरंतर बढ़ाया जाएगा, जिससे मार्केट और इंडस्ट्री स्टैंडर्ड के हिसाब से स्टाइपेंड के माध्यम से लाभार्थियों को सपोर्ट किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह 2021 के बाद बुलाई गई एक बड़ी बैठक थी। अप्रेंटिस कानून के लिए केंद्रीय समिति की इस बैठक में सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के विभागों के प्रतिनिधि, राज्य सरकारों के प्रतिनिधि, इंडस्ट्रियलिस्ट, इकोनॉमिस्ट और कई स्टेकहोल्डर्स की भागीदारी रही। यह बैठक कई घंटों तक चली और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।




> नैप्स व नैट्स दोनों ही स्कीम में स्टाइपेंड को बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इसका सीधा लाभ लाभार्थी युवाओं को मिलेगा : जयंत चौधरी

उन्होंने बताया कि इस नई बैठक में पूर्व में पारित होने वाले एजेंडों, दिशा-निर्देशों को लेकर मंत्रालय ने क्या काम किया, क्या बदलाव और सुधार किए गए, इसकी समीक्षा की गई। इसके अलावा, आगे के लिए प्रस्तावित सुधारों का अनुमोदन किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि नए क्षेत्रों जैसे एआई, रोबोटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी में अगर कोई छात्र अप्रेंटिस बनना चाहता है तो वह अवसर उन्हें दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करते हुए, डिग्री हासिल कर रहे हैं तो आप किस प्रकार अप्रेंटिस बन सकते हैं और उसका क्रेडिट आपको कैसे मिल सकता है, इसके लिए भी एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

# खेल जगत

## राशिद खान की विकेट लेने की क्षमता कम हो रही है : अनिल कुंबले

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के मुताबिक गुजरात टाइटंस के लेग स्पिनर राशिद खान की विकेट लेने की क्षमता हाल में कम हुई है। इसकी वजह से टीम का गेंदबाजी विभाग कमजोर हुआ है। ईएसपीएनक्रिकइंफो से बात करते हुए अनिल कुंबले ने कहा, 'राशिद खान आईपीएल में अपने सबसे खराब सीजन से गुजर रहे हैं। सीजन के 14 मैचों में 53.66 की औसत और 9.47 की इकॉनमी रेट से वह केवल 9 विकेट ले सके हैं।' कुंबले ने कहा, जीटी के लिए शुरुआती 6 ओवरों में चीजें अच्छी नहीं रही, गेंदबाजी पर दबाव था। यहां राशिद खान से उम्मीद की जाती है कि वे आएंगे और विकेट लेंगे। लेकिन, उनकी विकेट लेने की क्षमता गायब है। वे संघर्ष कर रहे हैं। आरसीबी की कप्तानी के साथ-साथ पंजाब किंग्स के हेड कोच रह चुके कुंबले ने कहा, 'शुभमन गिल की कप्तानी वाली जीटी को अब शांत रहने और ध्यान केंद्रित रखने की जरूरत है।




## आरसीबी को शीर्ष दो की होड़ में बने रहने के लिए लखनऊ से आखिरी मैच जीतना ही होगा



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 26 मई (देशबन्धु)। अपने पिछले मैच में विराट कोहली (43 रन, 25 गेद,एक छक्का, सात चौके) और फिल साल्ट (62 रन, 32 गेंद, पांच छक्के, चार चौके) की सात ओवर में 80 रन की तूफानी शुरुआत के बाद राह भटक सनराइजर्स हैदराबाद से लखनऊ में 42 रन से हारने वाली प्ले ऑफ के लिए पहले ही क्वॉलिफाई कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 13 मैचों से 2025 आईपीएल में 17 अंक पर अटक गई। आरसीबी के लिए शीर्ष दो में पहुंचने के लिए अब प्ले ऑफ की होड़ से बाहर चुकी लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) से मौजूदा संस्करण के आखिरी लीग मैच में लखनऊ में मंगलवार को अपना 14वां आखिरी लीग मैच हर हाल में जीतना होगा। मिचेल मार्श के तूफानी शतक और निकोलस पूरन के अर्द्धशतक तथा न्यूजीलैड के तेज गेंदबाज विल ओ' रुक के चटकाए तीन तथा आवेश खान और ऑफ स्पिनर आयुष बड़ोनी के दो दो विकेट की बदौलत लगातार चार मैच हारने वाली सातवें स्थान पर लखनऊ सुपर जायंटस ने सबसे पहले प्ले ऑफ में पहुंचने वाली गुजरात टाइटंस को 33 रन से हराया था। सबसे पहले प्ले ऑफ के लिए क्वॉलिफाई करने वाली तीनों टीमों -गुजरात टाइटंस (14 मैच, 18 अंक) अपने पिछले लगातार दो तथा आरसीबी और पंजाब किंग्स अपना अपना 13 वां मैच हार गई और इससे एकबारगी शीर्ष दो की लड़ाई फिर दिलचस्प हो गई।



आरसीबी के लिए अच्छी खबर है कि उसके लिए दस मैचों में सबसे ज्यादा 18 विकेट चटकाने वाले कंधे की चोट के चलते सरहद पर पाकिस्तान की आतंकी गतिविधि के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के चलते आईपीएल के एक हफ्ते के लिए स्थगित होने पर ऑस्ट्रेलिया लौटने के बाद अब वापस उससे जुड़ गए हैं। बेशक आरसीबी की बल्लेबाजी मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा सात अर्द्धशतक जड़ने वाले विराट कोहली और उनके सलामी जोड़ीदार फिल साल्ट पर निर्भर करेगी। अभी हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके विराट कोहली ने मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा सात अर्द्धशतक सहित आरसीबी के लिए 548 रन और उनके सलामी जोड़ीर फिल साल्ट ने दस मैचों में तीन अर्द्धशतक सहित 301 रन बनाए हैं। वहीं आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने दो अर्द्धशतक सहित 257 रन, टिम डेविड ने 12 मैचो में एक अर्द्धशतक सहित 187 रन, क्रुणाल पांडया ने एक अर्द्धशतक सहित 105 रन बनाए हैं। विराट कोहली खासतौर पर लखनऊ सुपर जायंटस के बाएं हाथ के स्पिनर क्र्णाल पांडया और मिस्ट्री स्पिनर दिग्वेश राठी से चौकस रहना होगा। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए बाएं हाथ के स्पिनर कुणाल पांडया ने 12 मैचों में 15 विकेट, लेग स्पिनर दिग्वेश राठी ने 12 मैचों में 14 और इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में पांच टेस्ट की सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुने गए अपने कप्तान ऋषभ पंत के साथ 18 सदस्यीय टीम में चुने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने 10 मैचों से 13 विकेट, तेज गेंदबाज आवेश खान ने 12 मैचों में 12 विकट , लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने 11 मेचों में 9 विकेट, आकाशदीप ने 6 मेचो मे तीन विकेट चटकाए हैं। भारत की टेस्ट टीम में वापस स्थान पाकर बेशक शार्दूल ठाकुर और आकाशदीप जरूर बड़े जिगरे से गेंदबाजी कर खासतौर पर आरसीबी के शीर्ष क्रम में विराट कोहली और साल्ट को सस्ते में आउट कर उसका शीर्ष दो पहुंचने का सपना तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### प्लेऑफ से पहले आरसीबी की टीम से जुड़े ब्लेसिंग मुजरबानी

नई दिल्ली। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी आईपीएल 2025 प्लेऑफ मुकाबलों से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम का हिस्सा बन चुके हैं। मुजरबानी को आरसीबी ने लुंगी एनगिडी के अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में साइन किया था। एनगिडी दक्षिण अफ्रीकी पेसर हैं जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले अपनी तैयारियों के लिए प्रोटियाज टीम में शामिल होने के लिए रवाना होंगे। जिम्बाब्वे के मुजरबानी को आरसीबी ने 75 लाख रुपये में साइन किया है। मुजरबानी शनिवार को ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ जिम्बाब्वे के ऐतिहासिक टेस्ट का हिस्सा थे, जिसे मेहमान टीम ने एक पारी और 75 रन से गंवा दिया था। इस मैच में मुजरबानी 3-143 के आंकड़ों के साथ टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। 28 वर्षीय यह खिलाड़ी मंगलवार को लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आरसीबी के अंतिम लीग चरण के खेल के लिए उपलब्ध रहेगा। उन्होंने अब तक जिम्बाब्वे के लिए 70 टी20 मैच खेले हैं और 78 विकेट लिए हैं।

### जूनियर शूटिंग विश्व कप

## तेजस्विनी के 25 मीटर पिस्टल गोल्ड ने भारत को टॉप स्थान दिलाया

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। भारत की तेजस्विनी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व कप के अंतिम दिन स्वर्ण पदक जीत लिया। यह प्रतियोगिता जर्मनी के सुहल शहर में हुई थी। तेजस्विनी की इस जीत की बदौलत भारत पदक तालिका में चीन जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर रहा।



■ 20 वर्षीय तेजस्विनी का यह पहला व्यक्तिगत विश्व कप पदक

हरियाणा की 20 वर्षीय तेजस्विनी का यह पहला व्यक्तिगत विश्व कप पदक है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल 11 पदक जीते - 3 स्वर्ण, 4 रजत और 4 कांस्य। चीन ने भी 3 स्वर्ण पदक जीते, लेकिन उनके पास भारत से केवल एक अतिरिक्त कांस्य पदक था। फाइनल में तेजस्विनी ने कुल 31 अंक हासिल किए। दूसरे स्थान पर रही एलिना नेस्टियारोविच ने रजत और हंगरी की 23 वर्षीय मिरियम जाको ने कांस्य पदक जीता।

तेजस्विनी का यह यादगार प्रयास था, जिन्होंने दिन की शुरुआत ग्रिड पर 24वें स्थान से की, जबकि क्वालिफिकेशन के पहले दिन संभावित 300 में से 282 अंक प्राप्त किए थे। आज दूसरे रैपिड-फायर राउंड में उन्होंने 293 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे उनका कुल स्कोर 575 रहा। 50 खिलाड़ियों की सूची में वे टॉप 8 में जगह बनाने वाली अकेली भारतीय रहीं। रिया शिरीष थत्ते, जो पहले दिन सबसे आगे थीं, उन्होंने आखिरी रैपिड-फायर राउंड में 92 अंक बनाए और कुल 569 अंकों के साथ सिर्फ 4 अंकों से फाइनल में जगह नहीं बना पाई। जबकि दो बार की जूनियर यूरोपीय चैंपियन मिरियम ने आठवां स्थान हासिल किया। फाइनल में जब 10 राउंड की रैपिड-फायर शूटिंग शुरू हुई, तो तेजस्विनी ने लगातार दो बार चार अंक बनाकर अच्छी शुरुआत की। उनके साथ चीनी खिलाड़ी झाओ ताओताओ भी अच्छा कर रही थीं, लेकिन पांचवें राउंड में तेजस्विनी ने फिर चार अंक बनाए जबकि झाओ सिर्फ एक ही अंक बना सकीं, जिससे उनका मुकाबला वहीं खत्म हो गया। इसके बाद भी तेजस्विनी ने बहुत शांति और सटीकता से हर चुनौती को पीछे छोड़ते हुए जीत हासिल की।

### पीकेएल 12 की नीलामी से पहले सुनील कुमार ने कहा

## 'टीम को अनुभवी और युवा दोनों खिलाड़ियों की जरूरत'

मुंबई, 26 मई (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के लिए 31 मई और 1 जून को नीलामी होने जा रही है। यू मुंबा के कप्तान सुनील कुमार इसके लिए तैयार हैं और उनका मानना है कि यह अब तक की सबसे प्रतियोगी नीलामी में एक होगी, जिसमें जबरदस्त बीडिंग वॉर देखने के लिए मिलेगा।

अनुभवी डिफेंडर ने सात साल के सूखे बाद सीजन 11 में अपनी टीम को प्लेऑफ के लिए पहुंचाया था। उनको उम्मीद है कि आने वाली सीजन में उनके पास एक मजबूत टीम होगी। कुमार टीम की तैयारी की रणनीति पर विचार करते हुए कहते हैं, 'मैं नीलामी को लेकर आशान्वित हूं। टीम प्रबंधन ने एक योजना बनाई है, और हम उससे आगे बढ़ेंगे। हमें उम्मीद है कि हमें एक अच्छी टीम मिलेगी।'

सीजन 11 में यू मुंबा का फिर से उभार शानदार रहा। फ्रेंचाइजी ने 2019 के बाद से अपना पहला प्लेऑफ बर्थ सुरक्षित किया, 12 गेम जीते जो सीजन 7 के बाद से उनका सबसे ज़्यादा रहा। यू मुंबा की टीम का बाद के चरणों तक का सफर अनुभवी नेतृत्व और उभरती हुई प्रतिभा की नींव पर बना था। सुनील कुमार इस फ़ॉर्मूले को आगामी नीलामी में महत्वपूर्ण मानते हैं।



■ 12वें सीजन के लिए 31 मई और 1 जून को नीलामी होने जा रही

कुमार ने बताया, 'अगर आप एक अच्छी टीम बनाना चाहते हैं, तो आपको अनुभवी और युवा दोनों खिलाड़ियों की जरूरत है। अनुभवी खिलाड़ी अपने ज्ञान से टीम को आगे बढ़ने में मदद करते हैं, जबकि युवा खिलाड़ी खेल के प्रति अपने जुनून और फिटनेस के साथ आते हैं। जब दोनों चीजें तालमेल के साथ काम करती हैं, तो टीम आगे बढ़ती है।'

## टूर्नामेंट का पहला संस्करण 7 से 20 जून तक राजकोट में खेला जाएगा

राजकोट, 26 मई (एजेंसियां)। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) ने 'सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग' (एसपीटीएल) की शुरुआत की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह एक फ्रेंचाइजी आधारित टी20 टूर्नामेंट होगा, जिसका मकसद सौराष्ट्र क्षेत्र के बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ियों को एक मंच देना है। इस टूर्नामेंट का पहला संस्करण 7 जून से 20 जून तक राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जाएगा।



■ इस टूर्नामेंट में पांच टीमें हिस्सा लेंगी

■ खिलाड़ियों का चयन आज 'प्लेयर्स ड्राफ्ट' के जरिए किया जाएगा

सौराष्ट्र प्रो टी-20 लीग

इसकी घोषणा सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। एससीए के अध्यक्ष जयदेव शाह ने इस अवसर पर टूर्नामेंट की जानकारी दी। उनके साथ एससीए के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे -सचिव हिमांशु शाह, कोषाध्यक्ष श्याम रायचूरा, संयुक्त सचिव करण शाह और एसपीटीएल के चेयरमैन जयवीर शाह।

इस टूर्नामेंट में पांच टीमें हिस्सा लेंगी: अनमोल किंग्स हालार, आर्यन सौरठ लायंस, डिटा गोहिलवाड़ टाइटंस, झालावाड़ स्ट्राइकर्स, जेएमडी कच्छ राइडर्स टीमों के खिलाड़ियों का चयन 27 मई को 'प्लेयर्स ड्राफ्ट' के जरिए किया जाएगा, जिसमें लगभग 125 खिलाड़ी तीन श्रेणियों में शामिल होंगे।

कोच और सपोर्ट स्टाफ सभी एससीए से ही चुने जाएंगे। इसके अलावा कुछ राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय पूर्व खिलाड़ी मेंटर की भूमिका में हो सकते हैं। एससीए ने इस टूर्नामेंट के संचालन के लिए 'अरिवा स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' के साथ साझेदारी की है, जो पहले बंगाल प्रो टी20 लीग का प्रबंधन कर चुकी है। एससीए का उद्देश्य इस लीग के माध्यम से क्षेत्र में पेशेवर क्रिकेट को बढ़ावा देना है, जिससे नए खिलाड़ी आगे चलकर आईपीएल या भारतीय टीम तक पहुंच बना सकें।

**ये टीमें हिस्सा लेंगी**

- ❖ अनमोल किंग्स हालार
- ❖ आर्यन सौरठ लायंस
- ❖ डिटा गोहिलवाड़ टाइटंस
- ❖ झालावाड़ स्ट्राइकर्स
- ❖ जेएमडी कच्छ राइडर्स

### सार संक्षेप

#### धोनी के अंदर अभी भी जोश और फिर से खिताब जीतने की चाहत बाकी: रॉबिन उथप्पा

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज एमएस धोनी अब भी टीम के लिए खेलना चाहते हैं। उनके अंदर अभी भी एक और खिताब जीतने की चाह बाकी है। हालांकि सीएसके ने आईपीएल 2025 का अंत अपने आखिरी लीग मैच में शानदार जीत के साथ किया, लेकिन 43 वर्षीय धोनी इस सीजन में पहले जैसी फॉर्म में नजर नहीं आए। उन्होंने 14 मैचों में 24.50 की औसत से 196 रन बनाए। 135.17 के उनके स्ट्राइक रेट ने पिछले सीजन में उनके द्वारा दर्ज किए गए 220.55 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से काफी गिरावट दर्ज की। उथप्पा ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 'सब कुछ इस पर निर्भर करता है कि धोनी का शरीर कैसा महसूस करता है। आपको यह समझना होगा कि वह वास्तव में खेलना चाहते हैं - उनमें अभी भी जोश है। उन्होंने मैच के बाद जो बातें कहीं, उनसे साफ है कि वे अब भी मैदान पर उतरना और खिताब जीतना चाहते हैं। अब वे अपने शरीर पर मेहनत करेंगे ताकि अगली आईपीएल के लिए तैयार हो सकें। अगर शरीर साथ नहीं देगा, तो वे मिनी ऑक्शन से पहले संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। नहीं तो सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट के जरिए इशारा मिलेगा।'

#### हर्ष दुबे चालाक गेंदबाज, उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं : डेनियल विटोरी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ की रेस से बाहर सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने अपने अंतिम लीग मैच में जीत हासिल कर टूर्नामेंट के सफर का शानदार अंत किया। इस मैच में ऑलराउंडर हर्ष दुबे के प्रदर्शन से मुख्य कोच डेनियल विटोरी काफी प्रभावित हुए। न्यूजीलैंड के इस पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ने युवा खिलाड़ी को 'बहुत ही चालाक गेंदबाज' बताया। अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स पर हैदराबाद ने 110 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। जिसमें दुबे ने अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को आउट किया और अपने चार ओवरों में उन्होंने 34 रन देकर तीन विकेट लिए।

## ओलंपिक का कभी सपना नहीं देखा था, बस परिवार की मदद के लिए नौकरी करना चाहती थी : पैरालिंपियन सिमरन

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। पैरालिंपियन सिमरन शर्मा ने विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने तक की अपनी चुनौतीपूर्ण यात्रा के बारे में बताया। सिमरन का जन्म समय से पहले हुआ था। किसी ने उनसे जीवन में इतना आगे निकलने की अपेक्षा नहीं की थी। सिमरन ने अपनी लड़ाई के बारे में बताया जिसमें धैर्य और दृढ़ संकल्प की झलक मिलती है। ट्रैक पर उनका सफर आम नहीं था, हर कदम पर चुनौतियों से भरा था, जो उनके जन्म से ही शुरू हो गई थी।

सिमरन ने गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन की पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट में याद किया, 'डॉक्टरों ने कहा कि मैं बच नहीं पाऊंगी, और तब कोई भी बहुत परेशान नहीं था। यह समय से पहले की बात थी, और मैं एक लड़की थी। लेकिन मेरे पिता ने मुझे जीवित रखने का फैसला किया। मैं मशीनों के बिना जीवित रही, लेकिन कई समस्याओं के साथ। मेरी आंखें कमजोर थी, कमजोर मांसपेशियों और शरीर के साथ मैं बड़ी हुई। मैंने कभी ओलंपिक के बारे में सपना भी नहीं देखा था। बस अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए एक छोटी सी नौकरी की उम्मीद थी।' लेकिन शादी के बाद सब कुछ बदल गया। उनके पति और कोच गजेंद्र सिंह ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। 2024 पेरिस पैरालिंपिक कांस्य पदक विजेता ने बताया, 'उन्होंने मुझे कभी घर का काम नहीं करने दिया। उन्होंने कहा कि बस अच्छा खाना खाओ और ट्रेनिंग करो। उन्होंने सुनिश्चित किया कि मैं घूंघट न पहनूं, हमारे गांव की बाकी महिलाओं पर जिस तरह के प्रतिबंध थोपे जाते रहे हैं, वह मैं खुद पर लागू न करूं। उनका एक ही लक्ष्य था - ओलंपिक'



मैंने कभी ओलंपिक के बारे में सपना भी नहीं देखा था। बस अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए एक छोटी सी नौकरी की उम्मीद थी।' लेकिन शादी के बाद सब कुछ बदल गया। उनके पति और कोच गजेंद्र सिंह ने उनकी प्रतिभा को पहचाना: सिमरन

सेना के जवान गजेंद्र ने याद किया, 'ऐसे दिन भी थे जब मैंने उसे इतनी कड़ी ट्रेनिंग दी कि वह जमीन पर उल्टी कर देती थी। मेरी मां ने उसे एक बार देखा और मुझसे पूछा, 'क्या तुम उसे मारने की कोशिश कर रहे हो?' लेकिन मुझे पता था कि उसे उस स्तर तक पहुंचने के लिए क्या चाहिए। मैं रसोई में घंटों बिताता था, उसके आहार पर काम करता था और मैदान पर उसे व्यवस्थित तरीके से ट्रेनिंग देता था।' शारीरिक कठिनाइयों के साथ-साथ मानसिक संघर्ष भी कम नहीं थे। 2019 की वर्ल्ड चैंपियनशिप के समय सिमरन के पिता वेंटिलेटर पर थे और उनके पति कर्ज में डूबे हुए थे, क्योंकि उन्होंने सारा पैसा सिमरन की ट्रेनिंग में लगा दिया था।

सिमरन ने बताया, 'पापा की एक दवा 150 रुपए की थी, और हमारे पास पैसे नहीं थे। लोग मेरे पति को दोष देते थे कि वह मेरा साथ क्यों दे रहा है। मैं टूट गई थी। लगा कि शायद अगर मैं ही नहीं रहूं, तो सारी परेशानियां भी खत्म हो जाएँगी। मैंने आत्महत्या की कोशिश की।' लेकिन एक बार फिर उनके पति ने उन्हें संभाला।

## पंजाब किंग्स को करना होगा अपनी डेथ बॉलिंग पर काम : मांजरेकर

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एक अहम मुकाबले से पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को अपनी डेथ ओवर की गेंदबाजी पर खास ध्यान देना होगा। पंजाब किंग्स 11 साल बाद आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची है और अगर सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में वे मुंबई इंडियंस को हरा देते हैं, तो वे अंकतालिका में टॉप-2 में जगह बनाने वाली पहली टीम बन जाएँगे। हालांकि, टीम पिछला मैच दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार गई, जहां वे 206 रन का स्कोर भी नहीं बचा पाए।



■ आईपीएल 2025: मांजरेकर ने कहा, पंजाब किंग्स को करना होगा अपनी डेथ बॉलिंग पर काम

टीम की चिंता इस बात को लेकर भी है कि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल चोट के कारण टीम से बाहर हैं। पंजाब किंग्स की बल्लेबाज़ी तो अच्छी लग रही है, लेकिन गेंदबाजी अभी भी चिंता का विषय है।' मांजरेकर ने जियोहॉटस्टार पर कहा, 'उम्मीद है चहल जल्दी फिट हो जाएँ। जब आप उमरजई से 18वां ओवर और स्टॉइनिस से 20वां ओवर करवा रहे हैं, तो करीबी मैचों में हार की संभावना बढ़ जाती है। यही वह पहलू है जिस पर टीम को मेहनत करनी होगी।'

शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चहल की गैरमौजूदगी में, बाएं हाथ के युवा स्पिनर हरप्रीत बरार ने दो विकेट लिए (2/41), लेकिन वह जीत दिलाने के लिए काफी नहीं थे। इस सीजन में अब तक बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 13 मैचों में 8.70 की इकॉनमी रेट से सबसे ज्यादा 16 विकेट लिए हैं। चहल और मार्को यान्सन के नाम 14-14 विकेट हैं, जबकि बरार ने अब तक 9 विकेट लिए हैं। दिल्ली से हार के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने माना कि उनकी टीम ने जरूरत से ज्यादा बाउंसर गेंदें फेंकी और अपनी योजना ठीक से लागू नहीं कर पाई।

## प्रो लीग के जरिए भारत के पास विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका : हार्दिक सिंह

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष वर्ग) के यूरोपीय चरण की शुरुआत करते हुए भारतीय टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मजबूती से बनी हुई है। टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतकर खत्म करना बहुत जरूरी है।

हार्दिक ने कहा, 'हमने टीम में इस पर बात की है और सब मानते हैं कि अगर हम अपनी योजना पर टिके रहें, ज़्यादा से ज़्यादा अंक जुटाएं, और मैच जीतने की कोशिश करें, यहां तक कि ड्रॉ और शूटआउट से भी अंक लें तो हमारे पास प्रो लीग के माध्यम से वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने का शानदार मौका है।' उन्होंने आगे समझाया, 'बेल्जियम (वर्तमान में नंबर 2 रैंक) और नीदरलैंड्स (भारत से एक रैंक पीछे नंबर 4 पर) 2026 के पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप की सह-मेजबानी कर रहे हैं, इसलिए वे सीधे क्वालीफाई कर चुके हैं। अब मुख्य मुकाबला इंग्लैंड, जर्मनी और स्पेन से है। इसके अलावा अर्जेंटीना के खिलाफ हमारे मैच भी बहुत अहम होंगे। यह हमारे लिए एक अच्छा अवसर है और अगर हम जल्दी क्वालीफाई कर लें, तो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए हमारे पास ज्यादा समय रहेगा।' फिलहाल ऑस्ट्रेलिया पिछले संस्करण की विजेता होने के कारण वर्ल्ड कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है। ऑस्ट्रेलिया प्रो लीग में छठे नंबर पर है। बेल्जियम और नीदरलैंड्स मेजबान होने के नाते पहले से क्वालीफाई हैं। जर्मनी, जो इस समय पांचवें स्थान पर है, उसके अभी छह मैच बचे हैं, और वह भारत की राह में चुनौती बन सकता है।



इस बीच, भारतीय टीम ने बेंगलुरु के साई सेंटर में पिछले तीन हफ्तों में कड़ी मेहनत की है। अभ्यास सत्रों से साफ है कि खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तैयारी कर रहे हैं। हार्दिक मुस्कराते हुए कहते हैं, 'हमारे अभ्यास सत्र काफी कठोर रहे हैं। फिटनेस और ताकत को लेकर हमने काफी मेहनत की है। कोच और हमारे वैज्ञानिक सलाहकार एलेन ने हमें पूरी तरह पसीना बहाने पर मजबूर किया। हम लगातार मैच खेलने वाले हैं, हमारे पास आराम के लिए ज़्यादा समय नहीं होगा। जो थोड़ा-बहुत समय मिलेगा, उसमें हमें एक देश से दूसरे देश की यात्रा करनी है।'

भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत 7 और 9 जून को नीदरलैंड के खिलाफ लगातार दो मैचों के साथ करेगा, उसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में अर्जेंटीना के खिलाफ डबल-हेडर होगा। फिर टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से एंटवर्प में खेलेगी और अंत में 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ अपने मैच खेलेगी।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 14 | 9 | 5 | 18 | +0.254 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 13 | 8 | 4 | 17 | +0.327 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 | +0.255 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 13 | 8 | 5 | 16 | +1.292 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 14 | 7 | 6 | 15 | - 0. 011 |
| 6- | सनराइजर्स हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 | -0.241 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 13 | 6 | 7 | 12 | - 0-337 |
| 8- | कोलकाता नाइट राइडर | 14 | 5 | 7 | 12 | +0.305 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.549 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.647 |